दैनिक
डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज बिहार से प्रकाशित संपूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तरप्रदेश में प्रसारित!
Digital Daily News Paper R.N.I. 68041/93 सूचना प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार

# लोकतंत्र की आवाज



● नवादा से प्रकाशित ● नवादा, मंगलवार 24 फरवरी 2026 ● वर्ष : 04 अंक : 984

## संक्षिप्त खबरें ।

### जम्मू-कश्मीर: जैश के 7 आतंकियों की टोली, 326 दिन चला ऑपरेशन, सेना ने देश के दुश्मनों को ऐसे लगाया ठिकाने



**लोक तंत्र की आवाज़**

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के चतरू इलाके में सुरक्षाबलों ने एक बड़ी सफलता हासिल की है. भारतीय सेना के 'व्हाइट नाइट कॉर्प्स' ने सोमवार को जानकारी दी कि पिछले 326 दिनों से ऊंचाई वाले कठिन क्षेत्रों में चल रहे लगातार संयुक्त ऑपरेशन में सात खूंखार आतंकवादियों को मार गिराया गया है. सेना के अनुसार, यह ऑपरेशन बेहद चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में चलाया गया. किश्तवाड़ के ऊंचाई वाले इलाकों में कड़ाके की ठंड, बारिश और जमा देने वाले मौसम के बावजूद सुरक्षाबलों ने हार नहीं मानी. सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और CRPF ने मिलकर एक मजबूत इंटेलिजेंस ग्रिड के आधार पर इन आतंकियों का पीछा किया और अंततः चतरू में सभी सात आतंकियों का सफाया कर दिया। सेना ने बताया कि यह ऑपरेशन लगातार 326 दिनों तक चला. मारे गए आतंकी पाकिस्तानी आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े थे. सुरक्षाबलों ने जैश कमांडर सैफुल्लाह और उसके साथियों को मार गिराया. इस ऑपरेशन में FPV ड्रोन, सैटेलाइट इमेजरी, और RPA/UAV जैसी एडवांस टेक्नोलॉजी तकनीक का भरपूर इस्तेमाल किया गया।

**भागते रहे आतंकी, नहीं मिली पनाह :** पिछले एक साल के दौरान चतरू के घने जंगलों में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच एक दर्जन से अधिक एनकाउंटर हुए. संयुक्त बलों के दबाव के कारण आतंकी लगातार अपनी लोकेशन बदलते रहे. वे किश्तवाड़ से लेकर डोडा, कठुआ और उधमपुर जिलों के बीच भागते रहे, लेकिन सुरक्षाबलों ने उनका पीछा नहीं छोड़ा. अंततः, सैफुल्लाह और उसकी टीम को सुरक्षाबलों ने घेर कर खत्म कर दिया. व्हाइट नाइट कॉर्प्स ने बताया, "हमारी सेना और खुफिया एजेंसियों के साहस और संकल्प के सामने कुछ भी नहीं टिक सकता. यह आतंकी नेटवर्क के लिए एक करारा प्रहार है। हाल ही में 7 फरवरी को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू में एक उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की थी. उन्होंने सुरक्षाबलों को पहाड़ी इलाकों में छिपे आतंकियों को खत्म करने के लिए 'मिशन मोड' में काम करने और घुसपैठ को बिल्कुल खत्म करने के निर्देश दिए थे।

# लेफ्ट Vs राइटः JNU में मिडनाइट 'फाइट', वीसी के खिलाफ मार्च से शुरू हुआ विवाद, जानिए कैसे हिंसा में बदल गया विश्वविद्यालय

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नईदिल्ली।** दिल्ली का जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (JNU) एक बार फिर वैचारिक टकराव का मैदान बन गया. रविवार की आधी रात कैंपस उस समय अफरा-तफरी में बदल गया जब दो छात्र संगठनों लेफ्ट और ABVP के बीच जोरदार झड़प हुई. विवाद इतना बढ़ा कि कैंपस के कई हिस्सों में मारपीट, पथराव और भगदड़ मच गई. देर रात की ये घटना एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर गई है कि देश की प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी में आखिर क्यों बार-बार वैचारिक लड़ाई हिंसा की शक्ल ले लेती है।

घटना की शुरुआत रविवार को हुए एक मार्च से बताई जा रही है. JNU के कुलपति पर कथित जातिवादी टिप्पणियों के विरोध में लेफ्ट छात्र संगठनों ने "समानता मार्च" निकाला था. इस मार्च में छात्रों ने वीसी के इस्तीफे की मांग की. लेफ्ट संगठनों का आरोप है कि इसी दौरान ABVP के कार्यकर्ताओं ने उनका रास्ता रोकने की कोशिश की, जिसके चलते तनाव बढ़ा और फिर बात हाथापाई तक पहुंच गई. वहीं ABVP का दावा है कि हमला लेफ्ट संगठनों ने किया और उनके शांतिपूर्वक पढ़ाई कर रहे छात्रों को टारगेट बनाया गया।



### सत्ता के मद में चूर ABVP ने पथराव किया

दूसरी ओर, लेफ्ट छात्र संगठन इन आरोपों से इनकार कर रहे हैं ।ओर उनका कहना है कि उनकी यात्रा शांतिपूर्ण थी, लेकिन ABVP के छात्रों ने जानबूझकर तनाव बढ़ाया और उन पर पथराव कर हंगामा खड़ा किया. लेफ्ट गुटों ने कहा कि वे सिर्फ VC की कथित टिप्पणियों के विरोध में मार्च निकाल रहे थे, और ABVP ने उन पर बेवजह हमला किया। ABVP जेएनयू यूनिट के वाइस प्रेसिडेंट मनीष चौधरी का आरोप है कि लेफ्ट संगठनों ने कैंपस में कई जगह ताले लगाए और क्लास में जा रहे छात्रों को धमकाया. मनीष के मुताबिक प्रदर्शन की औपचारिक सूचना प्रशासन को 48 घंटे पहले नहीं दी गई थी, इसलिए यह मार्च नियमों के खिलाफ था।

**घटना की शुरुआत कैसे हुई? :** रात करीब 1:30 बजे स्थिति पूरी तरह बेकाबू हो गई. पथराव हुआ, डंडे चले और कई छात्र घायल हुए. ABVP मीडिया संयोजक विजय जायसवाल गंभीर रूप से घायल बताए गए. उनका कहना है कि लेफ्ट गुट के 300–400 नकाबपोश लोग कैंपस में घुसे और स्कूल एरिया, लाइब्रेरी व स्टडी रूम में मौजूद छात्रों पर हमला किया. कुछ छात्रों को सुरक्षा के लिए खुद को कमरे और बाथरूम में बंद करना पड़ा।

**ABVP ने सुनियोजित हिंसा का लगाया आरोप :** ABVP ने सोशल मीडिया पर कई पोस्ट करते हुए कहा कि यह "छात्र राजनीति नहीं बल्कि सुनियोजित हिंसा" थी. उनका आरोप है कि लेफ्ट गुटों ने विचारधारा से असहमत छात्रों को निशाना बनाया. ABVP के एक घायल छात्र प्रतीक भारद्वाज ने बताया कि खुद को बचाने के लिए वह एक बाथरूम में छिप गए, लेकिन कथित तौर पर 150 लोगों का समूह वहां पहुंचा और उन्होंने दरवाजा तोड़ने की कोशिश की. हमलावरों ने फायर एक्सटिंग्विशर का धुआं बाथरूम में भर दिया. प्रतीक ने बताया कि पुलिस और JNU सिक्योरिटी समय पर नहीं पहुंची और बाद में उनके साथियों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया।

**घायल छात्रों को सफदरजंग अस्पताल में भर्ती करवाया गया :** झड़प में शामिल कई छात्रों को सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया और कुछ को वहीं प्राथमिक उपचार दिया गया. कैंपस में देर रात तक तनाव रहा, हालांकि सुबह होते-होते स्थिति सामान्य करने की कोशिशें जारी रहीं. JNU में वैचारिक मतभेद नई बात नहीं है, लेकिन हाल के वर्षों में ये टकराव लगातार हिंसा में बदलते दिख रहे हैं. हर घटना के बाद दूसरे पक्ष पर आरोप लगते हैं, पुलिस की भूमिका पर सवाल उठते हैं और प्रशासन पर कार्रवाई न करने का आरोप लगता है. इस बार भी वही हुआ।

# बॉम्बे हाईकोर्ट से अनिल अंबानी को झटका, बैंकों को कार्रवाई की इजाजत दी



**लोक तंत्र की आवाज़**

**मुंबई।** उद्योगपति अनिल अंबानी को बॉम्बे हाई कोर्ट से सोमवार झटका लगा. अदालत ने वह स्टे आदेश हटा दिया, जिसने बैंकों को उनके खिलाफ कार्रवाई करने से रोक रखा था. कोर्ट की डिवीजन बेंच ने सिंगल जज की उस अंतरिम राहत को रद्द कर दिया, जिसमें तीन बैंकों, बैंक ऑफ बड़ौदा, इंडियन ओवरसीज बैंक और IDBI बैंक तथा ऑडिटर BDO इंडिया LLP को कार्रवाई से रोका गया था।

यह पूरा मामला RBI की 2024 मास्टर डायरेक्शंस ऑन फ्रॉड क्लासिफिकेशन से जुड़ा है. सिंगल जज ने दिसंबर 2025 में अनिल अंबानी को राहत देते हुए कहा था कि फोरेंसिक ऑडिट रिपोर्ट को तैयार करने वाले BDO LLP का साइनटरी चार्टर्ड अकाउंटेंट नहीं है, इसलिए कार्रवाई रोक दी जाए।

तीनों बैंकों ने इस आदेश के खिलाफ अपील दायर की थी. बैंकों का कहना था कि फोरेंसिक ऑडिट वैध है, रिपोर्ट में फंड के गलत इस्तेमाल की बात है. बैंकों ने दलील दी कि सिंगल जज का आदेश "ग़लत और परवर्स" है।

डिवीजन बेंच ने अपील स्वीकार करते हुए कहा कि निचली अदालत का आदेश कानूनी रूप से सही नहीं था. कोर्ट ने आदेश को "illegal and perverse" तक बताया और कहा कि अब बैंकों को आगे की कार्रवाई से रोका नहीं जा सकता।

अनिल अंबानी की ओर से हाई कोर्ट से इस फैसले पर स्टे की मांग की गई ताकि वे सुप्रीम कोर्ट जा सकें, लेकिन बेंच ने यह अनुरोध ठुकरा दिया. इसके साथ ही बैंकों को अब अनिल अंबानी के खातों को 'फ्रॉड' घोषित करने से जुड़ी प्रक्रिया फिर शुरू करने का रास्ता साफ हो गया है।

# बांग्लादेश से चल रहा था लश्कर मॉड्यूल: शाहीन बाग तक आया हैंडलर शब्बीर लोन

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नईदिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने रविवार को लश्कर-ए-तैयबा (LeT) के बड़े मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है. इस केस में सबसे ज्यादा चर्चा में है शब्बीर अहमद लोन, जो बांग्लादेश में बैठकर पूरे नेटवर्क को संभाल रहा था. लोन एक ट्रेनिंग प्राप्त लश्कर आतंकवादी है और मॉड्यूल को वहीं से ऑपरेट कर रहा था. अब सूत्रों ने NDTV को बताया है कि लोन अक्सर भारत आता था-दिल्ली सहित कई शहरों में अपने संपर्कों से मिलने और बांग्लादेशी नागरिकों की भर्ती करने के लिए. उसका मुख्य काम था भारत में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों को जोड़ना और उन्हें कट्टरपंथी बनाना।



सूत्रों का कहना है कि दिल्ली में उसका आखिरी पता शाहीन बाग था. स्पेशल सेल अब उसकी लोकल मदद और नेटवर्क की जांच कर रही है. कल पुलिस ने इस मॉड्यूल को तोड़ने की घोषणा की और कुल 8 लोगों को गिरफ्तार किया, जिसमें 7 बांग्लादेशी नागरिक शामिल हैं. गिरफ्तारियां पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में की गई छापेमारी के बाद हुईं. जांच में पता चला कि यही लोग दिल्ली में कई जगहों पर प्रो-पाकिस्तान और आतंक समर्थक पोस्टर लगा रहे थे, जिनमें आतंकवादी बुरहान वानी की तस्वीरें भी शामिल थीं।

**लश्कर मॉड्यूल को लंबे समय से ट्रैक कर रही थी स्पेशल सेल :** 8 फरवरी को CISF के एक अधिकारी ने सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन पर ऐसे पोस्टर मिलने की शिकायत की थी. बाद में दिल्ली के अन्य इलाकों में भी ऐसे पोस्टर मिले. स्पेशल सेल पहले से ही बांग्लादेशी लिंक वाले लश्कर मॉड्यूल को ट्रैक कर रही थी. इसके बाद इंटेलिजेंस और टेक्निकल सर्विलांस बढ़ा दिया गया. 15 फरवरी को पहली गिरफ्तारी हुई. मालदा (WB) के उमर फारूक और बांग्लादेशी मूल के रोबिउल इस्लाम को पकड़ा गया। पूछताछ में पता चला कि फारूक की मुलाकात मार्च 2025 में लोन से हुई थी. लोन ने उसे अपने नेटवर्क में शामिल कर भारत में ऑपरेशन संभालने की जिम्मेदारी दी।

# पटना में डबल मर्डर से सनसनी सगे भाईयों को शादी समारोह में सरेआम मारी गोली, जमीन विवाद में गोलीबारी की आशंका

**लोकतंत्र की आवाज**

**संवाददाता विनोद प्रसाद**

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना से बड़ी खबर सामने आई है। मिली जानकारी के अनुसार, गोपालपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव में रविवार की रात एक शादी समारोह में दो युवकों की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। दोनों ही युवक सगे भाई थे। बताया जा रहा है कि रिसेप्शन पार्टी के दौरान इन दोनों के ऊपर ताबड़तोड़ गोलियां चलाई गई। इस घटना के बाद इलाके में सनसनी फैली हुई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।



बताया यह जा रहा है कि इन दोनों के ही ऊपर लगभग 20 राउंड फायरिंग की गई। मिली जानकारी के अनुसार, रिसेप्शन पार्टी से बाहर आने के दौरान ही पहले से ही घात लगाए अपराधियों ने मनीष कुमार और मनजीत कुमार के ऊपर ताबड़तोड़ फायरिंग करनी शुरू कर दी। दोनों मृतक राज किशोर राय के पुत्र बताए जा रहे हैं। तीन भाइयों में मनीष सबसे बड़ा और मनजीत सबसे छोटा था. यह दोनों भाई प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते थे। बताया जा रहा है कि पार्टी के दौरान ही दोनों भाइयों की आरोपियों से किसी बात को लेकर के बहस हुई थी और उसके बाद सभी लोग वहां से चले गए थे। खाना खाकर मनीष और मनजीत जब बाहर आ रहे थे, तभी उनके ऊपर फायरिंग शुरू कर दी गई। कई गोलियां लगने के बाद दोनों भाई वहां गिर पड़े और मौके पर अफरा तफरी मच गई। मनीष ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। जबकि मनजीत, को गंभीर हालत में इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी भी मौत हो गई। इधर स्थानीय लोगों की माने तो इस पूरी घटना की जड़ में भूमि का विवाद है। गांव के पटीदार से ही पिछले 40 सालों से 6 एकड़ जमीन को लेकर के विवाद चल रहा था। ऐसा माना जा रहा है कि इसी विवाद में भाइयों को गोली मारी गई।

इधर सहोदर भाईयों को गोली मारे जाने की खबर सुनने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। सिटी एसपी ईस्ट परिचय कुमार ने देर रात सदर एएसपी वन अभिनव के साथ मौके का मुआयना किया। इलाके में तनाव को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस फोर्स की तैनाती की गई है।

# राहुल गांधी का दौरा कल, कांग्रेस में गदर! हेमंत कटारे का इस्तीफा

**लोक तंत्र की आवाज़**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजनीतिक सरगर्मियां इन दिनों चरम पर हैं, जहां कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व का भोपाल दौरा और विधानसभा में उपनेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे का अचानक इस्तीफा सुर्खियां बटोर रहा है. 24 फरवरी 2026 को राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भोपाल पहुंच रहे हैं, जहां वे किसान महापंचायत में हिस्सा लेंगे और भारत-अमेरिका ट्रेड डील के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करेंगे.

यह महापंचायत मध्य प्रदेश से शुरू होकर राष्ट्रीय स्तर पर किसान आंदोलन की नई लहर पैदा करने का मंच बनेगी, जहां कांग्रेस ट्रेड डील को किसान विरोधी करार दे रही है. दूसरी तरफ, हेमंत कटारे के इस्तीफे ने कांग्रेस के आंतरिक कलह की अफवाहों को हवा दी है, जिसे भाजपा कांग्रेस की कमजोरी के रूप में भुना रही है. किसानों की दुर्दशा-नकली खाद-बीज से लेकर बेमौसम बारिश और ओलों के कहर- इस पूरे घटनाक्रम की पृष्ठभूमि बना रही है, जो राज्य की राजनीति को नई दिशा दे सकती है।



यह सब कुछ महज संयोग नहीं लगता. राहुल गांधी का भोपाल दौरा कांग्रेस के लिए एक रणनीतिक कदम है, जो किसान मुद्दों को केंद्र में लाकर सरकार पर हमला बोलने का मौका देगा. ट्रेड डील, कांग्रेस इसे 'किसान विरोधी' बताकर मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान जैसे राज्यों में अभियान चला रही है, जहां किसान वोट बैंक निर्णायक है. भोपाल की महापंचायत से यह आंदोलन शुरू होगा, जहां राहुल किसानों से सीधे संवाद करेंगे और ट्रेड डील के खिलाफ आवाज बुलंद करेंगे. यह दौरा कांग्रेस को ग्रामीण क्षेत्रों में मजबूती देने का प्रयास है।

**पद से इस्तीफा है, पार्टी से नहीं; सवाल है क्या कांग्रेस में लीडरशिप क्राइसिस है?:** हेमंत कटारे के इस्तीफा ने इस घटनाक्रम को और रोचक बना दिया है. 20 फरवरी को उन्होंने उपनेता प्रतिपक्ष पद से इस्तीफा दे दिया, कारण बताते हुए कहा कि परिवार और निर्वाचन क्षेत्र (अटेर, भिंड) को समय नहीं दे पा रहे. कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि यह पद से इस्तीफा है, पार्टी से नहीं, और कटारे कांग्रेस में बने रहेंगे. लेकिन भाजपा इसे कांग्रेस के आंतरिक घमासान का प्रमाण बता रही है. भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस को अपनी स्थिति पर चिंतन-मंथन करना चाहिए, क्योंकि पार्टी में असंतोष साफ दिख रहा है. वहीं, कांग्रेस के पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने कटारे का बचाव करते हुए कहा कि उन्हें जो सम्मान मिलना चाहिए था, वह नहीं मिला. विधानसभा में शेर की तरह लड़ने वाले हेमंत को मजबूरी में इस्तीफा देना पड़ा. यह इस्तीफा राहुल के दौरे से ठीक पहले हुआ, जिससे सवाल उठ रहे हैं कि क्या कांग्रेस में लीडरशिप क्राइसिस है? कटारे, जो भाजपा पर तीखे हमले करते रहे हैं, अब सड़क से सदन तक लड़ाई जारी रखने का दावा कर रहे हैं, लेकिन यह घटना कांग्रेस की एकता पर सवाल खड़े करती है।

# चेतावनी दे रहा' सीजेआई सूर्यकांत आखिर किस बात पर हो गए आगबबूला, भरे सुप्रीम कोर्ट में लगा दी वकील की क्लास

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नईदिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को अचानक से माहौल गर्म हो गया. यहां मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने एक वकील की टिप्पणियों पर कड़ी नाराज़गी जताते हुए खुले कोर्ट में चेतावनी दे दी. सीजेआई सूर्यकांत ने साफ शब्दों में कहा कि अगर इस तरह का व्यवहार जारी रहा तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

मेंशनिंग के दौरान वरिष्ठ वकील मैथ्यूज नेदुमपारा ने न्यायाधीशों की नियुक्ति की कॉलेजियम व्यवस्था को चुनौती देने और राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (NJAC) को बहाल करने से जुड़ी याचिका उठाने की कोशिश की. इस पर सीजेआई ने स्पष्ट किया कि रजिस्ट्री के सामने ऐसी कोई याचिका सूचीबद्ध ही नहीं है।



**सीजेआई सूर्यकांत किस बात पर भड़के?:** इसके बाद नेदुमपारा ने टिप्पणी की कि अडानी जैसे कारोबारी दिग्गजों से जुड़े मामलों के लिए संविधान पीठ बनती है, जबकि आम आदमी से जुड़े मुद्दे नहीं सुने जाते. यही टिप्पणी सीजेआई की बेंच को नागवार गुज़री। लाइव लॉ की रिपोर्ट के मुताबिक सीजेआई सूर्यकांत ने सख्त लहजे में कहा, 'मिस्टर नेदुमपारा, मेरे कोर्ट में बोलते समय सावधान रहिए. आपने मुझे चंडीगढ़ और दिल्ली में देखा है... मैं आपको चेतावनी दे रहा हूं. यह मत समझिए कि आप दूसरे बेंचों की तरह यहां भी बदतमीजी कर पाएंगे.' कोर्ट में उनकी तल्खी साफ झलकी।

यह घटनाक्रम ऐसे समय सामने आया है, जब नेदुमपारा पहले भी कॉलेजियम सिस्टम को लेकर याचिकाएं दाखिल करने की कोशिश कर चुके हैं. वर्ष 2024 में सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री ने उनकी नई रिट याचिका यह कहते हुए दर्ज करने से इनकार कर दिया था कि 2015 के फैसले में यह मुद्दा पहले ही निपटाया जा चुका है।

# पप्पू यादव और निशिकांत दुबे के बीच जुबानी जंगः अदाणी की देवघर यात्रा से BJP ज्वाइनिंग की अफवाहों तक वार-पलटवार

**लोक तंत्र की आवाज़**

**रांची।** बिहार के पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव (राजेश रंजन) और झारखंड के गोड्डा से भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के बीच एक्स (ट्विटर) पर आरोप-प्रत्यारोप का दौर चल रहा है। पप्पू यादव ने दुबे पर उद्योगपतियों के एजेंट होने और नेहरू-गांधी परिवार के खिलाफ दुष्प्रचार फैलाने का आरोप लगाया है। वहीं, दुबे ने पलटवार करते हुए दावा किया कि पप्पू यादव हाल ही में भाजपा में शामिल होने की कोशिश कर रहे थे।

यह विवाद पप्पू यादव की राजनीतिक यात्रा और भाजपा से जुड़ी पुरानी अफवाहों को फिर से चर्चा में ला रहा है। आइए जानते हैं विवाद की पृष्ठभूमि और दोनों नेताओं के बयानों को।



**विवाद की शुरुआत एक्स पर पोस्ट और जवाबः** विवाद की शुरुआत 22 फरवरी 2026 को पप्पू यादव के एक एक्स पोस्ट से हुई, जिसमें उन्होंने उद्योगपति गौतम अदाणी की देवघर यात्रा का जिक्र किया। पप्पू यादव ने लिखा- "देवघर में आज अदाणी मंदिर आए थे, फिर वह उद्योगपतियों के एक एजेंट MP के यहां गए! उद्योगपतियों की दलाली और नेहरू गांधी के खिलाफ दुष्प्रचार फैलाना उस सांसद का मुख्य धंधा है, इस भेंट से साफ है गांधी जी, नेहरू जी, राहुल जी, इंदिरा जी आदि के विरुद्ध दुष्प्रचार का निवेशक कौन है!

इसका जवाब देते हुए निशिकांत दुबे ने उसी दिन पोस्ट किया- "अभी संसद सत्र के दौरान मुझसे यही सज्जन लोकसभा के अंदर मुझसे मिलने आए थे, एक ही इनकी विनती थी कि मुझे भाजपा में शामिल करवा दीजिए।

अंगूर खट्टे हैं, कुछ तो दिन ईमान होना चाहिए? आपके चुनाव क्षेत्र में हमारे परिवार की कितनी जमींदारी है, यह भी लोगों को बताइए, कांग्रेस पार्टी से मेरा भाई पूर्णिया से विधायक रहे, यह भी बताइए। राजनीति की मर्यादा रखिए।

# नेपाल में सड़क हादसाः पोखरा से काठमांडू जा रही बस त्रिशूली नदी में गिरी, 18 यात्रियों की मौत

**लोक तंत्र की आवाज़**

**काठमांडू।** नेपाल में एक बार फिर सड़क हादसे ने कई परिवारों को उजाड़ दिया. सोमवार तड़के करीब 1:15 बजे पोखरा से काठमांडू जा रही एक यात्री बस धादिंग जिले में त्रिशूली नदी में जा गिरी. हादसे में अब तक 18 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि 25 यात्री घायल हैं. यह दुर्घटना बेनिघाट रोरांग ग्रामीण नगरपालिका-3 के चिनाधारा, चरौंडी इलाके में हुई. बस पृथ्वी हाईवे पर चल रही थी, तभी अचानक सड़क से फिसलकर करीब 300 मीटर गहरी ढलान से नीचे नदी किनारे जा गिरी. बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हालत में मिली।



काठमांडू पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक जिला ट्रैफिक पुलिस प्रमुख शिशिर थापा ने बताया कि मृतकों में छह महिलाएं और 11 पुरुष शामिल हैं. घायलों में आठ महिलाएं, 18 पुरुष और एक नाबालिग लड़की भी शामिल है. कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है. हादसे के बाद नेपाली सेना, आर्म्ड पुलिस फोर्स, नेपाल पुलिस और स्थानीय लोग मिलकर राहत-बचाव अभियान में जुटे. रात का अंधेरा और पहाड़ी इलाका रेस्क्यू में बड़ी चुनौती बना रहा. प्रशासन ने कहा है कि जांच के बाद ही हादसे की असली वजह सामने आएगी।

### 6 फरवरी को भी हादसा

इससे पहले 6 फरवरी को नेपाल के बैतडी जिले में बारातियों से भरी बस लगभग 150 मीटर गहरी खाई में गिर गई थी. उस हादसे में 13 लोगों की मौत हुई थी और 34 घायल हुए थे. बस दुल्हन को लेकर बजांग जा रही थी, तभी बड़गांव मोड़ पर अनियंत्रित हो गई. लगातार हो रहे इन हादसों ने नेपाल में सड़क सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं.

## संक्षिप्त खबरें ।

### कौआकोल : हाथियों के आतंक से सहमे हैं ग्रामीण, पचम्बा गांव में मचाया उत्पात



**कौआकोल :** कौआकोल थाना क्षेत्र में विगत चार दिनों से जंगली हाथियों का उत्पात लगातार जारी है। हाथियों के झुंड ने रविवार की रात्रि सोखोदेवरा जंगल से भटककर पचम्बा गांव में किसानों के खेत में उत्पात मचाया। इस दौरान हाथियों के झुंड ने किसान साधु साव,लक्ष्मण साव,सौखी मांझी समेत कई किसानों के खेत में लगे गेहूँ की फसल को रौंद दिया। वहीं हाथियों ने चने की फसल और खेत में लगे सोलर प्लेट को भी नुकसान पहुंचाया। इसके अलावा कई किसानों के मचान को तोड़कर सब्जियों की फसलें को भी बर्बाद कर दी। ग्रामीणों के मुताबिक हाथियों का झुंड पचम्बा गांव से मधुरापुर डैम की तरफ निकल गया। बता दें कि दो दिन पूर्व वन विभाग की टीम ने सोखोदेवरा जंगल से हाथियों की झुंड को मशाल, पटाखा एवं लाइट के माध्यम से खदेड़ने का प्रयास किया। हालांकि ग्रामीणों को अभी भी डर है कि रात को हाथी कभी भी दोबारा मधुरापुर,लालपुर और आसपास के गांवों में धावा बोल सकता है। हाथियों के भय से ग्रामीण रतजग्गा करने को मजबूर हैं। वहीं रेंजर सौरभ सांडिल्य ने कहा है कि वन विभाग की टीम द्वारा लगातार हाथियों को सुरक्षित स्थान तक भेजने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने ग्रामीणों से अनुरोध किया कि हाथियों से दूरी बनाए रखें और सतर्क रहें।

### भगवान का वांग्मय रूप है श्रीमद् भागवत-आचार्य गौतम



**नवादा।** त कथावाचक आचार्य गौतम जी महाराज ने कहा है कि श्रीमद् भागवत भगवान का वांग्मय रूप है ।कथा सुनने से जन्मों का पाप नष्ट होकर मनुष्य परमधाम पहुंच जाता है। वे सोमवार को नवादा जिले के अकबरपुर थाने के पहाड़पुर गांव में पर्यावरण विद् राम प्रताप शरण के सौजन्य से आयोजित शतरुद्र महायज्ञ में अपना प्रवचन कर रहे थे। उन्होंने संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा वाचन करते हुए कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने श्रीमद् भागवत में कर्म के फल पर विशद व्याख्या की है ।कर्म फल से कोई इंसान वंचित नहीं रह सकता है ।लेकिन ईश्वर भक्ति कर इंसान समस्त पापों से छूटकर मोक्ष प्राप्ति कर आवागमन के दुखद बंधन से मुक्त हो सकता है। उन्होंने भागवत महापुराण की कथा सुनाते हुए कहा कि तुम किसी बेहतर की तलाश में मत भटको ,बल्कि तुम इतनी बेहतर बन जाओ की जो भी बेहतर की खोज कर रहा है उसकी तलाश पूरी हो जाए । उन्होंने कहा कि ग्रामीणों ने 200 साल पुरानी मंदिर के जीर्णोद्धार के अवसर पर ग्रामीणों के सौजन्य से श्रीमद् भागवत महा पुराण की कथा का आयोजन कर महा पुण्य का काम किया है। उन्होंने कहा कि कथा स्थल साक्षात भगवान श्री कृष्ण के वास का स्थल होता है ।इसलिए जो भी श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए पहुंचे। यहाँ मन-तन से भगवान के चरणों में बैठकर अमृत वचन का पान करें ।तभी उनका उद्धार संभव है ।उन्होंने पर्यावरण विद् राम प्रताप शरण सहित ग्राम वासियों की इस कथा आयोजन के लिए प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह की कथा हर गांव में आयोजन होनी चाहिए तभी हम भारतीय संस्कृति की रक्षा करने में सक्षम हो सकते हैं। 9 दिन तक चलने वाले इस संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के अवसर पर इलाके के हजारों श्रद्धालु जुटे हैं। जिससे उत्सवी माहौल देखने को मिल रहा है।

### वयोवृद्ध व्यक्ति का हुआ निधन, परिवार में शोक

**लोकतंत्र की आवाज**
**राजेश कुमार सिन्हा**

**रजौली।** रजौली प्रखंड के बहादुरपुर पंचायत के करिगांव भटोलिया गांव निवासी स्व एतवारी रविदास के वयोवृद्ध बेटे फौदी रविदास उर्फ फौदारी रविदास का रविवार को अचानक निधन हो गया। वयोवृद्ध के निधन से परिवार में शोक की लहर छा गई। मोहल्ले के दर्जनों लोगों एवं रजौली के गणमान्य लोगों ने उनके निधन पर शोक प्रकट किया। परिजनों ने बताया कि उनका जन्म भारत की आजादी से पहले हुआ था। वे आजाद भारत तक की पूरी कहानी को उन्होंने आंखों के सामने देखा है। लेकिन अचानक रविवार की सुबह उनका निधन हो जाने से क्षेत्र के लोगों में काफी उदासी देखी जा रही है। उनके निधन की खबर जिसने भी सुना वह भागे हुए उनके घर पर जाकर उनके अंतिम दर्शन कर उत्साहित हुए। दर्जनों लोगों ने कहा कि इतने दिनों तक अब कोई जीवित नहीं रह सकता है। यह पुराने जमाने के लोग हैं जो अभी तक जीवित थे। मौके पर गिरानी रविदास, गुरुदेव रविदास, श्री रविदास, ललका रविदास, गीता देवी शामिल रहे।

# बेलवान : अनियंत्रित ट्रक ने दो बाइक सवार को रौंदा , युवक की हुई मौत

**ट्रक चालक फरार, आक्रोशित ग्रामीणों ने एसएच-103 जाम कर ट्रक में लगाई आग**

**लोक तंत्र की आवाज**

**सुनील कुमार/विवेक कुमार**

**बेलवान /मेसकौर :** नवादा जिले के मेसकौर थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलवान मोड़ के समीप स्टेट हाईवे-103 पर सोमवार की सुबह हुए भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया।

घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने करीब दो घंटे तक एसएच-103 को जाम कर प्रदर्शन किया। इस दौरान उग्र भीड़ ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रक में आग लगा दी। जिसे बाद में दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद बुझाया। त्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक (बीआर 27ए-8036) तेज रफ्तार में विपरीत दिशा से आ रहा था। इसी दौरान बाइक (बीआर 21एएफ-5249) से उसकी आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। ट्रक की चपेट में आने से एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान सीतामढ़ी थाना क्षेत्र के मिल्की निवासी आधार मुनि सिंह के 19 वर्षीय नाती धीरज कुमार के रूप में की गई है। वह नालंदा जिले के भैरों बीघा निवासी स्व. रविशंकर सिंह का पुत्र था। वहीं घायल युवक की पहचान मिल्की निवासी विजय सिंह (पिताझ बीरेंद्र सिंह) के रूप में हुई है। दोनों युवक आपस में घनिष्ठ मित्र बताए जाते हैं और किसी कार्य से बाहर जाने के बाद घर लौट रहे थे। हादसे के बाद मौके पर



अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। डॉक्टरों के अनुसार घायल के सिर और बाएं हाथ में गंभीर चोटें आई हैं। इधर, दुर्घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। ग्रामीणों का आरोप था कि क्षेत्र में बालू माफिया की सक्रियता के कारण दिन-रात तेज रफ्तार ट्रक और ट्रैक्टर का परिचालन हो रहा है, जिससे लगातार हादसे हो रहे हैं। लोगों ने मेसकौर और सीतामढ़ी थाना की पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए अवैध बालू परिवहन पर रोक लगाने की मांग की। दर्शन के दौरान कुछ उग्र लोगों ने ट्रक में



आग लगा दी। सूचना पर पहुंची दमकल टीम ने आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक ट्रक का अगला हिस्सा बुरी तरह जल चुका था। चना मिलते ही मेसकौर और सीतामढ़ी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद लोगों को समझाकर जाम समाप्त कराया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा जले हुए ट्रक को जब्त कर लिया है। मेसकौर थानाध्यक्ष कन्हैया कुमार ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। फरार चालक की पहचान कर उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। साथ ही ट्रक में आग लगाने वालों की भी पहचान की जा रही है। घटना के बाद मृतक के घर में मातम पसरा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

## नवादा : नंदलाल बिगहा में चला फाइलेरिया उन्मूलन अभियान, आशा कार्यकर्ताओं ने बांटी दवा



**लोक तंत्र की आवाज**

**सुनील कुमार**

**नवादा।** जिले के नंदलाल बिगहा गाँव में फाइलेरिया (हाथीपांव) जैसी गंभीर बीमारी के समूल नाश के लिए स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार सघन दवा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान के तहत घर-घर जाकर ग्रामीणों को फाइलेरिया रोधी दवाइयां खिलाई गईं। इस अभियान का नेतृत्व आशा कार्यकर्ता रेखा देवी और संजू कुमारी ने किया। दवा वितरण के साथ-साथ रेखा देवी ने ग्रामीणों को फाइलेरिया के लक्षणों और इससे बचाव के तरीकों के बारे में विस्तार से जागरूक किया। उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि फाइलेरिया एक घातक बीमारी है जो मच्छर के काटने से फैलती है। यदि समय पर इसकी दवा ले ली जाए, तो भविष्य में होने वाली अपंगता से बचा जा सकता है। रेखा देवी और संजू कुमारी ने सुनिश्चित किया कि परिवार के हर पात्र सदस्य ने उनके सामने ही दवा का सेवन किया। अभियान के दौरान उन्होंने दवा से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करते हुए बताया कि यह दवा पूरी तरह सुरक्षित है। ग्रामीणों को अपने आसपास जलजमाव न होने देने और सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करने की सलाह दी गई। नंदलाल बिगहा के ग्रामीणों ने आशा कार्यकर्ताओं की इस सक्रियता की सराहना की। रेखा देवी के प्रभावी संवाद के कारण उन लोगों ने भी दवा खाई जो पहले हिचकिचा रहे थे। स्वास्थ्य विभाग के इस प्रयास का उद्देश्य क्षेत्र को फाइलेरिया मुक्त बनाना है। आशा कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों को कहा ₹ फाइलेरिया का कोई इलाज नहीं है, केवल बचाव ही इसका एकमात्र समाधान है। साल में एक बार दवा खाकर हम खुद को और अपने परिवार को सुरक्षित रख सकते हैं।

## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को फोर्ड से बचने की दी गई जानकारी

**लोक तंत्र की आवाज**

**नरहट :** सोमवार को बिहार ग्रामीण बैंक के नवादा क्षेत्रीय कार्यालय के अंतर्गत शेखपुरा शाखा द्वारा शेखपुरा ग्राम में वित्तीय जागरूकता सप्ताह के उपलक्ष्य में एक विशेष जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया। जिसमें नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को वितीय साक्षरता के लिए जागरूक किया गया। स गरिमामयी अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शाखा प्रबंधक संजय कुमार चौधरी, अधिकारी कुमारी अनुराधा एवं एफएलसी नवादा मुकेश कुमार उपस्थित रहे। विर के दौरान शाखा प्रबंधक द्वारा केंद्र सरकार की लखपति दीदी योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान जीविका दीदियों की भागीदारी अत्यंत सक्रिय रही, जिन्हें आर्थिक स्वावलंबन के गुर सिखाए गए। डिजिटल लेन-देन के बढ़ते महत्व के साथ-साथ ग्रामीणों को साइबर फ्रॉड से बचने और सुरक्षित बैंकिंग अपनाने के तरीकों पर जागरूक किया गया। प्रधानमंत्री जन-धन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा विमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति विमा योजना और अटल पेंशन योजना जैसी महत्वपूर्ण सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी साझा की गई।पशुपालन एवं कृषि क्षेत्र से जुड़ी वित्तीय सुविधाओं और बैंक की विभिन्न ऋण योजनाओं पर विशेष प्रकाश डाला गया। ग्रामीणों और जीविका समूह की दीदियों की उत्साहजनक सहभागिता के साथ यह शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## शादी की स्टेज पर दूल्हे राजा का ताबड़तोड़ फायरिंग, वीडियो वायरल

**लोक तंत्र की आवाज**

**सुनील कुमार**

**नवादा।** इंसान की शादी उसके जीवन के सबसे खास पलों में से एक होता है और इसे जीवन भर यादगार रखने के लिए लोग कई सारी स्पेशल चीजें करते हैं। वहीं कुछ लोग अपनी शादी में हर्ष फायरिंग यानी शोऑफ के लिए किसी बंदूक से फायरिंग कर देते हैं और ऐसा करना अकसर लोगों पर भारी पड़ जाता है। नवादा में एक दूल्हा अपनी शादी की जोश मे खुद स्टेज पर खड़े होकर बंदूक से हर्ष फायर करते नजर आया। इसी दौरान किसी ने अपने मोबाइल फोन से पूरे घटनाक्रम का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। यरिंग का यह वीडियो पकरीबरावा थाना क्षेत्र के लीलो गांव का बताया जा रहा है। यहां पर लीलो गांव निवासी अमोद सिंह के बेटे सन्नी कुमार की शादी 20



फरवरी को हुई थी। इसी दौरान शादी के जोश में उसने स्टेज पर बंदूक से उसने दो राउंड फायर किए थे। इसका वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हुआ जिसके बाद पुलिस ने मामले का संज्ञान लिया।पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए दूल्हे पर प्राथमिकी दर्ज कर उसकी तलाश में जुट गई है। ताया जा रहा है कि जब हर्ष फायर हो रहे थे, तो मौके पर सैकड़ों की संख्या में भीड़ थी और हर्ष फायर के दौरान कोई अनहोनी हो सकती थी। वायरल वीडियो में हर्ष फायरिंग कर रहे दूल्हे राजा की पहचान पकरीबरावा थाना क्षेत्र के लीलो गांव निवासी अमोद सिंह का पुत्र सन्नी कुमार के रूप में हुई है। वीडियो में साफ देखा जा है कि दूल्हे राजा के पास खड़े लोग उन्हें फायरिंग से रोकते रहे , गोली नहीं चलाने की माइकिंग की गई, लेकिन दूल्हे राजा तनिक भी किसी का ना सुनी। दूल्हे राजा अपनी शादी की जोश मे बंदूक से ताबड़तोड़ फायरिंग करते रहे। पुलिस हर्ष फायरिंग कर रहे दूल्हे की तलाश में जुट गई है और पुलिस उस हथियार को बरामद करने का प्रयास कर रही है। जिससे फायरिंग की गई थी। शादियों में हथियारों का दिखावा और हवाई फायरिंग न सिर्फ कानून का उल्लंघन है, बल्कि यह किसी बड़ी दुर्घटना को न्योता देने जैसा है। इसलिए जरूरत है कि लोग इस तरह की परंपराओं को मज़ाक या एटीट्यूड दिखाने का तरीका समझने के बजाय समझदारी अपनाएं और सुरक्षित माहौल बनाए रखें।

# सिरोडाबर के देवी मंडप में तीन दिवसीय यज्ञ का आयोजन, श्रद्धालुओं ने ढोल नगाड़े के साथ निकाली कलश यात्रा

**लोकतंत्र की आवाज**

**राजेश कुमार सिन्हा**

**रजौली।** प्रखंड क्षेत्र के सिरोडाबर पंचायत के देवी मंडप में तीन दिवसीय यज्ञ का अनुष्ठान किया जा रहा है। भौर गांव निवासी कृष्ण प्रसाद यादव के द्वारा यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यज्ञ के पहले दिन 23 फरवरी को कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए और यज्ञ की शुभकामनाएं दी। कलश यात्रा के दौरान ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों के साथ नाचते-गाते यात्रा में भाग लिया। यात्रा देवी मंडप से शुरू होकर गांव के प्रमुख मार्गों से होते हुए फुलवरिया डैम से जल भरकर वापस देवी मंडप में समाप्त हुई। यज्ञ के आयोजक कृष्ण प्रसाद यादव ने बताया कि यज्ञ का उद्देश्य लोगों को धर्म और संस्कृति के प्रति जागरूक करना है।



उन्होंने बताया कि यज्ञ में शामिल होने वाले लोगों को आध्यात्मिक लाभ मिलेगा और उनके जीवन में सुख और समृद्धि आएगी।यज्ञ के दौरान 24, 25, 26 और 27 फरवरी को हवन, कीर्तन, भजन और जागरण किया जाएगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहेंगे और यज्ञ के माध्यम से अपने जीवन को पवित्र बनाने का प्रयास करेंगे। यज्ञ के दौरान सुरक्षा के व्यापक इंदोबस्त किए गए हैं। पुलिस और प्रशासन के अधिकारी यज्ञ के दौरान सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी करेंगे। यज्ञ में शामिल होने के लिए आसपास के गांवों से भी लोग आ रहे हैं। यज्ञ के आयोजकों ने बताया कि यज्ञ में शामिल होने वाले लोगों के लिए भोजन और रहने की व्यवस्था की गई है। यज्ञ के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि यज्ञ से गांव में सुख और समृद्धि आएगी। उन्होंने बताया कि यज्ञ के माध्यम से गांव के लोगों को एकजुट करने का प्रयास किया जा रहा है। यज्ञ के आयोजक कृष्ण प्रसाद यादव ने बताया कि यज्ञ के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि यज्ञ के दौरान ग्रामीणों को विभिन्न प्रकार की जानकारी भी दी जाएगी।

## महंत दयानंद मुनि को 'धर्म रत्न' की मानसेवी उपाधि से किया सम्मानित

**लोकतंत्र की आवाज**

**राजेश कुमार सिन्हा**

**रजौली।** प्रयागराज में आयोजित विशेष अधिवेशन 2026 में राष्ट्र एवं सनातन धर्म की दीर्घकालिक सेवा के लिए रजौली प्रखंड के अमावां संगत के महंत डॉ स्वामी दयानंद मुनि को ''धर्म रत्न'' की मानसेवी उपाधि से सम्मानित किया गया। यह गरिमामय समारोह रविवार को प्रयागराज में सम्पन्न हुआ। जिसमें देशभर से संत-महात्मा, शिक्षाविद, धर्माचार्य एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मारोह में कुलपति डॉ विनय कुमार पाठक एवं कुलसचिव डॉ पी. एस. दयाल द्वारा सम्मान-पत्र एवं प्रतीक चिह्न प्रदान किया गया। सम्मान-पत्र में उल्लेखित है कि स्वामी दयानंद मुनि ने राष्ट्रधर्म, गुरु-शिष्य परंपरा, वैदिक शिक्षण एवं सांस्कृतिक जागरण के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान दिया है। उल्लेखनीय है कि गोपालगंज में आयोजित अधिवेशन 2024 में भी डॉ



स्वामी दयानंद मुनि को ''एच.डी. विद्या वाचस्पति'' से सम्मानित किया गया था। यह सम्मान उनके निरंतर शैक्षिक एवं आध्यात्मिक योगदान की औपचारिक मान्यता रहा है। पको बता दें कि दयानंद मुनि विगत कई वर्षो से राष्ट्रधर्म प्रचार, वैदिक अध्ययन-प्रशिक्षण, धार्मिक, शिक्षा विस्तार, सामाजिक समरसता अभियान तथा सांस्कृतिक पुनर्जागरण के क्षेत्र में सक्रिय हैं। वे देश के विभिन्न प्रांतों में धर्मसभा, आध्यात्मिक शिविर, गुरुकुल उन्नयन कार्यक्रम तथा युवा जागरण अभियानों का नेतृत्व करते रहे हैं। उनका विशेष बल भारतीय गुरु-शिष्य परंपरा के संरक्षण, संस्कार-आधारित शिक्षा प्रणाली तथा राष्ट्रहित में समर्पित आध्यात्मिक नेतृत्व के निर्माण पर रहा है। अपने उद्बोधन में स्वामी दयानंद मुनि ने कहा कि ''धर्म रत्न'' सम्मान किसी एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति, राष्ट्रसेवा और समाजहित में निरंतर कार्यरत संत-महात्माओं एवं कार्यकर्ताओं का सामूहिक सम्मान है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे भारतीय संस्कार, आध्यात्मिक मूल्यों और सामाजिक उत्तरदायित्व को जीवन का आधार बनाएं। शेष अधिवेशन 2026 ने धर्म, शिक्षा और समाज के मध्य समन्वित संवाद की आवश्यकता पर बल देते हुए यह संदेश दिया कि राष्ट्रनिर्माण में आध्यात्मिक नेतृत्व की भूमिका सदैव केंद्रीय रही है और आगे भी रहेगी।

# कांग्रेस का संगठन सृजन अभियान के तहत रजौली में हुई बैठक, कांग्रेस के नए तरीके से संगठन विस्तार को लेकर हुई विचार-विमर्श

**लोकतंत्र की आवाज**

**राजेश कुमार सिन्हा**

**रजौली।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी की ओर से चलाए जा रहे संगठन सृजन अभियान के तहत सोमवार को रजौली प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में रामरतन गिरी की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से आए संगठन सृजन प्रभारी जयशंकर पाठक, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष मो नौशाद खान पहुंचे। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने आए हुए पार्टी के अधिकारियों को बुके, फूल-माला एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। प्रभारी ने कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से कहा कि इस समय पूरे भारत में पार्टी के संगठन सृजन अभियान चलाया जा रहा है। इस सृजन अभियान में नए तरीके से पार्टी का संगठन विस्तार करना है। जिसको लेकर नवादा जिले के सभी प्रखंडों में बैठक की जा रही है। बैठक के माध्यम से कार्यकर्ताओं से जिले में कांग्रेस को लेकर लोगों के मन में क्या विचार है इसको लेकर विचार-विमर्श किया जा रहा है। नए तरीके से पार्टी संगठन का विस्तार कैसे हो इस संगठन सृजन अभियान में लोगों के साथ बैठक कर विचार-विमर्श करना आवश्यक है। ताकि जिलाध्यक्ष ऐसे व्यक्ति को बनाया जाए जो पार्टी के प्रति समर्पित हो।

उन्होंने कहा कि आलाकमान से निर्देश है कि नवादा, बिहार समेत पूरे



भारत के प्रत्येक राज्य में पार्टी संगठन सृजन अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत नए-नए लोगों को जोड़ना है। इसी के तहत बैठक की गई। जो व्यक्ति कांग्रेस की पार्टी में शामिल होना चाहते हैं। वे अपना-अपना ओपिनियन बता सकते हैं। उपस्थित कई लोगों ने कांग्रेस के नीति एवं पार्टी के विस्तार के संबंध में विस्तृत चर्चा की।

उन्होंने कहा कि आपके जिले का कांग्रेस के जिलाध्यक्ष का व्यवहार कैसा है और पार्टी के प्रति कितना समर्पित है। यही जानने के लिए दिल्ली से राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे और सोनिया गांधी के द्वारा भेजा गया है। आप सभी लोग अपना अपना ओपिनियन बता सकते हैं। आपकी बात को दिल्ली में कांग्रेस के अधिकारियों के साथ बैठक में रखी जाएगी। मौके पर रजौली इंटर विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य बालकृष्ण यादव, कांग्रेस उपाध्यक्ष मोहन चौधरी, कांग्रेस इंटक के जिला महामंत्री कुंदन दीप, मो मनौव्वर अंसारी, रियाजुद्दीन यू, सिरदला प्रखंड अध्यक्ष ब्रह्मदेव राजवंशी, विक्की कुमार, सुधीर सिंह, रऊफ अंसारी, नेयाज उद्दीन, राजेंद्र यादव, कमलेश प्रसाद दांगी समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कौआकोल थाना क्षेत्र में अलग अलग जगहों से 950 लीटर देशी शराब बरामद

**लोक तंत्र की आवाज**

**कौआकोल।** पर्व को लेकर शराब धंधेबाजों के विरुद्ध पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। कौआकोल थाना की पुलिस ने तीन अलग अलग जगहों से छापेमारी कर 950 लीटर महुआ शराब बरामद किया है। वहीं इस दरम्यान पुलिस ने एक टेम्पू एवं पांच बाइक भी जब्त किया है। जबकि पूरे मामले में एक विधि विरुद्ध बालक को निरुद्ध करते हुए चार शराब धंधेबाजों की गिरफ्तारी की गई है। थानाध्यक्ष सह पुलिस इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह ने बताया कि महुडर-महुलियाटांड़ पथ पर बढ़वा बाबा पुल जंगल के पास से पुलिस ने एक टेम्पू से लेकर आ रहे अलग अलग गैलन में लगभग



600 लीटर महुआ शराब के साथ झारखंड के गांवा थाना के लोहियाटांड़ गांव निवासी गुलू राय के पुत्र पच्चू कुमार उर्फ भीखन राय को गिरफ्तार किया गया। वहीं दनियाँ जंगल में छापेमारी कर तीन बाइक पर लदे 150 लीटर महुआ शराब के साथ दनियाँ गांव निवासी माधो सिंह के पुत्र किशोर सिंह एवं यमुना तुरिया के पुत्र दुखहरन तुरिया को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान एक विधि विरुद्ध बालक को निरुद्ध किया गया। वहीं कौआकोल पुलिस ने टिकोडीह सड़क पर छापेमारी कर दो बाइक पर लदे 200 लीटर महुआ शराब के साथ एक युवक शेखपुरा जिला के कसार गांव निवासी सरयुग चौधरी के पुत्र संदीप चौधरी को गिरफ्तार करने में सफल रही। जबकि एक अन्य धंधेबाज पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल रहा।

## संक्षिप्त खबरें ।

### लखनऊ : हैवेल्स सोलर चौपाल'से घर और व्यापार को मिली ऊर्जा की शक्ति

लोक तंत्र की अवाज़
रत्ना
**लखनऊ।** आत्मनिर्भरता और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में दैनिक जागरण और हैवेल्स की ओर से एक खास जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जहां लोगों को सौर ऊर्जा से संबंधित अहम जानकारियां मिल रही हैं। 'हैवेल्स सोलर चौपाल' कार्यक्रम का आयोजन उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के कई प्रमुख शहरों में किया जा रहा है, जिनमें लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, प्रयागराज, नोएडा, औरैया, अयोध्या, आगरा, गोरखपुर, मेरठ, देहरादून और हल्द्वानी शामिल हैं।इस पहल में लोगों को बताया जा रहा है कि सौर ऊर्जा को अपनाकर कैसे अपने घर और व्यापार के बिजली बिल में कटौती की जा सकती है। साथ ही, धरती को स्वच्छ ऊर्जा का सुरक्षा कवच कैसे मिल सकता है, इसके बारे में भी जागरूक किया जा रहा है।

### हरदोइ : मारपीट मामले में मुकदमा दर्ज, आरोपियों की तलाश जारी

**ब्यूरोचीफ शिवम गुप्ता हरदोई।**
हरदोई। सुरसा थाना क्षेत्र के ग्राम नेवादा में 22 फरवरी को हुई दो पक्षों के बीच हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई तेज कर दी है। डायल 112 पर सूचना मिली थी कि गांव में दो पक्ष लाठी-डंडों और ईंट-पत्थरों से एक-दूसरे पर हमला कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस के अनुसार जब तक टीम पहुंची, तब तक दोनों पक्षों के लोग आपस में भिड़े हुए थे। पुलिस को देखते ही कुछ आरोपी गाली-गलौज करते हुए और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने प्रथम पक्ष के अखिलेश, मनोज, प्रताप, संजय और सुधीर तथा द्वितीय पक्ष के निर्मल, गोकरन, जसकरन, राजेश और अशर्फी समेत दोनों पक्षों के पांच-पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।सभी आरोपी ग्राम नेवादा के निवासी बताए गए हैं। मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दोनों पक्षों के तीन आरोपियों गोकरन, निर्मल और प्रताप को गिरफ्तार कर उनका चालान कर दिया है। थानाध्यक्ष सुनील कुमार मिश्रा ने बताया कि मामले की जांच जारी है और फरार आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

### घर बैठे गर्भवती महिलाओं को मिलेगा विशेषज्ञ इलाज, लॉन्च हुआ मेटरनिटी केयर एप्लीकेशन



रत्ना
**लखनऊ :** गर्भवती महिलाओं, विशेषकर हाई-रिस्क प्रेग्नेंसी से जूझ रही महिलाओं के लिए बड़ी राहत की पहल करते हुए संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (पीजीआई) के मातृ एवं प्रजनन स्वास्थ्य (एमआरएच) विभाग ने कार्डिया हेल्थ केयर और वी केयर डेनमार्क के साथ मिलकर एस जी पी जीआइ 'मेटरनिटी केयर' एप्लीकेशन लॉन्च किया है। इस डिजिटल पहल के जरिए अब गर्भवती महिलाओं को घर बैठे भी विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श और नियमित फॉलो-अप की सुविधा मिल सकेगी।

### हरदोई : ज्ञापन देकर गर्रा नदी में सत्याग्रह आंदोलन की चेतावनी

**ब्यूरोचीफ शिवम गुप्ता हरदोई।**
**हरदोई।** भारतीय किसान यूनियन अखंड भारत से जुड़े किसान नेता सोमवार को तहसील मुख्यालय पहुंचे और उनके द्वारा एसडीएम को ज्ञापन देकर उठाई गई कुछ मांगों के निस्तारण की मांग की है। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को संबोधित ज्ञापन में दर्ज जिन प्रमुख समस्याओं से अवगत कराया गया है उनमें किसानों के राशन कार्ड न बनना, टूटे पड़े पीडब्लूडी संपर्क मार्गो का पुनर्निर्माण न होना, नदी किनारे की जमीन की पैमाइश न होना, के साथ-साथ लेखपालों पर आरोप लगाते हुए आगामी 27 फरवरी को इलाके की गर्रा नदी में सत्याग्रह आंदोलन के ज़रिए धरना प्रदर्शन किए जाने की बात कही गई है।भारतीय किसान यूनियन स्वराज के जिला अध्यक्ष विद्यासागर यादव, भारतीय किसान यूनियन क्रांति जिला अध्यक्ष सत्यवीर सिंह यादव, जिला अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन अखंड भारत रिंकज शर्मा, भारतीय किसान यूनियन अवध इम्तियाज़ अली मौजूद रहे।

# देवबंद : बसपा से भी हो सकता समझौता बीजेपी और सपा से कोई तालमेल नहीं : अरुण कुमार श्रीवास्तव

लोकतंत्र की आवाज



**असद सिद्दीकी**
**देवबंद।** पीडीएमएम गठबंधन के सह संयोजक अरुण कुमार श्रीवास्तव ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा हे कि मेरठ, किठौर। पीडीएमएम गठबंधन और तमाम संगठनों के नेता पीडीएमएम गठबंधन के सहसंयोजक व नेशनल लोकमत पार्टी ( नेलोपा ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष लताफत अली के आवास पर ग्राम जसोरी में सामाजिक न्याय यात्रा के संबंध में चिंतन बैठक में पहुंचे अरुण कुमार श्रीवास्तव और संजय गुर्जर। दोनों नेताओं ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि देश को एक और जयप्रकाश नारायण के आंदोलन की आवश्यकता है, जिसकी पूरी तैयारी हम सब लोग मिलकर कर रहे हैं। देश और प्रदेश की जनता सभी दलों से त्रस्त है और नए विकल्प की तलाश में है। आगामी समय में पश्चिमी उत्तर प्रदेश की एक दर्जन विधानसभा के उम्मीदवारों की घोषणा पीडीएमएम गठबंधन करेगी। जिला पंचायत की भी लगभग 35 सीटों पर हमारे उम्मीदवार लड़ रहे हैं और निश्चित तौर से चुनाव जीतेंगे। विश्व शांति मिशन व बीकेयू एस के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण कुमार श्रीवास्तव ने बतौर मुख्य अतिथि के चिंतन बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी कीमत पर किसी भी साथी और कार्यकर्ता का शोषण नहीं होने दिया जाएगा और राष्ट्रीय एकता को कायम करना है। समाज के हितों के लिए और वंचित, उपेक्षित समाजों के लिए हमारी लड़ाई है। गोरखपुर से लेकर दिल्ली तक की पदयात्रा से उत्तर प्रदेश की राजनीति में बदलाव देखने को मिलेगा और यह जनता चाहती भी है। सभी दलों ने उत्तर प्रदेश की जनता को ठगने का कार्य किया है। पीडीएमएम गठबंधन में पांच पार्टी और 10 संगठन हैं। निश्चित तौर से हम सब लोग मजबूती से कार्य करेंगे और आगामी समय में 2027 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी सरकार के खिलाफ बिगुल बजेगा और जनता तीसरे विकल्प के तौर पर हम लोगों को पसंद करेगी। चिंतन बैठक की अध्यक्षता भारत बचाओ, संविधान बचाओ आंदोलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पीडीएमएम गठबंधन के प्रमुख संजय गुर्जर ने की। संचालन और सभी का आभार प्रकट मेरठ के वार्ड नंबर 30 से जिला पंचायत के उम्मीदवार राशिद राधना ने किया। इस मौके पर विचार रखने वालों में बबली गुर्जर, इस्माइल खान, नरेंद्र गुर्जर, नफीस खान, जावेद खान आदि भी शामिल रहे सभी ने और सामाजिक न्याय यात्रा को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## ए ए एजुकेशनल सोसाइटी देवबंद ने रमज़ान पर पहुँचाया राहत का संदेश





लोकतंत्र की आवाज

**असद सिद्दीकी**
**देवबंद।** पवित्र रमजान के मुबारक मौके पर ए ए एजुकेशनल सोसाइटी देवबंद ने ज़रूरतमंद परिवारों तक राहत पहुँचाने का नेक कार्य किया। समाज द्वारा सैकड़ों राशन किटें वितरित की गईं, जिनमें आटा, चावल, दाल, तेल और अन्य ज़रूरी सामान शामिल था। इस वितरण में विशेष ध्यान बेवा (विधवा) महिलाओं और यतीम (अनाथ) बच्चों पर दिया गया, ताकि वे रमज़ान के दिनों में किसी भी तरह की तंगी महसूस न करें। समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि यह पहल इंसानियत और भाईचारे की मिसाल है, जिसका उद्देश्य हर घर तक रोज़ा और इबादत के लिए ज़रूरी सामान पहुँचाना है। स्थानीय लोगों ने इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि ए ए एजुकेशनल सोसाइटी ने हमेशा की तरह इस बार भी समाज के कमज़ोर तबके के साथ खड़े होकर रमज़ान की बरकतों को साझा किया। सोसाइटी के महा सचिव उमर फारूक ने बताया कि सोसाइटी गरीब परिवार की शिक्षा स्वास्थ्य और ज़रूरत मंद लोगों तक राशन किट वितरण प्रोग्राम समय समय पर करती रहती है जिस की जानकारी सोसाइटी फील्ड वर्क कर के अपने पास रखती है और ज़रूरत पड़ने पर उन सभी परिवार की मदद करती रहती है ।

## हरदोई : रामजानकी मंदिर के पास खोखे में लगी आग

लोक तंत्र की आवाज

**ब्यूरोचीफ शिवम गुप्ता हरदोई।**
हरदोई ।शहर के व्यस्त इलाके रामजानकी मंदिर के पास रविवार की रात तीन खोखे (गुमटी) में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग की लपटें उठती देख आसपास के दुकानदारों और राहगीरों में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने तत्काल अग्निशमन विभाग को सूचना दी। शहर कोतवाली क्षेत्र के रामजानकी मंदिर के निकट बाइक और रियाज की बाइक रिपयेरिंग की दुकान है। जबकि पास में ही कपड़े प्रेस की दुकान में देर रात में अचानक आग लग गई। जिसकी जानकारी मिलते ही अग्निशमन अधिकारी शिवराम यादव और अग्निशमन द्वितीय अधिकारी सुशील कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए आग को फैलने से रोका।दमकल कर्मियों ने पहले गैस सिलेंडर व ज्वलनशील सामान को सुरक्षित बाहर निकाला, इसके बाद पानी की बौछार से आग पूरी तरह बुझाई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और तेजी से कार्रवाई करते हुए आग पर काबू पा लिया। समय रहते आग बुझा लेने से आसपास की दुकानों और मकानों को संभावित बड़े नुकसान से बचा लिया गया। घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, जिससे क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली। फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है। प्रशासन ने दुकानदारों से विद्युत उपकरणों की नियमित जांच कराने और सावधानी बरतने की अपील की है।

## पर्व को लेकर शीशगढ़ पुलिस अलर्ट, ड्रोन से निगरानी

लोक तंत्र की आवाज




**बरेली (शीशगढ़)।** संवाददाता लादेन मंसूरी।आगामी होली और रमजान के पावन अवसर को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए शीशगढ़ पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गई है। थाना क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अफवाह, खुराफात या माहौल बिगाड़ने की कोशिश को सख्ती से रोकने के लिए व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए जा रहे हैं। एसएसपी बरेली द्वारा दिए गए निर्देशन में थाना शीशगढ़ पुलिस द्वारा लगातार गश्त और फ्लैग मार्च किया जा रहा है। थाना प्रभारी निरीक्षक हरेन्द्र सिंह स्वयं पुलिस बल के साथ क्षेत्र के संवेदनशील गांवों में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ड्रोन कैमरों से होगी निगरानी होली के दिन विशेष सतर्कता बरती जाएगी। थाना प्रभारी निरीक्षक हरेन्द्र सिंह ने बताया कि संवेदनशील और मिश्रित आबादी वाले गांवों में ''तीसरी आंख'' यानी ड्रोन कैमरों के माध्यम से निगरानी की जाएगी। ड्रोन से पूरे क्षेत्र पर नजर रखी जाएगी ताकि कोई भी शरारती तत्व माहौल खराब करने की कोशिश न कर सके। नमाज के दौरान विशेष व्यवस्था रमजान के मद्देनज़र नमाज के समय विशेष सतर्कता बरती जाएगी। पुलिस यह सुनिश्चित करेगी कि नमाज पढ़ने जा रहे रोजेदारों पर जबरन रंग न डाला जाए और आपसी सम्मान व भाईचारा बना रहे। साथ ही, होलिका दहन से पूर्व किसी भी स्थान पर समय से पहले आग जलाने जैसी घटनाओं को रोकने के लिए भी निगरानी बढ़ा दी गई है। अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर भी निगरानी रखी जा रही है। अफवाह फैलाने या आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। थाना प्रभारी ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना पर ध्यान न दें और तुरंत पुलिस को सूचित करें।भाईचारे के साथ मनाएं त्योहार थाना प्रभारी निरीक्षक हरेन्द्र सिंह ने क्षेत्र के सभी धर्मगुरुओं, संभ्रांत नागरिकों और युवाओं से अपील की है कि वे आपसी सौहार्द बनाए रखें और होली व रमजान के त्योहार को प्रेम, भाईचारे और शांति के साथ मनाएं। शगढ़ पुलिस का स्पष्ट संदेश है कि त्योहारों की खुशियों में खलल डालने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी, जबकि कानून का पालन करने वाले नागरिकों को पूरी सुरक्षा प्रदान की।

## हैवेल्स सोलर चौपाल'से घर और व्यापार को मिली ऊर्जा की शक्ति

लोक तंत्र की अवाज़




रत्ना
**लखनऊ।** आत्मनिर्भरता और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में दैनिक जागरण और हैवेल्स की ओर से एक खास जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जहां लोगों को सौर ऊर्जा से संबंधित अहम जानकारियां मिल रही हैं। 'हैवेल्स सोलर चौपाल' कार्यक्रम का आयोजन उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के कई प्रमुख शहरों में किया जा रहा है, जिनमें लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, प्रयागराज, नोएडा, औरैया, अयोध्या, आगरा, गोरखपुर, मेरठ, देहरादून और हल्द्वानी शामिल हैं।इस पहल में लोगों को बताया जा रहा है कि सौर ऊर्जा को अपनाकर कैसे अपने घर और व्यापार के बिजली बिल में कटौती की जा सकती है। साथ ही, धरती को स्वच्छ ऊर्जा का सुरक्षा कवच कैसे मिल सकता है, इसके बारे में भी जागरूक किया जा रहा है। हैवेल्स सोलर चौपाल में मोबाइल वैन के जरिए शहर, कस्बा तथा गांव के घर-घर पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है। इन मोबाइल वैनों में हैवेल्स के अत्याधुनिक सोलर पैनल और विभिन्न इलेक्ट्रिकल उत्पाद प्रदर्शित किए गए हैं, ताकि लोगों को इससे संबंधित तकनीकी जानकारी मिल सके। साथ ही, 'प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना' का लाभ उठाने के लिए भी प्रोत्साहित किया जा रहा है।

## 100 विधायक लाओ, मुख्यमंत्री बन जाओ', अखिलेश यादव ने कहा- पुराना ऑफर आज भी कायम है

लोक तंत्र की अवाज़

रत्ना
**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा के अंदर कथित अंतर्कलह पर कटाक्ष करते हुए मजाकिया अंदाज में कहा कि उनका पुराना ऑफर आज भी कायम है '100 विधायक लाओ और मुख्यमंत्री बन जाओ।' सपा अध्यक्ष ने आगे कहा कि जो भी 100 विधायक अपने साथ लेकर आएगा, उसे एक सप्ताह के लिए मुख्यमंत्री बना दिया जाएगा। उन्होंने यह टिप्पणी संभवतः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जापान यात्रा के संदर्भ में की । इससे पहले अखिलेश यादव ने जगद्गुरु रामभद्राचार्य को लेकर तीखा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अपने मुख्यमंत्रित्व काल में रामभद्राचार्य पर दर्ज मुकदमा वापस लेना उनकी गलती थी और उस समय उन्हें जेल भेजा जाना चाहिए था। उन्होंने यह टिप्पणी स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती पर यौन शोषण का आरोप लगाने वाले आशुतोष ब्रह्मचारी के संदर्भ में की, जिन्हें रामभद्राचार्य का शिष्य बताया जा रहा है।



## गोंडा : भूमि विवाद में अधिवक्ता सुभाष चंद्र की हत्या के विरोध में वकीलों ने जोरदार प्रदर्शन किया

लोक तंत्र की आवाज़

**करीम खान**
**गोंडा** जिले के कर्नलगंज कोतवाली क्षेत्र के विवाद में अधिवक्ताओं ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और लापरवाह पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की, जबकि पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। जमीनी रंजिश को लेकर हुए खूनी संघर्ष में अधिवक्ता सुभाष चंद्र की हत्या के बाद अधिवक्ताओं में आक्रोश फैल गया। सोमवार को जिला बार एसोसिएशन के नेतृत्व में बड़ी संख्या में वकीलों ने कचहरी परिसर से पुलिस अधीक्षक कार्यालय तक मार्च निकाला। वकीलों ने प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की।

**वकीलों ने प्रदर्शन कर एसपी को ज्ञापन सौंपा:** जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रविचंद्र त्रिपाठी ने प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि अधिवक्ता की दिनदहाड़े हत्या कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है। उन्होंने मांग की कि सभी आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए। घटना में लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। इसके बाद अधिवक्ताओं ने अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन पुलिस अधीक्षक को सौंपा।



**पुलिस ने 24 घंटे के भीतर चार नामजद आरोपियों में से तीन को किया गिरफ्तार:** अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) राधेश्याम राय ने बताया कि रविवार को दो सगे भाइयों के बीच भूमि विवाद को लेकर हुए संघर्ष में अधिवक्ता सुभाष चंद्र की मौत हो गई थी। जबकि अन्य लोग घायल हुए हैं। उन्होंने बताया कि मामले में नामजद चार आरोपियों में से तीन को गिरफ्तार कर लिया गया है। फरार एक अन्य आरोपी की तलाश में पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। पुलिस के अनुसार, मृतक अधिवक्ता का पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार करा दिया गया है। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## सूर्या पब्लिक स्कूल में वार्षिक महोत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न

लोकतंत्र की आवाज

**करीम खान**
**बलरामपुर।** सूर्या पब्लिक स्कूल में वार्षिक महोत्सव का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों, नृत्य, नाटक और गायन प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी बहुमुखी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। रंगारंग नृत्य, मनमोहक नाटक और मधुर संगीत प्रस्तुतियों ने उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों का मन मोह लिया।कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि द्वारा शैक्षणिक, खेलकूद एवं अन्य सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को मेडल और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह ने बच्चों में आत्मविश्वास, प्रतिस्पर्धा की भावना और टीम वर्क को बढ़ावा दिया। विद्यालय परिवार का मानना है कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मंच पर प्रस्तुति देने से विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ता है और मंच भय दूर होता है। आयोजन में विद्यालय के शिक्षकगण, अभिभावक एवं गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की सफलता में छात्रों और शिक्षकों के साथ-साथ प्रधानाचार्य की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिनके मार्गदर्शन में यह वार्षिक दिवस समारोह यादगार बन गया।



## संक्षिप्त खबरें ।

### एम्स की प्रो. डॉ वीणा सिंह को मिला आईएमए नेशनल बेस्ट मेडिकल टीचर अवार्ड



लोकतंत्र की आवाज
संवाददाता विनोद प्रसाद

पटना, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा एम्स पटना की प्लास्टिक सर्जरी विभागाध्यक्ष प्रो. वीणा कुमारी सिंह को नेशनल बेस्ट मेडिकल टीचर अवार्ड से नवाजा गया। यह सम्मान मोतिहारी में हुए बिहार आईएमए के 81वें वार्षिक अधिवेशन में राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अनिल नायक, महासचिव डॉ सारबरी दत्ता एवं कोषाध्यक्ष डॉ पीयूष जैन के द्वारा डॉ वीणा को चिकित्सा शिक्षा क्षेत्र में उनके कुशल नेतृत्व एवं उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया गया है। बिहार आईएमए की तरफ से उन्हें 2026 के प्रतिष्ठित पटना जर्नल ऑफ मेडिसिन का बिजनेस सेक्रेटरी भी बनाया गया है। ज्ञात हो कि डॉ वीणा 2021 से फ़ाइमर फ़ेलो हैं जो कि सबसे उच्च स्तर की मेडिकल टीचर्स ट्रेनिंग है और इसके तहत पिछले पांच वर्षों से वे विभिन्न संस्थानों में एमबीबीएस तथा पीजी छात्र और शिक्षकों को ट्रेनिंग देती रहीं हैं। डॉ वीणा का क्रिटिकल थिंकिंग पर विशेष अध्ययन एवं शोधकार्य है, जिससे रोगी देखभाल के समय गुणवत्तापूर्ण निर्णय लेने में सहायता मिलती है। डॉ वीणा वर्तमान में राष्ट्रीय प्लास्टिक सर्जरी संघ की कोषाध्यक्ष होने के साथ संघ के पीजी कोर्स का नेत्तृत्व कर रहीं हैं तथा बिहार झारखंड प्लास्टिक सर्जरी एसोसिएशन के उपाध्यक्ष पद पर भी कार्यरत हैं।

### नही रहे ख्याति प्राप्त वरिष्ठ अधिवक्ता परमेश्वर सिंह, जिले में शोक की लहर



लोकतंत्र की आवाज

समस्तीपुर। जिले के प्रख्यात एवं वरिष्ठ अधिवक्ता परमेश्वर सिंह का निधन शहर के काशीपुर मुहल्ले स्थित अपने निवास स्थान पर हो गया। अधिवक्ता परमेश्वर सिंह के निधन की खबर सुनते ही भारी संख्या में लोगों ने उनके पार्थिव शरीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उनका अंतिम संस्कार पैतृक गांव सिंधिया प्रखंड के मिल्कि ग्राम में किया गया। मालुम हो कि समस्तीपुर जिला भर में अधिवक्ता परमेश्वर बाबु की एक पहचान थी। आपराधिक मामलों में ख्याति प्राप्त परमेश्वर बाबु पीड़ितों एवं गरीबों के मसीहा माने जाते थे। लोगों में यह मान्यता प्राप्त था कि जिस केश को परमेश्वर बाबू ले लिये उस पक्ष की जीत लगभग तय प्रतीत होता था। रोसड़ा एवं समस्तीपुर जेल में भी परमेश्वर बाबू के निधन की खबर पहुंचते ही कैदियों के बीच शोक की लहर दौड़ गया। अधिवक्ता परमेश्वर सिंह अपने पिछे दो पुत्रों एवं दो पुत्री के साथ एक भड़ा पूरा परिवार छोड़ गये हैं। लोकप्रियता का आलम यह है कि सिंधिया प्रखंड के हरदिया पंचायत में जब तक मुखिया का समान्य सीट रहा उनके परिजन ही लोकप्रिय मुखिया हुए। मुखाग्नि ज्येष्ठ पुत्र दिया। शोक व्यक्त करने वाले प्रमुख लोगों में उप प्रमुख रिंकू सिंह, अधिवक्ता वीरेंद्र कुमार, विनीत कुमार, लोजपा नेता, निरंजन सिंह, कौशल सिंह, पूर्व उप प्रमुख रौशन सिंह, प्रखंड प्रमुख बिरजू साह, प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष चंद्रमणि सिंह, चंदन कुमार सिंह, पूर्व मुखिया अरविंद सिंह, शिक्षक संघ के नेता राजेश कुमार राजू, पूर्व मंत्री अशोक कुमार, भाजपा नेता कुन्दन कुमार सिंह समेत बड़ी संख्या में लोगों ने शोक व्यक्त करते हुए ईश्वर से पुण्यआत्मा को श्री चरणों में स्थान के लिए शान्ति प्रार्थना किया।

## डेढ़ वर्ष में तीन बार तबादला, इनकी नौकरी पर फर्जीवाड़ी का संकेत



लोक तंत्र की आवाज

**सुपौल।** जिले में एक ऐसा जासूस और ब्लैकमेलर है जो फर्जीवाड़े गिरोह के मुख्य सरगना माने जाते हैं, उन्होंने पूरे जिले के सिस्टम को बोना बना दिया" और डेढ़ साल की अवधि में तीन बार तबादला हुआ जानकारी के मुताबिक त्रिवेणीगंज अंचल राजस्व विभाग में 20 अक्टूबर 2022 को इंटर लेवल एग्जाम से नोकरी में ज्वाइनिंग किए थे, लोग बताते हैं, कि निम्न वरीय लिपिक मिथुन चक्रवर्ती कई नौकरी छोड़कर यह युवक राजस्व विभाग में नौकरी हासिल कैसे कर ली है जो संदेह के घेरे में इसकी जांच कराया जाना आवश्यकता है।

विश्वसनीय सूत्र के अनुसार मिथुन चक्रवर्ती मुन्ना भाई बनकर अवक बनाकर कितने को अवैध ढंग से नौकरी में भेजा है और खुद पहले रेलवे में नौकरी की उसके बाद शिक्षा विभाग सहित अन्य कई विभागों में नौकरी की तथा सेटिंग कर नौकरी दिलाने का भी काम किया। इनका अवैध धंधा बड़ी तेजी से फूल फल रहा था। इस खेल में अकुत संपत्ति अर्जित की। इतना ही नहीं त्रिवेणीगंज गैर मजरुआ खास खाते की जमीन खरीद कर रजिस्ट्री करा ली जबकि गैर मजरुआ खास खाते की जमीन का रजिस्ट्री 2012 से ही बंद है, वहां जमीन खरीद कर दो तल्ला मकान बना ली। यह खेल खेलते हुए शुरुआती त्रिवेणीगंज अंचल कार्यालय में राजस्व विभाग में पदस्थापित हुए राजस्व विभाग में किस आधार पर सेवा में आए थे। आज तक उनकी कोई जांच नहीं हुई है, जब तक त्रिवेणीगंज अंचल कार्यालय में पदस्थापित थे तब तक अंचल कार्यालय को लूट का अड्डा बना दिया था, इनका अधिक साथ गांठ दलाल बिचोलिया एवं असामाजिक तत्वों से रहा अगर इनके विरुद्ध कोई व्यक्ति आवाज उठाते हैं तो आवाज को दबाने के लिए यह अपने चहते लोगों से धमकी भी दिलाते थे। जिनका अपराधी की इतिहास रहा है। उस अंतराल में यह विशाल नेटवर्क खड़ा कर अपना साम्राज्य कायम कर लिया।

बड़े-बड़े नेता विधायक मंत्री से साठ गांठ होने का दवा देकर अंचल अधिकारी एवं हल्का कर्मचारी से अवैध काम को सही काम कह कर करवा लेते थे, फीर अपने चंगुल में फंसा कर उनसे मन चाहे काम करवाते थे। हैरानी की बात यह था कि त्रिवेणीगंज अंचल कार्यालय जब से कार्यरथ था मिथुन चक्रवर्ती अंचल में कोई डाटा अवेलेबल नहीं था। इनपर अवैध वसूली और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों को देखते हुए पुर्व जिलाधिकारी कौशल कुमार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित कर्मचारी/मिथुन चक्रवर्ती का तबादल त्रिवेणीगंज अंचल से जिला स्थापना ज्ञापांक 780-2 दिनांक 28/ 8/ 2024 प्रतिनियुक्ति अंचल कार्यालय राघोपुर राघोपुर अंचल कर दिया।

**डीएम के स्तर से जारी स्थानांतरण पत्रों में हेरा-फेरी:** मालूम हो कि जब राघोपुर आंचल कार्यालय में संबंधित कर्मी की पोल खुलने वाली थी किसी तरह वहां से निकल गए। जबकि जिला प्रशासन ने ही राघोपुर अंचल कार्यालय प्रतिनियुक्त किया था। संबंधित कर्मचारी/ मिथुन चक्रवर्ती का तबादल जिला स्थापना ज्ञापांक 780-2 दिनांक 28/ 8/ 2024 को (अंचल कार्यालय त्रिवेणीगंज प्रतिनियुक्ति अंचल) कार्यालय राघोपुर अंचल किया गया। जब संबंधित कर्मी की वहां नहीं चली तो जिला प्रशासन के लेटर को भी हेरा फेरी कर जिला निर्वाचन शाखा सुपौल प्रतिनियुक्ति करा लिया। उस पत्र में भी दर्शाया गया (अंचल कार्यालय त्रिवेणीगंज प्रतिनियुक्त) से अंचल कार्यालय राघोपुर हाल में हुई संबंधित कर्मी की तबादला चर्चा का विषय बना हुआ है, जिला स्थापना शाखा सुपौल ज्ञापांक 1266 दिनांक 24 /12 /25 जारी पत्र में (अंचल कार्यालय त्रिवेणीगंज प्रतिनियुक्त) मिथुन चक्रवर्ती को प्रखंड कार्यालय त्रिवेणीगंज प्रतिनियुक्ति किया गया, चुकी उस पत्र में भी (अंचल कार्यालय त्रिवेणीगंज प्रतिनियुक्त) दर्शाया हुआ है। अब सवाल उठता है, संबंधित कर्मी की डेढ़ वर्ष में तीन बार तबादला कहीं ना कहीं बहुत बड़ा जालसाजी का संकेत देता है, यह मुद्दा आमतौर पर नियमों की अनदेखी संलिप्ता दर्शाती है, लोगों का मानना है पूर्व जिला अधिकारी भ्रष्टाचार मुक्त करने के लिए इनको त्रिवेणीगंज से मुक्त किया था। लेकिन पुनः इनको त्रिवेणीगंज प्रखंड मुख्यालय में प्रतिनियुक्त कर संकेत दिया कि भ्रष्टाचार में लिप्त कर्मियों पर कोई कार्रवाई नहीं होती है, मनचाहे तबादला हो जाती है। लोगों ने संबंधित कुर्मी को अभिलंब जिला प्रशासन से इन्हें त्रिवेणीगंज प्रखंड से मुक्त करने की मांग की है।

■ **मिथुन चक्रवर्ती हमेशा रहता है त्रिवेणीगंज प्रखंड से गायब, कई नौकरी को छोड़कर आई राजस्व विभाग में**

## दाखिल-खारिज में 21 मामलों की अनियमितता पर सीओ के खिलाफ आरोप पत्र की तैयारी

लोक तंत्र की आवाज



**सुपौल।** जिले के त्रिवेणीगंज अंचल में ऑनलाइन दाखिल-खारिज और अन्य राजस्व मामलों के निष्पादन में हुई देरी को लेकर जिला प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। जिलाधिकारी सावन कुमार के निर्देश पर अंचल अधिकारी प्रियंका सिंह के विरुद्ध 21 मामलों में अनियमितता पाए जाने के आधार पर 'प्रपत्र-क' के तहत आरोप पत्र गठित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

जानकारी के अनुसार, ऑनलाइन दाखिल-खारिज मामलों के निष्पादन में अनावश्यक विलंब को लेकर जिला स्तर पर लगातार शिकायतें मिल रही थीं। 25 नवंबर 2025 को आयोजित राजस्व समीक्षा बैठक में भी यह बात सामने आई कि 75 दिनों से अधिक समय से 58 मामले लंबित थे। इनमें कई मामलों में आपत्तियां तो दर्ज की गईं, लेकिन उनका स्पष्ट कारण उल्लेखित नहीं था। इसके बाद भूमि सुधार उप समाहर्ता, त्रिवेणीगंज द्वारा जांच कराई गई। जांच प्रतिवेदन (पत्रांक 408, दिनांक 26/11/2025) के अनुसार, अधिकांश अनियमितताओं में तत्कालीन राजस्व अधिकारी राकेश कुमार की कार्यशैली पर सवाल उठे।

ऑनलाइन दाखिल-खारिज मामलों का निष्पादन 35 दिनों के भीतर होना चाहिए, लेकिन कई मामलों में समयसीमा का पालन नहीं किया गया। प्रशासनिक नियमों की अनदेखी और संभावित व्यक्तिगत हितों की आशंका को गंभीर मानते हुए राजस्व अधिकारी को त्रिवेणीगंज अंचल से मुक्त कर स्थापना शाखा, सुपौल में प्रतिनियुक्त किया गया। उसी क्रम में अंचल अधिकारी प्रियंका सिंह से भी स्पष्टीकरण तलब किया गया था, जिसका जवाब उन्होंने 31 दिसंबर 2025 को प्रस्तुत किया। इसके बावजूद प्रशासन ने 21 मामलों में अनियमितता मानते हुए अनुमंडल पदाधिकारी और भूमि सुधार उप समाहर्ता को संयुक्त रूप से आरोप पत्र गठित कर साक्ष्य सहित प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

इधर, स्थानीय लोगों का कहना है कि राजस्व अधिकारी के स्थानांतरण के बाद अंचल में दाखिल-खारिज कार्यों में पारदर्शिता और समयबद्धता आई है। रैयतों के साथ व्यवहार में सुधार तथा कार्यालय की कार्यप्रणाली में बदलाव की चर्चा भी क्षेत्र में हो रही है। सीओ के विरुद्ध आरोप पत्र गठित होने की खबर से क्षेत्र में हैरानी और चर्चा का माहौल है। कई लोग इसे प्रशासनिक जवाबदेही की कार्रवाई मान रहे हैं, तो कुछ इसे ईमानदार अधिकारियों के लिए चुनौतीपूर्ण स्थिति बता रहे हैं। लोगों ने जिला प्रशासन से सीईओ प्रियंका पर एक मौका देते हुए आरोप पत्र नहीं गठित करने की मांग कर रही है, फिलहाल, पूरे मामले पर जिला प्रशासन की आगे की कार्रवाई पर सबकी नजर टिकी है।

■ **त्रिवेणीगंज अंचल में राजस्व कार्यों में देरी पर प्रशासन सख्त, फैसले से लोग हैरान**

## बाल मेला का किया गया आयोजन



लोकतंत्र की आवाज

**पूसा/समस्तीपुर।** प्रखण्ड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय जगदीशपुर, पूसा के प्रांगण में आंगनबाड़ी एवं विद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में बाल मेला सह स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया गया।

मेला का उद्घाटन विशिष्ट अतिथि धोबगामा पंचायत के मुखिया राजीव कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। मेले में पोषण स्टाल के साथ विभिन्न प्रकार की गतिविधियां जैसे रिंग फेक, नृत्य, जलेबी कूद आदि प्रस्तुत किया गया। प्रतियोगी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। मेले में बैजू राय, संतोष यादव, कुमार अविनाश तथा ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाध्यापक जितेंद्र कुमार ने सबको धन्यवाद ज्ञापन दिया।

## नीति आयोग के पदाधिकारी ने किया पीरपैंती प्रखंड का दौरा

लोकतंत्र की आवाज

केदार नाथ पाण्डेय

**पीरपैंती।** नीति आयोग के बिहार नोडल पदाधिकारी दिव्यांशु कुमार ने सोमवार को आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत पीरपैंती प्रखंड का दौरा किया। अपने दौरे की शुरुआत में उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र और मध्य विद्यालय मलिकपुर का भ्रमण किया।

आंगन बाड़ी केंद्र में छोटे छोटे बच्चों से नाम, पता, कविता, गिनती पूछे। बच्चों के जवाब से अधिकारियों ने उनका हौसला बढ़ाया। उसके बाद वर्ग आठ के बच्चों के क्लास में पूछ ताछ की। विद्यालय परिसर का बारीकी से निरीक्षण करते हुए उन्होंने बच्चों से शैक्षणिक सुविधाओं, मध्यान्ह भोजन, बैठने की व्यवस्था और अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रधानाध्यापक ओम कुमार यादव के कार्यों की सराहना भी की। विद्यालय परिसर में मानिकपुर के मुखिया अरविंद साह और प्रखंड प्रमुख रश्मि कुमारी ने नोडल पदाधिकारी का अंग वस्त्र से स्वागत किया।





इसके बाद दिव्यांशु कुमार ने प्रखंड कार्यालय स्थित पशु चिकित्सालय का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल की व्यवस्था, दवाइयों की उपलब्धता और पशुपालकों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। पशु लेकर आए लोगों से सीधे संवाद कर उन्होंने सेवाओं की गुणवत्ता पर फीडबैक भी प्राप्त किया।

निरीक्षण के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी अभिमन्यु कुमार, प्रखंड प्रमुख रश्मि कुमारी, प्रखंड फ्लो तानिया कुमारी, डॉ. विजय ललित, सन्हौला के प्रखंड फ्लो अमित उरांव सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। दिव्यांशु कुमार ने निरीक्षण के दौरान संतोष व्यक्त किया। बाकी बचे कामों के बारे मे अधिकारियों को निर्देश दिया कि आकांक्षी प्रखंड के अंतर्गत चल रही योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू कर आम जनता तक उनका लाभ सुनिश्चित किया जाए।

## बिहार में अवैध मांस-मछली दुकानों पर सख्ती, सभी नगर निकायों को कार्रवाई के निर्देश

लोकतंत्र की आवाज

संवाददाता विनोद प्रसाद

**पटना।** राज्य में शहरी स्वच्छता और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में बिहार सरकार ने ऐतिहासिक कदम उठाया है। नगर विकास एवं आवास विभाग ने राज्य के सभी नगर निकायों को अवैध रूप से संचालित मांस-मछली दुकानों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने का निर्देश जारी किया है। विभाग के संज्ञान में आया है कि कई शहरी क्षेत्रों में बिना विधिवत अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) के मांस-मछली की दुकानें संचालित की जा रही हैं। साथ ही अनेक दुकानों में निर्धारित स्वच्छता मानकों की अनदेखी की जा रही है और खुले व अस्वास्थ्यकर वातावरण में विक्रय किया जा रहा है। इससे आम नागरिकों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।



जारी निर्देश में स्पष्ट किया गया है कि बिहार नगरपालिका अधिनियम, 2007 की धारा 345 के प्रावधानों का उल्लंघन कर संचालित दुकानों के विरुद्ध सख्त विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। विशेष रूप से धारा 345 (4) के अंतर्गत बिना अनुज्ञप्ति चल रही दुकानों को बंद कराने की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। विभागीय जांच में यह भी पाया गया है कि कई दुकानें धार्मिक स्थलों, शैक्षणिक संस्थानों एवं भीड़-भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों के निकट संचालित हो रही हैं, जो नियमों के प्रतिकूल है। ऐसे मामलों में सामाजिक संवेदनशीलता और सार्वजनिक व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं।

नगर निकायों को दिए गए निर्देशों के अनुसार, बिना वैध अनुज्ञप्ति संचालित दुकानों की पहचान कर तत्काल कार्रवाई की जाए। स्वच्छता मानकों का उल्लंघन करने वाली दुकानों को बंद कराया जाए। संवेदनशील स्थानों के आसपास संचालित दुकानों पर विशेष निगरानी रखी जाए।

भविष्य में संचालन हेतु निर्धारित नियमों और शर्तों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जाए। विभाग ने सभी नगर निकायों के अधिकारियों को व्यापक निरीक्षण अभियान चलाने और अनुपालन रिपोर्ट शीघ्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। नागरिकों से भी अपील की गई है कि वे नियमों का पालन करें और बिना लाइसेंस किसी भी प्रकार का व्यापार संचालित न करें।

■ **बिना लाइसेंस संचालित दुकानों की बंदी और धारा 345 के तहत विधिसम्मत कार्रवाई होगी**

## रेल से जुड़ी जन समस्याओं को लेकर माकपा कार्यकर्ताओं ने दिया धरना

लोकतंत्र की आवाज

**विभूतिपुर/समस्तीपुर।** रेल से जुड़ी विभिन्न जन समस्याओं को लेकर माकपा कार्यकर्ताओं ने सिंघिया घाट स्टेशन परिसर में रविवार को धरना दिया गया। जिसमें कार्यकर्ताओं ने रोड ओभर ब्रिज का निर्माण करने, आरक्षण काउंटर की व्यवस्था करने, प्लेटफार्म का उंचीकरन करने, एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव करने, पैसेंजर ट्रेन की संख्या बढ़ाने, रेल की जमीन मे दुकान का किराया निर्धारित कर बेबजह दुकान उजाड़ने पर रोक लगाने का मन किया।

वहीं धरना को संबोधित करते हुए स्थानीय विधायक कॉ. अजय कुमार ने कहा कि इतनी बड़ी आबादी के लिए एक मात्र स्टेशन है, यहां से लंबी दूरी दिल्ली, मुंबई, अमृतसर, गुहाटी, कोलकाता आदि की कोई ट्रेन नही है। पटना जाने के लिए भी ट्रेन का ठहराव नही दिया गया है। जाम की भयंकर समस्या से जनता परेशान होती है। रेल जनता की लाइफ लाइन होती है, इसके निष्पादन की मांग की गयी।



धरना को सी पी आई एम जिला सचिव मंडल सदस्य कॉमरेड महेश कुमार, लोकल सचिव श्याम किशोर कमल, शशिकांत झा, क्रांति कुमार, पवन सिंह, सरपंच गणेश पासवान, मनोज यादव, संजय कुमार, बबलू कुमार, राजीव कुमार राय, राम पुनीत वर्मा, जागेश्वर महतो, शंकर शर्मा, उमेश दास, रघुनंदन सिंह आदि ने संबोधित करते हुए मांगों को पूरा करने की मांग की। जहां पांच सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने स्टेशन अधीक्षक को मांग पत्र सौंपा।

## विक्रमशिला महोत्सव की तैयारी के लिए कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण

लोकतन्त्र की आवाज

केदार नाथ पाण्डेय

**पीरपैंती, कहलगांव।** विक्रमशिला महोत्सव की तैयारी को लेकर कहलगांव प्रशासन पहुंची विक्रमशिला महोत्सव स्थल पर । प्रखंड विकास पदाधिकारी राजीव रंजन की उपस्थिति में अंचलाधिकारी सुप्रिया ने महोत्सव स्थल का निरीक्षण करते हुए स्थल पर बोए गए सरसों एवं गेहूं की खेती वाले किसानों को बुलाकर निर्देशित किया की दो दिन में आप लोग फसल काट लें।

वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव कुमार ने कहा की महोत्सव स्थल पर कुश्ती जो होगी कुश्ती स्थल को थोड़ा सा ऊंचा निर्माण कराया जाए। डॉ० प्रवीण कुमार राणा, मुखिया ललिता देवी, खाद आपूर्ति विभाग से मनीष कुमार, अनुमंडल प्रधान लिपिक केसरी जी संतोष कुमार, के साथ महोत्सव स्थल पर टेंट निर्माता भी उपस्थित थे।



अनुमंडल पदाधिकारी श्री कृष्ण चंद्र गुप्ता के निर्देशन में इस पर महोत्सव आर्कषक एवं भव्यतापूर्ण करने का उद्देश्य रखा गया है। वही स्कूली बच्चों के लिए चित्रकला, निबंध, मेंहदी, संगीत/नृत्य, एवं बाद विवाद प्रतियोगिता भी रखा गया है जो विभिन्न स्तर पर 27 फरवरी को विद्यालय वार 28 फरवरी को संकुल स्तर पर और 06 मार्च को प्रखण्ड स्तर पर प्रतियोगिता कराने का निर्णय लिया गया है। जो महोत्सव के दिन उन्हें परतोषित वितरण किया जाएगा।

## भाकपा-माले का अंचल कार्यालय पर भूख-हड़ताल शुरू

लोकतंत्र की आवाज

**उजियारपुर/समस्तीपुर।** भाकपा माले कमेटी के बैनरतले अंचल कार्यालय के समक्ष भूख-हड़ताल प्रखंड सचिव गंगा प्रसाद पासवान के नेतृत्व में शुरू कर दिया है। प्रमुख मांगों में पीएम आवास योजना में शामिल लोगों के नाम को सार्वजनिक करने, सैकड़ों की संख्या में छुटे नाम को पीएम आवास योजना की सूची में शामिल करने, मालती, भगवानपुर देसुआ और नाजिरपुर सहित अन्य पंचायतों में छुटे लोगों के नाम को प्रखंड विकास पदाधिकारी के स्तर से शामिल कर सूची तत्काल प्रभाव से जारी करने, दाखिल-खारिज और परिमार्जन के नाम पर लोगों से की जा रही रिश्वत खोरी पर रोक लगाने, क्षेत्र में बढ़ते भूमि विवाद को भौतिक सत्यापन को आधार बनाकर हल करने, जिला परिषद क्षेत्र संख्या 28 में योजना के कार्यान्वयन हेतु चयनित स्थल पर जमीन उपलब्ध करने की मांग किया है। भूख-हड़ताल स्थल पर आयोजित सभा की अध्यक्षता प्रखंड कमेटी सदस्य तनंजय प्रकाश ने किया।




सभा को संबोधित करते हुए भाकपा-माले प्रखंड सचिव गंगा प्रसाद पासवान और जिला स्थायी कमेटी सदस्य फूलबाबू सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के सूची के सत्यापन के बदले हर पंचायत में मोटी रकम की लाभ पाने के इच्छुक परिवारों से की गई है इसके बाबजूद भी मालती, भगवानपुर देसुआ और नाजिरपुर पंचायत के लोगों का सत्यापन सूची में नाम गायब है भाकपा माले तत्काल प्रभाव से सैकड़ों छुटे हुए लोगों के नाम को शामिल करवाना चाहता है।

माले नेताओं ने आरोप लगाया कि पिछले पांच वर्षों में उजियारपुर प्रखंड के किसी भी लोगों को मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिला है इसलिए एक भी गरीब परिवार का नाम प्रधानमंत्री आवास योजना के सूची में छूटना नहीं चाहिए। मालती के उपसरपंच सुधांशू प्रियदर्शी सहित सभा को प्रखंड कमेटी सदस्य, अर्जून दास, विजय कुमार राम, तनंजय प्रकाश, रोहित कुमार, मधुकर कुमार, भीम सहनी मो० सकूर, सुशील कुमार सिंह, प्रवीण आनन्द आदि ने संबोधित किया।

## संक्षिप्त खबरें ।

### नशा मुक्ति को लेकर बगहा पुलिस का फ्लैग मार्च, अवैध कारोबारियों पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी, लोगों से सहयोग की अपील



ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा
पश्चिमी चंपारण। समाज को नशामुक्त बनाने, युवाओं को नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करने तथा आमजनों में सुरक्षा का भाव उत्पन्न करने के उद्देश्य से बगहा पुलिस जिला में व्यापक फ्लैग मार्च निकाला गया। यह अभियान रामानंद कौशल, पुलिस अधीक्षक बगहा, के निर्देशानुसार चलाया गया। गहा पुलिस जिला के सभी शहरी एवं ग्रामीण थाना क्षेत्रों में पुलिस पदाधिकारियों और जवानों ने संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च कर लोगों को जागरूक किया। इस दौरान बाजारों, चौक–चौराहों और भीड़–भाड़ वाले इलाकों में पैदल मार्च करते हुए आम लोगों से अवैध नशे के कारोबार और सेवन के विरुद्ध पुलिस को सहयोग करने की अपील की गई। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि नशा एक गंभीर सामाजिक बुराई है, जो न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाती है बल्कि पूरे परिवार और समाज को भी खोखला कर देती है। युवाओं का भविष्य सुरक्षित रखने के लिए नशे के खिलाफ सामूहिक प्रयास जरूरी है। ग मार्च के माध्यम से स्पष्ट संदेश दिया गया कि अवैध मादक पदार्थों की बिक्री और तस्करी करने वालों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन ने दोहराया कि बगहा पुलिस इस सामाजिक बुराई को जड़ से समाप्त करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। अधिकारियों ने यह भी कहा कि भविष्य में भी इसी प्रकार के जागरूकता अभियान और सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी, ताकि समाज में कानून का भय और सुरक्षा का विश्वास बना रहे।

### मैट्रिक परीक्षा के दौरान छात्रा बेहोश, इलाज के बाद फिर भेजी जाएगी परीक्षा देने

ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा
**बगहा।** मैट्रिक परीक्षा की प्रथम पाली के दौरान बगहा स्थित मोंट फोर्ट पब्लिक स्कूल में एक छात्रा अचानक बेहोश हो गई। घटना से परीक्षा केंद्र पर कुछ देर के लिए अफरा–तफरी का माहौल बन गया। द्यालय के शिक्षकों ने तत्परता दिखाते हुए तत्काल इसकी सूचना अनुमंडलीय अस्पताल को दी। सूचना मिलते ही अस्पताल की एंबुलेंस मौके पर पहुंची और छात्रा को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। अस्पताल में डॉ. रामप्रवेश भारती ने छात्रा का प्राथमिक उपचार किया। चिकित्सक ने बताया कि छात्रा का ब्लड प्रेशर अचानक कम हो जाने के कारण वह बेहोश हो गई थी। फिलहाल उसका इलाज जारी है और उसकी स्थिति सामान्य बताई जा रही है। डॉक्टरों ने आश्वस्त किया है कि स्वास्थ्य में सुधार होने के बाद छात्रा को पुनः परीक्षा केंद्र भेज दिया जाएगा, ताकि वह अपनी परीक्षा पूरी कर सके। बेहोश हुई छात्रा की पहचान ठकराहा थाना क्षेत्र के मलाई टोला निवासी 16 वर्षीय ललिता कुमारी के रूप में हुई है। घटना के बाद अभिभावकों एवं विद्यालय प्रशासन ने राहत की सांस ली है।

### केसरियाः बिजधरी थाना क्षेत्र के सुंदरापुर भुसौलवा स्कूल के समीप एक सीएसपी संचालक से अपाची बाईक पर सवार तीन अपराधियों ने हथियार के बल पर लूटे 40 हज़ार

ब्यूरो चीफ मोतिहारी
**मोतिहारी।** बिजधरी थाना क्षेत्र के सुंदरापुर भुसौलवा स्कूल के समीप गांव में एक सीएसपी संचालक से अपराधियों ने हथियार के बल पर 40 हजार रुपए लूटपाट लिया है। वहीं घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल करने में जुट गई हैं। बताया जाता है कि एक अपाची बाइक पर सवार तीन अपराधियों ने दिनदहाड़े घटना को अंज़ाम देकर फरार हो गए। उधर इस घटना के बाद गांव में तरह तरह के चर्चाएं होनी शुरू हो गई है। वहीं बिजधरी थानाध्यक्ष सीमा कुमारी ने कहा कि सीएसपी संचालक से लूट की घटना की जैसे ही जानकारी मिलीं मौका– ए–वारदात पर पहुंच मामले की छानबीन शुरू कर दी गई है। सीएसपी संचालक संतोष राम ने पूरी घटना की जानकारी दी है। मामले में पुलिस गिरफ्तारी हेतू छापेमारी की जा रही हैं। बहुत जल्द सभी अपराधी पुलिस गिरफ्त में होंगे।

# एमजीसीयू में खेल, जोश और एकता का उत्सव- 'उमंग 2026' का भव्य शुभांरभ

लोकतंत्र की आवाज




ब्यूरो चीफ मोतिहारी
कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव के प्रेरणादायक उद्बोधन, सांसद राधा मोहन सिंह एवं जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल की गरिमामयी उपस्थिति में उद्घाटन हुआ। मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच बना आकर्षण,महत्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय में आयोजित वार्षिक खेल महोत्सव ''उमंग 2026'' का शनिवार को अत्यंत उत्साह, गरिमा और खेल भावना के साथ भव्य शुभारंभ किया गया। विश्वविद्यालय परिसर स्थित गांधी भवन के खेल मैदान में रंग-बिरंगे गुब्बारों के उड़ान और फीता काटने के साथ खेल महोत्सव का औपचारिक उद्घाटन संपन्न हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम के संरक्षक कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव, पूर्वी चंपारण के जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल, स्थानीय सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री राधा मोहन सिंह तथा विश्वविद्यालय खेल बोर्ड के उपाध्यक्ष प्रो. शिरीष मिश्रा की गरिमामयी उपस्थिति रही। ''खेल जीवन निर्माण की मजबूत नींव हैं'' – कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव, अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने कहा कि खेल केवल प्रतियोगिता नहीं बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व और सहयोग की भावना का उत्कृष्ट प्रशिक्षण देते हैं। उन्होंने कहा कि ''उमंग जैसे आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाते हैं और उन्हें स्वस्थ, सकारात्मक तथा सक्षम नागरिक बनने की दिशा में आगे बढ़ाते हैं।'' युवाओं के व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम हैं खेल – जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने कहा कि खेल गतिविधियां युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना को विकसित करती हैं। उन्होंने जिला प्रशासन की ओर से ऐसे सकारात्मक आयोजनों को हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन भी दिया। फिट इंडिया की भावना को साकार करता है 'उमंग' – सांसद राधा मोहन सिंह सांसद राधामोहन सिंह ने कहा कि पढ़ाई के साथ खेलों में सक्रिय भागीदारी छात्रों को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाती है। उन्होंने कहा कि ''उमंग खेल महोत्सव प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए 'फिट इंडिया अभियान' की भावना को आगे बढ़ाता है और युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का सशक्त मंच प्रदान करता है।''उद्घाटन समारोह में विश्वविद्यालय एवं जिला प्रशासन के अधिकारी, विभिन्न विभागों के अधिष्ठाता, प्राध्यापकगण, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं शोधार्थी उपस्थित रहे, जिससे समारोह अत्यंत भव्य एवं उत्साहपूर्ण बन गया।मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच बना उद्घाटन दिवस का मुख्य आकर्षण कार्यक्रम के विशेष आकर्षण के रूप में विश्वविद्यालय प्रशासन और जिला प्रशासन के बीच 12 ओवर का रोमांचक मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच आयोजित किया गया। छात्रों ने उत्साहपूर्वक मुकाबले का आनंद लिया और तालियों की गूंज से पूरा खेल मैदान जीवंत हो उठा। छह दिनों तक चलेगा खेल महोत्सव, होंगी विविध प्रतियोगिताएं "उमंग 2026'' खेल महोत्सव 21 से 26 फरवरी तक लगातार छह दिनों तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबॉल, कबड्डी, बैडमिंटन, पिट्ठू, शतरंज, कैरम एवं एथलेटिक्स सहित अनेक प्रतियोगिताएं होंगी। आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्रों में खेल भावना, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीमवर्क को सुदृढ़ करना है। समापन समारोह 26 फरवरी को आयोजित होगा, जिसमें विजेता खिलाड़ियों एवं टीमों को सम्मानित किया जाएगा। ''उमंग 2026'' के भव्य शुभारंभ ने महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय परिसर में नई ऊर्जा, उल्लास और सकारात्मक वातावरण का संचार कर दिया है।

# मोतिहारीः कैरियर चिल्ड्रेन्स वर्ल्ड स्कूल का वार्षिक उत्सव धूमधाम से संपन्न




लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ मोतिहारी
**मोतिहारी।** के नगर भवन में कैरियर चिल्ड्रेन्स वर्ल्ड स्कूल का वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन प्रोफेसर डॉ. शोभाकांत चौधरी, प्रोफेसर डॉ. सुरेश प्रसाद चंद्र, प्रोफेसर राम निरंजन पांडे एवं शिवनाथ सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह को संबोधित करते हुए अतिथियों ने विद्यालय प्रबंधन की सराहना की और डायरेक्टर वाल्मीकि किशोर के शैक्षणिक योगदान को उल्लेखनीय बताया। अतिथियों ने कहा कि अपने शुरुआती दौर में वाल्मीकि किशोर ने बैंकिंग, रेलवे सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराकर सैकड़ों विद्यार्थियों को सरकारी सेवा में सफलता दिलाई है।अब विद्यालय के माध्यम से सैनिक स्कूल, नवोदय विद्यालय मिशन आदि में भी छात्रों को प्रवेश दिलाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। डॉ शिवनाथ सर ने भावुक होते हुए कहा कि उन्हें वाल्मीकि किशोर का गुरु होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। जिनके मार्गदर्शन में उनके पुत्र ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में सफलता हासिल की और वर्तमान में वे आर.एम. के पद पर कार्यरत हैं। डायरेक्टर वाल्मीकि किशोर ने कहा कि संस्था अब तक शिक्षा के माध्यम से बच्चों को सफलता दिलाने पर केंद्रित रही है, लेकिन अब सांस्कृतिक और नैतिक विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विद्यालय के अनुभवी शिक्षक-शिक्षिकाओं के समर्पण से सांस्कृतिक कार्यक्रम अद्भुत एवं सफल रहा। साथ ही अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को समय दें और उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम के दौरान उप मेयर डॉ लालबाबू प्रसाद ने प्रेरणादायक कहानी के माध्यम से बच्चों एवं अभिभावकों को संदेश दिया और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अंत में डायरेक्टर श्री किशोर ने विशेष तैयारी में योगदान देने वाले श्री गौरव सम्राट, मुकेश गुप्ता, मिस आरोही, आफरीन, नाजिश, कोमल, सौम्या सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह में प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित अभिभावकों एवं अतिथियों का मन मोह लिया।

# चुनाव : रंजन यादव निर्विरोध बने बगहा प्रखंड अध्यक्ष



लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा
**बगहा।** बगहा प्रखंड अध्यक्ष पद के लिए आयोजित चुनाव में रंजन यादव निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। चुनाव प्रक्रिया यमुनापुर टड़वलिया पंचायत स्थित पंचायत सरकार भवन में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष वातावरण में संपन्न हुई। नाव कार्यवाही प्रखंड प्रवेक्षक विमलेंदु सिंह उर्फ मुन्ना सिंह एवं प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी ब्रिजेश कुमार शर्मा उर्फ लड्डू शर्मा की देखरेख में कराई गई। दोनों अधिकारियों की उपस्थिति में पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ पूरी की गई। निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा होते ही समर्थकों में उत्साह का माहौल देखा गया। कार्यकर्ताओं ने नवनिर्वाचित प्रखंड अध्यक्ष को बधाई दी और संगठन को और मजबूत करने का भरोसा जताया। जन यादव ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन की मजबूती और क्षेत्र के विकास के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

# नेपाल-भारत सीमा जिला समन्वय समिति की संयुक्त बैठक, भारत-नेपाल सीमा जिला समन्वय समिति की संयुक्त बैठक संपन्न

लोकतंत्र की आवाज



ब्यूरो चीफ मोतिहारी
दिनांक 21 फरवरी, 2026 को एकीकृत चेक पोस्ट, बीरगंज, परसा नेपाल में भारत नेपाल सीमा ज़िला समन्वय समिति की संयुक्त आयोजित की गई। इस बैठक में नेपाल की ओर से परसा एवं बारा जिले के चीफ डेवलपमेंट आफिसर तथा भारत की ओर से पूर्वी चंपारण के डीएम सौरभ जोरवाल तथा पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात सम्मिलित हुए। दोनों पक्षों ने सीमा पर अवैध गतिविधियों की रोकथाम हेतु परस्पर सहयोग जारी रखने की प्रतिबद्धता दोहराई। परसा, बारा (नेपाल) तथा पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण (भारत) से संलग्न सीमा क्षेत्र की वर्तमान सुरक्षा स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई और सीमा को सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण बनाए रखने हेतु समन्वय को और सुदृढ़ करने पर सहमति व्यक्त की गई। नेपाल में आगामी निर्वाचन (2026) को दृष्टिगत रखते हुए, दोनों पक्षों ने चुनाव की अवधि में सीमा पर विशेष सतर्कता बनाए रखने की कार्ययोजना बनाई। भारतीय पक्ष ने चुनाव से संबंधित संवेदनशीलताओं का संज्ञान लेते हुए नेपाली पक्ष को आवश्यक सहयोग प्रदान करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने हेतु निर्णय लिया गया कि तत्काल प्रभाव से दोनों पक्षों द्वारा प्रभावी एवं नियमित जांच आरंभ की जाएगी। मतदान के दिन वाहनों की आवाजाही पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा, केवल आपातकालीन एवं आवश्यक सेवाओं के वाहनों को समुचित जांच के पश्चात अनुमति दी जाएगी। मतदान से कम से कम एक सप्ताह पूर्व नेपाली पक्ष की चेक पोस्ट एवं भारतीय पक्ष की एसएसबी सीमा चौकियों को सुदृढ़ किया जाएगा तथा सभी प्रकार के वाहनों की गहन जांच की जाएगी। दोनों पक्षों द्वारा नियमित संयुक्त गश्त की जाएगी। सीमा को 72 घंटे (दिनांक 03 मार्च से 05 मार्च, 2026) के लिए सील किया जाएगा। दोनों पक्षों के सीमा सुरक्षा अधिकारी प्रत्येक सप्ताह कम से कम एक बार अपने समकक्षों से मिलेंगे और असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर नियंत्रण हेतु आवश्यक विषयों पर विचार-विमर्श करेंगे। मानव तस्करी, नकली मुद्रा, अवैध व्यापार, छोटे हथियारों की तस्करी सहित अन्य सीमा पार अपराधों की रोकथाम हेतु दोनों पक्षों ने संयुक्त निगरानी, जांच एवं नियंत्रण प्रयासों को सुदृढ़ करने पर सहमति व्यक्त की। सीमा पार अपराधों की प्रभावी रोकथाम हेतु वास्तविक समय में सूचनाओं के आदान- प्रदान की व्यवस्था स्थापित करने, मानक संचालन प्रक्रिया निर्धारित करने तथा नोडल संपर्क बिंदु नामित करने पर भी सहमति बनी। मादक द्रव्यों, नकली शराब, प्रतिबंधित वस्तुओं एवं अन्य अवैध सामग्री की तस्करी पर नियंत्रण हेतु संयुक्त निगरानी, चेकपोस्टों पर कड़ी कार्रवाई तथा समय पर सूचना साझा करने पर सहमति व्यक्त की गई।

# बाल विवाह मुक्ति रथ को संबोधित करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस अधिकारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया

लोकतंत्र की आवाज



ब्यूरो चीफ मोतिहारी
**पूर्वी चम्पारण।** दिनांक 23/2/26 को जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन एलायंस के सहयोगी पार्टनर्स प्रयास जुवेनाइल एड सेंटर पूर्वी चम्पारण द्वारा अपने चिन्हित 50 गावों में जागरूकता के लिए निरंतर बाल विवाह मुक्ति रथ यात्रा चलाई जा रही हैं। जिसको ग्रामीण क्षेत्र में महिला पुरुष बच्चे बच्चिया संबोधित कर रहे पूरे भारत में 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को लेकर बाल विवाह मुक्ति रथ के माध्यम से जन जन तक सभी समुदाय में जागरूकता फैलाई जा रही हैं। यह रथ अंतिम चरण में सभी चिन्हित प्रखंड रक्सौल, रामगढ़वा, आदापुर, छौडाद्दानो में भ्रमण करेगी।प्रयास जुवेनाइल एड सेंटर पूर्वी चम्पारण द्वारा ये जागरूकता अभियान 8 मार्च तक विशेष अभियान के तहत चलाई जा रही हैं ताकि बाल विवाह के प्रति लोग जागरुग हो सके। बाल विवाह मुक्ति रथ को संबोधित करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई जिसको जड़ से मिटाने के लिए लोगों को जागरूक होना पड़ेगा तभी हम बाल विवाह को नियंत्रण कर सकते हैं। वहीं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मनीष कुमार द्वारा बताया गया कि बाल विवाह बच्चे बच्चियों का भविष्य खराब कर रही हैं। बच्चे शिक्षा से वंचित हो रहे हैं। इस लिए हम सभी को एक एक जुट होकर इस कुरीतियों को समाप्त करनी होगी प्रयास जुवेनाइल एड सेंटर द्वारा बहुत ही सराहनीय कार्य किया जा रहा बाल विवाह मुक्ति रथ के माध्यम से लोगों को जागरूक करना। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रयास जुवेनाइल एड सेंटर पूर्वी चम्पारण की जिला परियोजना समन्वयक आरती कुमार द्वारा किया गया। ताकि 2030 बाल विवाह को नियंत्रण किया जा सके। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी जयप्रकाश कुमार रक्सौल, प्रखंड विकास पदाधिकारी रणधीर कुमार आदापुर, मो० वासिक छोडादानों अंचलाधिकारी, रक्सौल शेखर राज, आदापुर अनामिका सिंह, छौंड़ादानों ऋषभ कुमार, एवं सभी पंचायत मुखिया, श्रम परिवर्तन पदाधिकारी आदापुर राजीवरंजन कुमार गोड, प्रयास जुवेनाइल एड सेंटर पूर्वी चम्पारण के सामाजिक कार्यकर्ता राज गुप्ता, आशीष कुमार, अजय कुमार उमेश कुमार श्रीवास्तव, एवं स्कूली बच्चे बच्चियों ने भाग लिया।

# गौनाहा में डिग्री कॉलेज की मांग पर छात्रों का धरना दूसरे दिन भी जारी, मांगें नहीं मानी गईं तो उग्र आंदोलन की चेतावनी

लोकतंत्र की अवाज



रिपोर्टर मेराज आलम
**गौनाहा।** अपनी विभिन्न मांगों को लेकर छात्रों का धरना प्रदर्शन मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। प्रदर्शनकारी छात्र-छात्राओं ने प्रखंड मुख्यालय पर जुटकर अपनी आवाज बुलंद की और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। त्रों की प्रमुख मांग गौनाहा में डिग्री कॉलेज की स्थापना है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि डिग्री कॉलेज की पहली सूची में गौनाहा का नाम शामिल नहीं किया जाना क्षेत्र के युवाओं के साथ अन्याय है। उन्होंने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि यदि पहली सूची में गौनाहा को शामिल नहीं किया गया तो वे इससे भी बड़ा और उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे। छात्रों ने कहा कि उच्च शिक्षा के लिए क्षेत्र के युवाओं को दूर-दराज के शहरों का रुख करना पड़ता है, जिससे समय और धन दोनों की हानि होती है। ऐसे में गौनाहा में डिग्री कॉलेज की स्थापना अत्यंत आवश्यक है। सके अलावा प्रदर्शनकारियों ने प्रखंड मुख्यालय में बने सार्वजनिक शौचालय को तत्काल खोलने की मांग की। उनका कहना है कि शौचालय बंद रहने से प्रखंड मुख्यालय आने वाले छात्र-छात्राओं और आम लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। छात्रों ने प्रखंड मुख्यालय में निर्मित लाइब्रेरी का संचालन शुरू करने की भी मांग की, ताकि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को पढ़ाई के लिए बेहतर वातावरण मिल सके। स्थ्य सेवाओं को लेकर भी छात्रों ने आवाज उठाई। उन्होंने रेफरल अस्पताल गौनाहा में अल्ट्रासाउंड की सुविधा शुरू करने, पर्याप्त दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा बेहतर इलाज की व्यवस्था करने की मांग की।

प्रदर्शनकारियों ने अवैध अस्पतालों पर रोक लगाने, सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थानों में छात्र-छात्राओं के आर्थिक शोषण पर प्रतिबंध लगाने तथा खिलाड़ियों के लिए संसाधनयुक्त स्टेडियम के निर्माण की भी मांग की।

# पटना उच्च न्यायालय के आदेश पर बगहा व्यवहार न्यायालय में छह नए न्यायिक अधिकारियों की तैनाती

लोकतंत्र की आवाज




ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा
**बगहा।** पटना उच्च न्यायालय के आदेश पर बगहा व्यवहार न्यायालय में छह नए न्यायिक अधिकारियों की तैनाती की गई है। इसका उद्देश्य न्यायिक व्यवस्था को सुदृढ़ करना तथा लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन को सुनिश्चित करना है। इस संबंध में उच्च न्यायालय द्वारा आधिकारिक अधिसूचना जारी की गई है। बित मामलों के शीघ्र निपटारे को प्राथमिकता जारी अधिसूचना में विभिन्न न्यायिक पदों पर पदस्थापना एवं स्थानांतरण का उल्लेख करते हुए प्रशासनिक आवश्यकताओं और न्यायालयों में लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन को प्राथमिकता देने की बात कही गई है। नए अधिकारियों की तैनाती से बगहा व्यवहार न्यायालय में मामलों की सुनवाई में तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है।

स्थानीय अधिवक्ताओं ने इस फेरबदल का स्वागत किया है। उनका मानना है कि पर्याप्त संख्या में न्यायिक अधिकारियों की उपलब्धता से न्यायिक कार्यों में संतुलन और दक्षता बढ़ेगी, जिससे वादकारियों को त्वरित न्याय मिलने में मदद मिलेगी।

**जल्द कार्यभार ग्रहण करने के निर्देशः** न्यायालय सूत्रों के अनुसार, स्थानांतरित अधिकारियों को शीघ्र अपने नए पदस्थापन स्थलों पर कार्यभार ग्रहण करने का निर्देश दिया गया है। वहीं, नवपदस्थापित अधिकारी निर्धारित तिथि तक बगहा में अपना कार्यभार संभालेंगे। इसे न्यायिक प्रशासन की नियमित प्रक्रिया का हिस्सा बताया गया है।

**ये अधिकारी हुए पदस्थापितः** बगहा में जिन नए न्यायिक अधिकारियों का पदस्थापन हुआ है, उनमें नवादा से जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश मनीष द्विवेदी, अररिया से एसीजेएम अविनाश कुमार, खगड़िया से जेएम सुशील कुमार सिंह, आशीष कुमार पांडेय एवं प्रियंका कुमारी शामिल हैं। गया से अजय कुमार का भी बगहा में तबादला हुआ है। सके अतिरिक्त, बगहा से स्थानांतरित होने वाले न्यायिक अधिकारियों में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश आशीष मिश्र (सिवान) तथा एसीजेएम डॉ. शंभू कुमार गुप्ता (हाजीपुर) शामिल हैं। वहीं, किरण कुमारी चौरसिया, राजीव शंकर, अभिषेक कुमार सिंह, उदय कुमार एवं अनंत कुमार का तबादला पटना किया गया है।नए पदस्थापनों को लेकर न्यायिक महकमे में सकारात्मक माहौल है और उम्मीद जताई जा रही है कि इससे न्यायिक कार्यप्रणाली और अधिक प्रभावी होगी।

# शून्यकाल में करबोला-मझौवा काँटा से ढरवा तक सड़क निर्माण की उठी मांग

लोकतंत्र की आवाज



ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा
**बगहा।** बिहार विधानसभा के शून्यकाल के दौरान बगहा विधानसभा क्षेत्र के विधायक राम सिंह ने एक महत्वपूर्ण जनहित का मुद्दा सदन में प्रमुखता से उठाया। उन्होंने पंचायत बीबीझ्रबनकटवा अंतर्गत ग्राम करबोलाझमझौवा काँटा से एनएच-727 पार कर बसंतपुर होते हुए ग्राम ढरवा तक सड़क निर्माण कराने की मांग सरकार से की। धायक ने कहा कि इस सड़क के अभाव में स्थानीय लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों को शिक्षा, स्वास्थ्य और बाजार तक पहुंचने में कठिनाई होती है। बरसात के दिनों में स्थिति और भी दयनीय हो जाती है, जिससे जनजीवन प्रभावित होता है। उन्होंने बताया कि कई बार आपात स्थिति में मरीजों को अस्पताल तक पहुंचाने में गंभीर दिक्कतें आती हैं, जिससे लोगों की जान जोखिम में पड़ जाती है। ऐसे में इस सड़क का निर्माण क्षेत्र की अत्यंत आवश्यक जरूरत है। धायक ने सरकार से शीघ्र सर्वे कराकर सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ करने की मांग की, ताकि क्षेत्रवासियों को बेहतर यातायात सुविधा मिल सके और ग्रामीण विकास को नई गति प्राप्त हो। उन्होंने कहा कि जनता का सेवक होने के नाते क्षेत्र की हर मूलभूत आवश्यकता को सदन में उठाना उनका कर्तव्य है और वे आगे भी जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाते रहेंगे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### बेगूसराय उत्कृष्ट कार्य के लिए पोस्ट मास्टर को किया गया सम्मानित



**बेगूसराय।** इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक,बेगूसराय शाखा में ग्रुप द्वारा एक्सिडेंटल इंश्योरेंस पॉलिसी में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु बखरी अनुमंडल के बगरस शाखा डाकघर के डाकबाबू चंद्रशेखर प्रसाद कुशवाहा जी को दीवार घड़ी देकर सम्मानित किया गया। उन्हें इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक बेगूसराय ब्रांच के सीनियर मैनेजर प्रवीण कुमार एवं प्रबंधक अभिषेक कुमार रंजन सर के द्वारा पुरस्कृत किया गया। मौके पर मौजूद लोगों ने कहा कि श्री चन्द्रशेखर प्रसाद कुशवाहा के मेहनत, समर्पण और उत्कृष्ट प्रदर्शन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। आशा है कि उनके इस सराहनीय कार्य को देखकर क्षेत्र के अन्य डाकबाबू एवं साथी भी और अधिक उत्साह एवं जिम्मेदारी के साथ अपने लक्ष्य को प्राप्त करेंगे।

### सिरदला : परना डाबर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 1800 लीटर महुआ शराब जब्त



**प्रदीप प्रसाद संवाददाता**
**सिरदला (नवादा)** शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत परना डाबर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 1800 लीटर महुआ शराब बरामद की है। यह कार्रवाई राजौंध मोड़ के समीप गुप्त सूचना के आधार पर की गई। पुलिस टीम ने एक फोर व्हीलर वाहन की तलाशी के दौरान उस पर लदा भारी मात्रा में महुआ शराब जब्त किया। हालांकि पुलिस को देखते ही चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। जब्त वाहन को थाना परिसर लाया गया है। थानाध्यक्ष पवन कुमार ने बताया कि एसआई संतोष कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छापेमारी कर यह सफलता हासिल की। वाहन मालिक एवं अज्ञात धंधेबाज के विरुद्ध परना डाबर थाना कांड संख्या 31/26 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में शराब तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

### तीन वारंटी समेत शराब मामले के आरोपी गिरफ्तार

**प्रदीप प्रसाद संवाददाता**
**सिरदला (नवादा)।** सिरदला थाना पुलिस ने अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए तीन वारंटी समेत एक शराब मामले के आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने बताया कि सिरदला थाना कांड संख्या 446/25 में दर्ज शराब मामले के प्राथमिकी अभियुक्त पिरौटा गांव निवासी 40 वर्षीय मनोज राजवंशी को पुलिस ने नोनी चक गांव से गिरफ्तार किया। इसके अलावा फरार चल रहे वारंटियों में छोनु बीघा गांव निवासी सरस्वती देवी, संतोष चौधरी तथा सिरदला थाना क्षेत्र निवासी दिनेश चौधरी को उनके घर से गिरफ्तार किया गया। सभी आरोपियों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद व्यवहार न्यायालय, नवादा भेज दिया गया। नाध्यक्ष ने बताया कि फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए अभियान लगातार जारी है और कानून-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर पुलिस सख्ती बरत रही है।

### दो शराब धंधेबाज सहित चार गिरफ्तार

**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**
**पकरीबरावा।** पकरीबरावां प्रखंड के अंतर्गत धमौल में पुलिस ने शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत दो शराब धंधेबाज समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई से अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है ।थानाध्यक्ष के नेतृत्व में सोमवार की सुबह धमौल बाजार में छापेमारी कर 3 लीटर अंग्रेजी शराब और 20 लीटर देशी महुआ शराब के साथ दो धंधेबाजों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान मंगल ठठेरा एवं सुजीत ठठेरा (दोनों पिता शंकर ठठेरा) के रूप में हुई है। इससे पहले पुलिस ने बेलखुंडा मोड़ से गुप्त सूचना के आधार परछापेमारी कर 45 लीटर देशी महुआ शराब बरामद की। पुलिस ने बताया कि इस मामले में फरार आरोपितों की पहचान कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है ।वहीं, रविवार की शाम पुलिस ने शराब के नशे में रहे दो व्यक्तियों को भी गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान धमौल बाजार के सुनील कुमार (पिता दशरथ प्रसाद) एवं गोवर्धन चौधरी (पिता स्व. रामटहल चौधरी) के रूप में की गई है। पुलिस ने सभी गिरफ्तार आरोपितों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है । थानाध्यक्ष हिमांशु कुमार ने बताया कि सभी को नायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उन्होंने कहा थाना क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

# कांग्रेस का संगठन सृजन अभियान के तहत रजौली में आयोजित हुई बैठक

लोक तंत्र की आवाज

**कांग्रेस के नए तरीके से संगठन विस्तार को लेकर हुई विचार-विमर्श**





**सुनील कुमार**
**नवादा** ।अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी की ओर से चलाए जा रहे संगठन सृजन अभियान के तहत सोमवार को जिले के रजौली प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में रामरतन गिरी की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से आए प्रभारी जयशंकर पाठक, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष मो नौशाद खान पहुंचे। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने आए हुए पार्टी के अधिकारियों को बुके, फूल-माला एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।

प्रभारी ने कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से कहा कि इस समय पूरे भारत में पार्टी के संगठन सृजन अभियान चलाया जा रहा है। इस सृजन अभियान में नए तरीके से पार्टी का संगठन विस्तार करना है। जिसको लेकर नवादा जिले के सभी प्रखंडों में बैठक की जा रही है। बैठक के माध्यम से कार्यकर्ताओं से जिले में कांग्रेस को लेकर लोगों के मन में क्या विचार है इसको लेकर विचार-विमर्श किया जा रहा है। नए तरीके से पार्टी संगठन का विस्तार कैसे हो इस संगठन सृजन अभियान में लोगों के साथ बैठक कर विचार-विमर्श करना आवश्यक है। ताकि जिलाध्यक्ष ऐसे व्यक्ति को बनाया जाए जो पार्टी के प्रति समर्पित हो। न्होंने कहा कि आलाकमान से निर्देश है कि नवादा, बिहार समेत पूरे भारत के प्रत्येक राज्य में पार्टी संगठन सृजन अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत नए-नए लोगों को जोड़ना है। इसी के तहत बैठक की गई। जो व्यक्ति कांग्रेस की पार्टी में शामिल होना चाहते हैं। वे अपना-अपना ओपिनियन बता सकते हैं। उपस्थित कई लोगों ने कांग्रेस के नीति एवं पार्टी के विस्तार के संबंध में विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि आपके जिले का कांग्रेस के जिलाध्यक्ष का व्यवहार कैसा है और पार्टी के प्रति कितना समर्पित है। यही जानने के लिए दिल्ली से राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे और सोनिया गांधी के द्वारा भेजा गया है। आप सभी लोग अपना अपना ओपिनियन बता सकते हैं। आपकी बात को दिल्ली में कांग्रेस के अधिकारियों के साथ बैठक में रखी जाएगी। मौके पर रजौली इंटर विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य बालकृष्ण यादव, कांग्रेस उपाध्यक्ष मोहन चौधरी, कांग्रेस इंटक के जिला महामंत्री कुंदन दीप, मो मनौव्वर अंसारी, रियाजुद्दीन यू, सिरदला प्रखंड अध्यक्ष ब्रह्मदेव राजवंशी, विक्की कुमार, सुधीर सिंह, रऊफ अंसारी, नेयाज उद्दीन, राजेंद्र यादव, कमलेश प्रसाद दांगी समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बच्चा चोरी की अफवाहों पर पुलिस का कड़ा रुख

लोकतंत्र की आवाज



**शिवहर।** हाल के दिनों में बच्चा चोरी की अफवाहों को लेकर फैली दहशत के बीच,शिवहर पुलिस अधीक्षक शुभांक मिश्रा ने जिलेवासियों को आश्वस्त किया है कि जिला पुलिस पूरी तरह से अलर्ट है और स्थिति पर कड़ी निगरानी रख रही है। उन्होंने साफ किया है कि अब तक शिवहर जिले में बच्चा चोरी का एक भी पुष्ट मामला सामने नहीं आया है। एसपी मिश्रा ने बताया कि इन अफवाहों के मद्देनजर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। उन्होंने जिले के सभी थाना प्रभारियों को ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष पेट्रोलिंग करने के निर्देश दिए हैं,ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना को रोका जा सके और जनता में विश्वास कायम रहे। पुलिस अधीक्षक ने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें और न ही उसे आगे बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि ऐसी अफवाहें समाज में भय और अराजकता फैला सकती हैं। किसी भी संदिग्ध गतिविधि या जानकारी के लिए तुरंत पुलिस को सूचित करें, ताकि सच्चाई का पता लगाया जा सके और दोषियों पर कार्रवाई की जा सके। शिवहर पुलिस जनता की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

## मानव तस्करी का भंडाफोड़ः 13 युवतियां मुक्त, आर्केस्ट्रा संचालिका गिरफ्तार

लोक तंत्र की आवाज

**बिहारशरीफ।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, नई दिल्ली के सदस्य प्रियंक कानूनगो तथा कमजोर वर्ग, पटना के अपर पुलिस महानिदेशक डॉ० अमित जैन के पत्र के आलोक में पुलिस अधीक्षक नालंदा के निर्देश पर बड़ी कार्रवाई करते हुए सरमेरा में मानव तस्करी के एक मामले का पर्दाफाश किया गया।पुलिस द्वारा मिशन मुक्ति फाउंडेशन, दिल्ली के निर्देशक वीरेंद्र कुमार सिंह से समन्वय स्थापित कर ए एच टी यू टीम, महिला थाना एवं सरमेरा थाना की पुलिस के संयुक्त अभियान में सरमेरा-चेरो रोड स्थित एक किराए के मकान पर छापेमारी की गई। इस दौरान मानव तस्करी कर लाई गई 07 नाबालिग एवं 06 बालिग, कुल 13 महिला/लड़कियों को मुक्त कराया गया।जानकारी के अनुसार, इन युवतियों से जबरन प्रताड़ित कर आर्केस्ट्रा में नृत्य कराया जाता था। पुलिस ने रेस्क्यू अभियान के दौरान आर्केस्ट्रा संचालिका पपीताकली उर्फ काजल कुमारी (22 वर्ष), पति दादू लाल घसिया, ग्राम दरबारी, थाना चितरंगी, जिला सिंगरौली, मध्य प्रदेश को गिरफ्तार कर लिया है।इस संबंध में सरमेरा थाना में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है तथा पुलिस द्वारा अग्रिम विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है।

## दहेज के लिए विवाहिता की हत्या, पति समेत चार पर प्राथमिकी दर्ज

लोक तंत्र की आवाज

**एकंगरसराय ।** एकंगरसराय थाना क्षेत्र के नगर पंचायत अंतर्गत शिवदत्त बीघा गांव निवासी मुरारी प्रसाद ने अपनी 22 वर्षीय पुत्री शबनम कुमारी की दहेज के लिए हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है।बताया जाता है कि शबनम की शादी प्रखंड के बादराबाद गांव निवासी अरुण प्रसाद के पुत्र राहुल कुमार के साथ हुई थी। दंपती के दो छोटे बच्चे भी हैं। वर्तमान में राहुल कुमार अपनी पत्नी के साथ नगर पंचायत के धोबी टोला मुहल्ले में मकान बनाकर रह रहा था। रविवार को मायके पक्ष को सूचना मिली कि शबनम की मौत हो गई है।मृतका के पिता मुरारी प्रसाद ने आरोप लगाया है कि उनकी पुत्री को दहेज के लिए लगातार प्रताड़ित किया जाता था और इसी कारण उसकी हत्या की गई है। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार झा एवं अपर थानाध्यक्ष रूपेश कुमार दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया।अपर थानाध्यक्ष रूपेश कुमार ने बताया कि मृतका के पिता के फर्द बयान पर एकंगरसराय थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस मामले में पति राहुल कुमार, सास मनोरमा देवी, ननद प्रतिमा कुमारी और देवर अमित कुमार को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। घटना के बाद ससुराल पक्ष के सभी लोग घर छोड़कर फरार बताए जा रहे हैं।पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा।

## बिहार को आईआईटीयन रितेश जैसे युवाओं की जरूरत

लोकतंत्र की आवाज



**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**
**पकरीबरावा।** पकरीबरावा प्रखंड के ग्राम पंचायत पकरीबरावां उत्तरी में राईस मोड़ में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बिहार पुलिस के एडीजी एवं चर्चित आईपीएस अधिकारी अमित लोढ़ा ने आईआईटीयन रितेश स्कूल का उद्घाटन किया जबकि रितेश की माता मालती देवी एवं पिता सेवानिवृत्त प्रोफेसर परमानंद प्रसाद सिंह ने स्थल पर पिता काट कर विद्यालय का उदघाटन किया। वर्चुअल कार्यक्रम में एडीजी ने आईआईटीयन रितेश को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बिहार को रितेश जैसे युवाओं की जरूरत है, जो निस्वार्थ भाव से अपने क्षेत्र के बच्चों के भविष्य के लिए सोचते हैं। उन्होंने कहा कि रितेश तुम जो कर रहे हो नवादा के लिए इतना मेरे में हिम्मत नहीं है। मैं जब एसपी था तब भी इतना नहीं कर पाया जो तुम कर रहे हो। तुम्हारे जैसे युवा का ही समाज को जरूरत है। तुम्हारे जैसे आईआईटीयन बहुत कम होते हैं जो समाज के लिए सोचते हैं। उन्होंने कहा कि रितेश तुम बहुत आगे जाओगे ऐसा मेरा दिल कहता है। कहा कि एक छोटे से कस्बे में इतना अच्छा काम करना प्रशंसनीय है।। बहुत कम आईआईटीयन होते हैं जो इतना कठिन सफर तय करते हैं। उन्होंने कहा कि जीवन मे उतार-चढ़ाव होते रहता है कभी विचलित नहीं होना है शिक्षा के क्षेत्र में इस पहल को नवादा जिले के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया। वहीं रिश्ते ने कहा कि करोड़ों रुपये के पैकेज की नौकरी छोड़ अपने गृह क्षेत्र लौटे पकरीबरावां एवं नवादा सहित आसपास के छात्रों को बचपन से ही आईआईटी, नीट और अन्य राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं के अनुरूप तैयार करना ही मेरा उद्देश्य है नर्सरी से दसवीं तक सीबीएसई पाठ्यक्रम पर आधारित यह विद्यालय वैज्ञानिक सोच और कॉन्सेप्ट आधारित पढ़ाई पर जोर देगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान स्कूली शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं के स्तर में बड़ा अंतर है। कई छात्र दसवीं तक अच्छा प्रदर्शन करते हैं, लेकिन आगे की तैयारी में दबाव महसूस करते हैं। इसी अंतर को पाटने के लिए यूनिक मेथडोलॉजी और वर्किंग फिलॉसफी पर आधारित इस स्कूल की स्थापना की गई है, जहां साइंस और मैथ्स वे स्वयं पढ़ाएंगे। अन्य विषयों के लिए देश के विभिन्न राज्यों से प्रशिक्षित शिक्षकों की टीम नियुक्त की गई है। कहा कि नवादा में पिछले तीन वर्षों से संचालित शाखा के छात्रों ने कई प्रतियोगिताओं में सफलता हासिल की है। पकरीबरावां में इस स्कूल की शुरुआत से अभिभावकों में खुशी है और क्षेत्र को वर्षों बाद गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का सशक्त विकल्प मिला है। इस अवसर पर शिक्षक मिलन राय, रमीज रजा, चंदन ठाकुर, शिक्षाविद महेंद्र प्रसाद शर्मा, बिपिन सिंह सहित अन्य थे।

## बिहारशरीफ में कब्रिस्तान के नाम पर 83 डेसिमल भूमि घेराबंदी से रांची रोड बाधितः डॉ. सुनील कुमार

लोक तंत्र की आवाज



**बिहारशरीफ।** डॉ. सुनील कुमार ने दावा किया है कि बिहारशरीफ में कब्रिस्तान के नाम पर 83 डेसिमल सरकारी भूमि की घेराबंदी कर लिए जाने से रांची रोड बाधित हो गई है। उन्होंने इस मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।सोमवार को बिहार विधानसभा के सत्र के दौरान मंदिरों और मठों की घेराबंदी को लेकर सत्ता पक्ष के भीतर तीखी बहस देखने को मिली। बहस के दौरान भाजपा विधायक डॉ. सुनील कुमार ने सरकार से धार्मिक स्थलों के मामले में समान नीति अपनाने की मांग उठाई।उन्होंने कहा कि जब राज्य में कब्रिस्तानों की घेराबंदी कराई जा सकती है, तो मठ-मंदिरों की चहारदीवारी निर्माण में बाधा क्यों है।विधायक ने सवाल किया कि बिना धार्मिक न्यास परिषद में निबंधन के मठ-मंदिरों की घेराबंदी सरकारी स्तर पर क्यों नहीं कराई जा सकती। उन्होंने मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना से मठ-मंदिरों की चहारदीवारी निर्माण की मांग भी रखी।इस पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने स्पष्ट किया कि जो मठ-मंदिर धार्मिक न्यास बोर्ड में निबंधित नहीं हैं, उनकी घेराबंदी सरकारी स्तर पर संभव नहीं है।बहस के दौरान डॉ. सुनील कुमार ने आरोप लगाया कि बिहारशरीफ में कुछ स्थानों पर कब्रिस्तान की घेराबंदी के नाम पर सरकारी भूमि पर अतिक्रमण किया गया है, जिससे आम लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है।विधायक ने सदन में कहा कि संविधान सभी नागरिकों को समान अधिकार देता है, इसलिए धार्मिक स्थलों के मामले में भी सरकार की नीति समानता, पारदर्शिता और न्याय के सिद्धांत पर आधारित होनी चाहिए। उन्होंने सभी समुदायों के धार्मिक स्थलों की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए एक समान और स्पष्ट नीति बनाने की मांग की, ताकि सामाजिक सौहार्द और विधि-व्यवस्था मजबूत हो सके।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर भव्य हिंदू सम्मेलन

लोकतन्त्र की आवाज



**केदार नाथ पाण्डेय**
**भागलपुर।** गलपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह ऐतिहासिक कार्यक्रम बाबा वृद्धेश्वर नाथ मंदिर (बूढ़ानाथ) के प्रांगण में आयोजित हुआ इस आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं एवं स्वयंसेवकों में विशेष उत्साह देखा गया। कार्यक्रम की शुरुआत धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर किया गया।आज के इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से की गई ।वहीं लोगों ने सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया ।बौद्धिक सत्र का आयोजन किया गया साथ ही भारत माता का पूजन भी विधि विधान से की गई।वही आयोजकों ने कहा कि यह कार्यक्रम केवल धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि सामाजिक समरसता राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक जागरण का संदेश दे रही है। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कई पदाधिकारी व दर्जनों सदस्य मौजूद थे।वहीं बौद्धिक सत्र मे राष्ट्र, समाज और संगठन के 100 वर्षों की यात्रा पर विचार-विमर्श किया गया।

# लालकी अभ्रक खदान पर वन विभाग का कड़ा प्रहार, अवैध खनन में शामिल ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

लोकतंत्र की आवाज

**राजेश कुमार सिन्हा**
**रजौली।** रजौली वन क्षेत्र में अवैध खनन करने वाले माफियाओं के विरुद्ध वन विभाग ने अपनी पकड़ और सख्त कर दी है। इसी कड़ी में गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए वन विभाग की विशेष टीम ने सवैयाटांड़ पंचायत स्थित ललकी अभ्रक माइंस क्षेत्र में छापेमारी की। रविवार की देर रात सन्नाटे को चीरते हुए पहुंची टीम ने मौके से अवैध रूप से उत्खनन किए गए पत्थरों से लदी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को बरामद किया है। वन विभाग की इस औचक कार्रवाई से खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया है और विभागीय सक्रियता ने स्पष्ट संदेश दिया है कि संरक्षित क्षेत्रों में प्राकृतिक संपदा की लूट बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पेमारी के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए रेंजर नारायण लाल सेवक ने बताया कि विभाग को पिछले कुछ समय से लालकी माइंस क्षेत्र में अवैध पत्थर और अभ्रक के उत्खनन की गुप्त सूचना मिल रही थी। इस सूचना के सत्यापन के उपरांत एक रणनीतिक योजना तैयार कर टीम ने देर रात मौके पर दबिश दी। हालांकि अंधेरे का लाभ उठाकर खनन में लगे मजदूर और चालक भागने में सफल रहे, लेकिन विभाग ने अवैध सामग्री समेत वाहन को अपनी कस्टडी में ले लिया है। इस मामले में ट्रैक्टर-ट्रॉली के मालिक की पहचान की जा रही है और उनके विरुद्ध वन अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कठोर कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

**सवैयाटांड़ पंचायत में खनन माफियाओं का जाल और स्थानीय चुनौती:** रजौली का सवैयाटांड़ क्षेत्र प्राकृतिक रूप से अभ्रक और कीमती पत्थरों से संपन्न है, जो अब माफियाओं के लिए कमाई का जरिया बन चुका है। लालकी माइंस और शारदा अभ्रक माइंस के अलावा यहां दर्जनों ऐसी खदानें हैं जहां संगठित गिरोह सक्रिय रूप से अवैध खुदाई को अंजाम दे रहे हैं। यह स्थिति केवल पर्यावरणीय नुकसान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह क्षेत्र में एक मजबूत माफिया नेटवर्क की उपस्थिति को भी दर्शाती है। स्थानीय सूत्रों की मानें तो इन माफियाओं को कुछ प्रभावशाली लोगों और स्थानीय तत्वों का मूक संरक्षण प्राप्त है, जिससे रात के अंधेरे में अवैध उत्खनन का कार्य निर्बाध रूप से जारी रहता है।





**पर्यावरण संरक्षण हेतु निरंतर अभियान की चेतावनी :** वन विभाग की इस हालिया सफलता पर स्थानीय ग्रामीणों ने खुशी जाहिर करते हुए विभाग की प्रशंसा की है। ग्रामीणों का मानना है कि यदि इसी प्रकार की निरंतर कार्रवाई जारी रही, तभी सरकारी संपदा और जंगली क्षेत्र को सुरक्षित रखा जा सकता है। इधर, रेंजर ने यह स्पष्ट कर दिया है कि विभाग की यह कार्रवाई महज एक शुरुआत है। आने वाले दिनों में रजौली वन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली सभी संदिग्ध माइंस पर निगरानी बढ़ाई जाएगी और खनन माफियाओं के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाई जाएगी। विभाग अब उन सरगनाओं की तलाश में है जो पर्दे के पीछे रहकर इस संगठित अवैध व्यापार का संचालन कर रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें ।

### आज हंटरगंज में मुसहर भुईयां समाज का महाजुटान, केंद्रीय मंत्री सह बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री होंगे शामिल



लोकतंत्र की आवाज़
निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड
हंटरगंज( चतरा)। भारतीय भुइयां मुसहर समाज विकास परिषद् के द्वारा माता शबरी जयंती को लेकर आज (सोमवार) को हंटरगंज प्रखंड मुख्यालय के रामनारायण +2 हाई स्कूल मैदान परिसर में मुसहर भुईयां समाज का महाजुटान होगा, जिसके बाद समाज के लोगों के द्वारा शबरी जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। जिसकी तैयारीयां समाज के लोगों के द्वारा जोर शोर से पूर्ण कर लिया गया है। कार्यक्रम में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री सह केंद्रीयमंत्री जीतनराम मांझी बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। यह पहली बार है जब केंद्रीयमंत्री इस समारोह में शामिल हो रहे हैं। इनके अलावा समाज के कई विधायक और जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे। उक्त आशय कि जानकारी समाजसेवी मनोज भुइयां ने दी। उन्होंने बताया कि यह पहली बार है जब इस कार्यक्रम में बिहार पूर्व मुख्यमंत्री सह केंद्रीय मंत्री शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को लेकर तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10 बजे से होगा। इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित की गई है। भव्य प्रसाद का वितरण किया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि झारखंड – बिहार के कोने – कोने से भुइयां समाज के 10 हजार लोग शामिल होंगे। उन्होंने शबरी जयंती कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान लोगों से किया गया।

### धनबाद नगर निगम चुनाव की तैयारी पूरी, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स से 1019 बूथों के लिए मतदान सामग्री रवाना



लोकतंत्र की आवाज़
पप्पु गुप्ता , ब्योरो चीफ
धनबाद कतरास। नगर निगम चुनाव को लेकर प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। धनबाद के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स को डिस्पैच सेंटर बनाया गया है, जहां चुनाव की सभी सामग्री सुरक्षित रखी गई है। यहीं से चुनाव ड्यूटी में तैनात कर्मियों को सामग्री देकर जिले के 1019 मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया जा रहा है। चुनाव ड्यूटी पर तैनात कर्मी सरवन कुमार महतो ने बताया कि उन्हें बस्ताकोला स्थित बूथ पर भेजा गया है। उन्होंने कहा कि इस बार मतदान बैलेट पेपर के माध्यम से कराया जा रहा है, जो काफी सुविधाजनक है। मेयर पद के लिए गुलाबी रंग का बैलेट पेपर और पार्षद पद के लिए सफेद बैलेट पेपर दिया गया है। मतदाता अपने प्रत्याशी के क्रमांक संख्या पर मोहर लगाकर बैलेट बॉक्स में डालेंगे। चुनाव ड्यूटी में शामिल सुरेंद्र यादव ने भी बताया कि बैलेट पेपर से मतदान करने में लोगों को आसानी होगी और प्रक्रिया सरल है। नगर निगम चुनाव के लिए 23 फरवरी को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा। वहीं 27 फरवरी को मतगणना कर परिणाम घोषित किए जाएंगे।

### हजारीबाग में 87 वर्षीय ब्रजकिशोर जायसवाल ने व्हीलचेयर पर पहुँचकर किया मतदान



लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरोचीफ
हजारीबाग (झारखंड)। हजारीबाग नगर निकाय चुनाव 2026 के तहत सोमवार को हजारीबाग में लोकतंत्र की एक बेहद खूबसूरत तस्वीर देखने को मिली। हजारीबाग लोकसभा सांसद मनीष जायसवाल के पूज्य पिता और हजारीबाग के पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष ब्रजकिशोर जायसवाल ने अपनी शारीरिक अस्वस्थता के बावजूद मतदान केंद्र पहुँचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। 87 वर्षीय ब्रजकिशोर जायसवाल ने वार्ड संख्या 28 स्थित उर्दू स्कूल, काजी मुहल्ला के बूथ केंद्र पर व्हीलचेयर से पहुँचकर वोट डाला। इस उम्र में भी मतदान के प्रति उनका यह जज्बा देख वहां मौजूद अन्य मतदाता और चुनाव कर्मी बेहद प्रभावित हुए।

### एक सप्ताह से विद्यालय बंद, शिक्षक नदारद, बच्चे परेशान



लोकतंत्र की आवाज़
निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड
कुंदा( चतरा)। उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय हेसातू में शिक्षक की मनमानी से बच्चे एवं ग्रामीण परेशान हैं। बताया जाता है कि पिछले लगभग एक सप्ताह से विद्यालय बंद पड़ा है और शिक्षक नदारद हैं। शिक्षा के मंदिर की यह बदहाल स्थिति शिक्षा व्यवस्था पर कई सवाल खड़ा कर रही है।ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालय के शिक्षक अपनी सुविधा अनुसार स्कूल खोलते और बंद करते हैं। जब मन होता है तो विद्यालय संचालित होता है और जब मन नहीं होता तो ताला लटका रहता है। पिछले कई दिनों से विद्यालय पूरी तरह बंद रहने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि शिक्षा विभाग के पदाधिकारी निरीक्षण के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति करते हैं, जिसका फायदा लापरवाह शिक्षक उठा रहे हैं। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि शिक्षा व्यवस्था की इस बदहाली का जिम्मेदार आखिर कौन है। अब देखना होगा कि शिक्षा विभाग इस मामले में कार्रवाई करता है या फिर मामला ठंडे बस्ते में चला जाता है। क्या कहती है मुखिया मुखिया अनीता देवी ने बताया कि मामले की शिकायत जिला शिक्षा पदाधिकारी रामजी कुमार से की गई है। यदि जल्द विद्यालय का सुचारू संचालन शुरू नहीं होता है तो लेटर पैड के माध्यम से लिखित शिकायत कर आगे कार्रवाई की मांग की जाएगी।
क्या कहते हैं बीईईओ: इस संबंध में बीईईओ किशोर कुमार ने बताया कि विद्यालय को सुचारू रूप से संचालन के लिए एक शिक्षक की नियुक्ति की गई है। उसके बावजूद विद्यालय बंद रहने की सूचना प्राप्त हुई है।इस मामले में बीपीओ को संबंधित शिक्षक से स्पष्टीकरण लेने का निर्देश दिया गया है।साथ ही तत्काल प्रभाव से वेतन पर रोक लगाई जाएगी तथा अग्रेतर कार्रवाई के लिए वरीय पदाधिकारी को लिखित रूप से सूचित किया जाएगा।

# झारखंड नगर निकाय चुनाव 2026 में हिंसा की घटनाएं

लोकतंत्र की आवाज़



झारखंड। 48 नगर निकायों में आज मतदान की प्रक्रिया पूरी हुई, लेकिन पूरे दिन हिंसा, मारपीट, फायरिंग और फर्जी वोटिंग के आरोपों की कई घटनाएं सामने आईं। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार कुल 43 लाख से अधिक मतदाताओं वाले इन चुनावों में अंतिम आंकड़ों तक औसत मतदान 60-62% के आसपास दर्ज हुआ।हालांकि सुबह से शाम तक कई संवेदनशील इलाकों में तनाव और झड़पें देखने को मिलीं, जिससे चुनावी माहौल प्रभावित हुआ।बोकारो जिले के चास नगर निगम क्षेत्र में वार्ड 32 के मतदान केंद्र (वन विभाग परिसर) पर सबसे गंभीर घटना घटी। पूर्व पार्षद और वर्तमान पार्षद प्रत्याशी के पति रामाशंकर सिंह पर आरोप लगा कि उन्होंने कुछ बाहरी व्यक्तियों को बूथ में जबरन प्रवेश कराकर फर्जी मतदान (बोगस वोटिंग) की कोशिश की।

ड्यूटी पर तैनात चास एसडीपीओ प्रवीण कुमार सिंह ने इसकी रोकथाम की कोशिश की, तो विवाद तेज हो गया। बात धक्का-मुक्की से आगे बढ़कर हिंसक मारपीट में बदल गई। हमले में एसडीपीओ को चेहरे पर गंभीर चोटें आईं, उनकी नाक टूट गई। उन्हें तुरंत निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर रामाशंकर सिंह को गिरफ्तार कर लिया। बोकारो एसपी हरविंदर सिंह ने पुष्टि की कि आरोपी ने पुलिस अधिकारी पर हमला किया है। मामले में कानूनी कार्रवाई शुरू हो चुकी है और जांच चल रही है।गिरिडीह में भी हिंसा की बड़ी घटना हुई। वार्ड 18 के एक मतदान केंद्र पर दो गुटों के बीच विवाद बढ़ने से फायरिंग और पथराव हुआ। इसमें दो युवक घायल हो गए। पुलिस ने बल प्रयोग कर स्थिति नियंत्रित की और मतदान फिर शुरू हुआ।धनबाद नगर निगम क्षेत्र में सिंह मेंशन और पृथ्वी मेंशन के आसपास समर्थकों के बीच तीखी झड़प हुई। चाची-भतीजा गुटों के बीच तलवारें चलीं और मारपीट हुई, जिससे कुछ समय के लिए मतदान प्रभावित रहा।

वार्ड 22 और 27 के कई बूथों पर भी हंगामा रिपोर्ट हुआ, जहां प्रत्याशियों के भाइयों पर हमले और बूथ लूटने की कोशिश की खबरें आईं। पुलिस ने हस्तक्षेप कर स्थिति संभाली।रांची के हिंदपीढ़ी इलाके में इदरीसीया तंजीम परिसर के पास दो अलग-अलग पार्षद प्रत्याशियों के समर्थकों के बीच कहासुनी शुरू हुई, जो जल्द ही मारपीट में बदल गई। दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडे चले और इलाका कुछ देर के लिए तनावपूर्ण रहा। पुलिस ने बल प्रयोग से स्थिति नियंत्रित की।गुमला के अंबेडकर नगर बूथ पर दो गुटों के बीच झड़प हुई।

फर्जी वोटिंग के आरोप में तीन लोगों को हिरासत में लिया गया। बोकारो के चास क्षेत्र में भी अलग से बोगस वोटिंग के आरोप में तीन महिलाओं को पुलिस ने हिरासत में लिया और पूछताछ की जा रही है।प्रशासन ने संवेदनशील बूथों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया था, लेकिन इन घटनाओं से लोकतांत्रिक प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल उठ रहे हैं। विपक्ष ने राज्य सरकार पर मतदाताओं और अधिकारियों की सुरक्षा में चूक का आरोप लगाया है। राज्य निर्वाचन आयोग और पुलिस ने स्पष्ट किया है कि किसी भी गड़बड़ी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।मतदान शाम 5 बजे तक चला और कुल मिलाकर हिंसा की छिटपुट घटनाओं के बावजूद प्रक्रिया पूरी हुई। परिणाम 27 फरवरी को आने की संभावना है। आगे की स्थिति पर सभी की नजर बनी हुई है।

# धनबाद कतरास में मतदान से पहले DC-SSP का बूथ निरीक्षण, सुरक्षा के कड़े इंतजाम



लोकतंत्र की आवाज़

पप्पु गुप्ता , ब्योरो चीफ
धनबाद कतरास। 23 फरवरी को होने वाले मतदान दिवस को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। इसी कड़ी में धनबाद के उपायुक्त और एसएसपी ने सोमवार को कतरास क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कतरास स्थित DAV हाई स्कूल और सामुदायिक भवन में बनाए गए बूथों का जायजा लिया।

इस दौरान वहां मौजूद फोल्डिंग एजेंट से भी आवश्यक जानकारी ली गई और मतदान की तैयारियों की स्थिति की समीक्षा की गई। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि संवेदनशील और अतिसंवेदनशील बूथों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। सभी ऐसे बूथों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं गलत मानसिकता रखना वाले पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी निर्देश के अनुसार, मतदान केंद्र से 200 मीटर की दूरी के भीतर किसी भी प्रत्याशी के कार्यकर्ताओं को रहने की अनुमति नहीं होगी। इसके अलावा मतदान प्रक्रिया पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरों की भी व्यवस्था की गई है। प्रशासन ने कहा है कि निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता है और इसके लिए हर जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं।

## जागरूक मतदाता की यही पहचान पहले मतदान फिर जलपान




लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ गिरिडीह
झारखंड (2026 .02.23)। कुल मिला-जुलाकर छिटपुट वारदातों के अलावा मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हो गया इसी क्रम में शांति प्रिय वार्ड संख्या 13 के मतदाताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा तब जब मतदान करने हेतु उन्हें टोटो लेनी पड़ी उत्क्रमित मध्य विद्यालय सीतलपुर में हमेशा दो बूथ रहा करता था लेकिन नगर निकाय चुनाव- 2026 में मात्र एक ही बूथ रहा उत्क्रमित मध्य विद्यालय ( शीतलपुर) में तथा इस बार 1.शीतलपुर 2. पांडेडीह 3. मैगजीन 4. जंगलपुर इत्यादि स्थानों पर मतदान के बूथ थे दिक्कतों का सामना खासकर महिला मतदाताओं को करना पड़ा फिर भी मतदान का प्रतिशत संतोषजनक रहा यह बात मात्र वार्ड संख्या 13 की है वैसे अंतिम मतदान प्रतिशत गिरिडीह नगर निगम 60.93% बड़की सरैया नगर पंचायत 70.91% धनवार नगर पंचायत 65.22% रहा।

## विष्णुगढ : रिफाहे आम फाउंडेशन ने बरांय के ईस्लामपूर में इफ्तार किट का किया वितरण

लोकतंत्र की आवाज़




ब्यूरो चीफ
हजारीबाग, (झारखंड)। विष्णुगढ प्रखंड के बरांय पंचायत अंतर्गत ईस्लामपूर गांव मे रिफाहे आम फाउंडेशन ने कुल 62 लोगों को लगभग एक लाख रुपए (₹100000/=) का इफ्तार किट तक्सीम (वितरण) किया गया। जिसमें औरतों के लिए 1 अदद सलवार सूट के साथ- साथ चना, बेसन, मैदा, सूजी, चना दाल, खजूर, रिफाइन तेल, चीनी वगैरह दिया गया।

रिफाहे आम फाउंडेशन एक रजिस्टर्ड संस्था है जिसका Reg. No 2020/HAZ/4840/BK4/148 है। संस्था को मिलने वाला डोनेशन बिल्कुल निहायत जरूरतमंद लोगों तक मदद के रूप में पहुंचाया जाता है।इसमें फाउंडेशन के मेंबर भी हर महीने एक निश्चित रकम दान करते हैं, और दूसरे लोगों से मिला हुआ दान तथा खुद मेंबरों द्वारा दिया हुआ दान को मिलाकर गरीब, यतीम, मिस्कीन, बीमार और जरूरतमंद लोगों तक मदद पहुंचाया जाता है।

मदद पहुंचाने से पहले फाउंडेशन के जिम्मेवार जरूरतमंद लोगों का फैमिली बैकग्राउंड और आर्थिक स्थिति को बढ़िया से जांच पड़ताल करते हैं, इसके बाद ही जब वह मदद के लायक समझे जाते हैं तो ही मदद किया जाता है। मतलब गलत लोगों को मदद बिल्कुल नहीं पहुंचाया जाता, बल्कि मदद उन्हें दी जाती है जो मदद के सही हकदार होते हैं।

संस्था इससे पहले भी 6-7 बच्चियों को उनके शादी में और बीमार लोगों को मोटी रकम मदद के रूप में दे चुकी है।शादी शुदा बच्चियाँ आज अपने ससुराल में खुशहाल जिंदगी जी रही हैं और बीमार लोग सेहतयाब हैं। आप लोगों से भी गुजारिश है कि इस फाउंडेशन को अपना गाढ़ी कमाई का सदका, जकात, फितरा, खैरात डोनेट करें, जिससे और भी जरूरतमंद लोगों को मदद किया जा सके।

इस मौक पर संस्था के उपाध्यक्ष मौलाना फरीद , मौलाना मुमताज, हाफिज रिज़वान, मौलाना जाहिद, जमा मस्जिद अन्जुमन के सदर अब्दुल कलाम, मो० शमीम, डॉ० जाकिर, जान मोहम्मद, जलील अंसारी, दरबान अंसारी, शाहिद अंसारी, मौलाना बेलाल आदि मौजूद थे।

## भटका हुआ विक्षिप्त बालक को मयूरहंड थाना के द्वारा परिजनों से मिलाया गया

लोकतंत्र की आवाज़



निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड
चतरा। दिनांक - 22.02.26 को पुलिस अधीक्षक महोदय चतरा को सूचना प्राप्त हुआ कि मयूरहंड थाना क्षेत्र के परोरिया गांव में मानसिक रूप से विक्षिप्त बालक को पकड़ कर रखा गया है, जिस सम्बन्ध में आशिष प्रसाद, थाना प्रभारी मयूरहंड थाना के द्वारा त्वरित करवाई करते हुए भटकते हुए बालक को थाना लाया गया। जहां विक्षिप्त बालक से पूछताछ किया गया, परन्तु बोलने में असमर्थ रहने के कारण कुछ भी जानकारी नहीं हो पाया, तत्पश्चात आम जनों एवं मीडिया कर्मी के बंधुओं से संपर्क स्थापित कर विक्षिप्त बालक के परिजनों तक पहुंचा गया, तथा सत्यापन किया गया, जिसमें ज्ञात हुआ कि विक्षिप्त बालक का नाम पता हर्ष कुमार, उम्र 10 वर्ष, पिता रंजीत साव, पता कदमा, थाना कटकमदाग, जिला हजारीबाग के है, जो कि पिछले 7 वर्षों से अपने नाना सूरज साव, उम्र 65 वर्ष, पिता स्व0 भीखन साव, पता रुपिन, पोस्ट बेला, थाना चौपारण, हजारीबाग में रह रहा था। विक्षिप्त बालक हर्ष कुमार अपने नाना घर से दिनांक 22.02.26 को निकल गया था, और भटकते हुए मयूरहंड पहुंच गया।

सत्यापनोपरांत पहचानकर्ताओं के समक्ष भटकता हुआ विक्षिप्त बालक हर्ष कुमार को परिजन को सुपुर्द किया गया। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में कोई भी अंजान/संदिग्ध/विक्षिप्त व्यक्ति को ग्रामीणों के द्वारा बच्चा चोर समझकर भीड़ के द्वारा मारपीट कर दिया जा रहा है, जिससे कि बड़ी घटना घटित हो जा रही है। वही मयूरहंड थाना क्षेत्र के परोरिया गांव के ग्रामीण अपनी सूझ बूझ का परिचय देते हुए तुरंत पुलिस प्रशासन को सूचना देते हुए पकड़ाए बालक को संबंधित थाना को सुपुर्द किया गया, जिसके लिए पुलिस प्रशासन परोरिया के ग्रामीणों को धन्यवाद ज्ञापन करते हैं, साथ ही मयूरहंड थाना एवं पूरा जिला प्रशासन आप सभी थाना क्षेत्र वासियों एवं जिला वाशियों से अपील/विनती करती है कि कोई भी अंजान/संदिग्ध/अन्य कोई भी व्यक्ति नजर आती है, तो संबंधित थाना एवं डायल 112 में तुरंत सूचना दें, ताकि प्रशासन अपने संज्ञान में लेते हुए उचित करवाई की जा सके

## भारतीय किसान संघ का जिला प्रशिक्षक प्रशिक्षण वर्ग संपन्न

लोकतंत्र की आवाज



अमित पाठक, ब्यूरो चीफ चतरा
चतरा(झारखंड)। भारतीय किसान संघ चतरा का जिला प्रशिक्षक प्रशिक्षण वर्ग गौरक्षणी चतरा में आयोजित हुआ। प्रशिक्षण वर्ग का शुभारम्भ राजस्थान से पहूँचे भारतीय किसान संघ के क्षेत्र संगठन मंत्री हेमराज जी एवं प्रदेश अध्यक्ष जय सिंह ने दीत प्रज्ज्वलित कर किया।

इस अवसर पर भारतीय किसान संघ का ध्वजारोहण कर रंगोली प्रदर्शित की गई। कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री दीपक उरांव, प्रदेश मंत्री श्रीराम पाण्डेय, प्रदेश युवा प्रमुख शिवकुमार साव शामिल हुए तथा जिले के सभी प्रखंड हंटरगंज, ईटखोरी, मयुरहंड, गिद्धौर, पत्थलगड्डा, चतरा, सिमरिया, कुन्दा ,लावालौंग, कान्हाचट्टी, टण्डवा, प्रतापपुर से सैकड़ों प्रखण्ड कार्यकारिणी के सदस्यगण शामिल हुए। सभी किसानों को प्रदेश अध्यक्ष ने भारतीय किसान संघ की स्थापना, उद्देश्य कार्य प्रणाली की जानकारी साझा करते हुए किसानों अधिकार और किसान हित में संचालित सरकारी योजनाओं की जानकारी दी साथ हीं किसानों के लिए कृषि पद्धति में जैविक खेती के महत्व पर प्रकाश डाला।

जिले भर से आए किसानों ने सरकारी व्यवस्थाओं पर सवाल खड़ा करते हुए कई प्रकार की समस्याओं से अवगत कराया इसपर क्षेत्र संगठन मंत्री ने संगठन के संघाटनात्मक, रचनात्मक एवं आंदोलनात्मक कार्य को विस्तार से समझाते हुए वृक्षारोपण, रक्तदान शिविर व प्रतिस्पर्धात्मक कार्य पर भी चर्चा की तथा सरकारी योजनाओं में ऐव्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ एकजुट होकर आंदोलनात्मक रुख अपनाने का उल्लेख किया। जिलाध्यक्ष शम्भु प्रसाद गुप्ता नें क्षेत्र में व्याप्त स्टोन माइंस प्रदुषण, दुष्प्रभाव तथा जल स्तर प्रभावित समस्याओं सहीत बीज वितरण एवं कृषि तकनीक पर चर्चा की।

इस मौके पर जिलामंत्री अशोक अनन्त, कोषाध्यक्ष सरिता देवी, जिला महिला प्रमुख संजु देवी, सह जिलामंत्री दिलीप महतो, जिला मिडिया प्रभारी सुभाष कुमार, हंटरगंज प्रखण्ड अध्यक्ष शुरेश प्रजापति, उपाध्यक्ष अजीत सिंह, रोहित सिंह, लावालौंग प्रखण्ड अध्यक्ष जगेश्वर महतो, गिद्धौर मंत्री रोहित कुमार दांगी, गायत्री देवी प्रखण्ड उपप्रमुख टण्डवा, गुड़िया देवी महिला प्रमुख गिद्धौर, मोनी टुडू महिला प्रमुख टंडवा, सपना देवी लावालौंग, दयानिधि यादव युवा प्रमुख ईटखोरी, विनय हेम्ब्रम सिमरिया, सुबोध कुमार, राजेश कुमार यादव, देवदत्त प्रसाद सहीत सभी प्रखंडों से सैकड़ो किसान कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# धनबाद में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ नगर निकाय चुनाव, 27 फरवरी को होगी मतगणना

लोकतंत्र की आवाज़



पप्पु गुप्ता , ब्योरो चीफ
धनबाद कतरास। नगर निकाय चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। संध्या 5:00 बजे तक धनबाद नगर निगम में 46.98 प्रतिशत तथा चिरकुंडा नगर परिषद में 61.40 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। कई मतदान केंद्रों पर टोकन लेकर लाइन में खड़े मतदाताओं को देर शाम तक मतदान कराया गया।

चुनाव संपन्न होने के बाद आयोजित पत्रकार वार्ता में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त आदित्य रंजन ने बताया कि धनबाद नगर निगम में 4,22,790 तथा चिरकुंडा नगर परिषद में 22,704 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने कहा कि मतदान के दौरान कुछ स्थानों पर छिटपुट घटनाएं हुईं, लेकिन सेक्टर मजिस्ट्रेट और संबंधित अधिकारियों ने त्वरित कार्रवाई कर स्थिति को नियंत्रित कर लिया। जिला कंट्रोल रूम से सभी 1019 मतदान केंद्रों की लगातार निगरानी की जाती रही। वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने बताया कि सभी मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न हुआ और कहीं से कोई बड़ी घटना की सूचना नहीं मिली। चुनाव को सफल बनाने में पुलिस बल, सिटी हॉक्स और प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहे।

उपायुक्त ने जानकारी दी कि मतगणना 27 फरवरी 2026 को राजकीय पॉलिटेक्निक में होगी। इसके लिए 15 मतगणना हॉल बनाए गए हैं, जिनमें धनबाद नगर निगम के लिए 11 और चिरकुंडा नगर परिषद के लिए 4 हॉल निर्धारित हैं। मतपेटियों को स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखा जाएगा, जहां तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। सबसे अंदर झारखंड आर्म्ड पुलिस की तैनाती होगी, जबकि बाहरी सुरक्षा जिला पुलिस संभालेगी। उपायुक्त ने शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने में सहयोग देने वाले प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस बल, चुनाव कर्मियों और आम मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

# अपराध की राजधानी बनता बोकारो शहर: रेलवे टेम्पो स्टैंड पर युवक की गोली मारकर हत्या

लोकतंत्र की आवाज़



झारखंड। बोकारो स्टील सिटी शहर के बालीडीह थाना क्षेत्र में रविवार शाम को एक और सनसनीखेज गोलीकांड ने पूरे शहर में दहशत फैला दी है। बोकारो रेलवे स्टेशन के निकट टेम्पो स्टैंड पर कार्यरत युवक सचिन यादव की अज्ञात हमलावरों ने सरेआम गोली मारकर हत्या कर दी। यह घटना बोकारो में लगातार बढ़ते अपराध के ग्राफ को और उजागर करती है, जहां शहर अब "अपराध की राजधानी" बनने की ओर तेजी से अग्रसर दिख रहा है।प्रत्यक्षदर्शियों और पुलिस सूत्रों के अनुसार, शाम के व्यस्त समय में अचानक फायरिंग की आवाज गूंजी, जिससे टेम्पो स्टैंड और आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई। हमलावरों ने युवक पर दो गोलियां दागीं, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ा। हमलावर भीड़ का फायदा उठाकर फरार हो गए। घायल सचिन यादव को तत्काल बोकारो जनरल अस्पताल (बीजीएच) ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।पुलिस की प्रारंभिक जांच में मृतक सचिन यादव तथा संभावित हमलावरों का आपराधिक इतिहास सामने आया है।

प्रारंभिक आशंका पुरानी रंजिश या आपसी विवाद की है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है और आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। घटना की सूचना निरसा के वर्तमान विधायक तथा बगोदर के पूर्व विधायक विनोद सिंह को भी दी गई है। किसान संग्राम समिति के नेता कॉमरेड गयाराम शर्मा ने इस हत्याकांड की कड़ी निंदा की है। उन्होंने प्रशासन से तत्काल सख्त कार्रवाई और अपराध पर लगाम लगाने की मांग की है।यह घटना बोकारो में हाल के महीनों में हुई कई आपराधिक वारदातों की एक और कड़ी है, जिसमें हत्याएं, लूट, अपहरण और फायरिंग के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। स्थानीय निवासियों में सुरक्षा को लेकर गहरी चिंता है, और कई जगहों पर शहर को "झारखंड का क्राइम कैपिटल" कहकर नाराजगी जताई जा रही है। पुलिस ने मामले की गहन जांच शुरू कर दी है और जल्द गिरफ्तारियां होने का दावा किया है, लेकिन शहरवासियों का मानना है कि ऐसी घटनाएं अब रोजमर्रा की हो गई हैं।

# सुधार पोर्टल खोले जाने की मांग को लेकर किसानों ने की बैठक

## रिजेक्ट किए गए आवेदन को लेकर किसान हाईकोर्ट में याचिका दायर करेंगे, ज्ञापन सौंपा



**लोकतंत्र की आवाज**

**चांद ।** प्रखंड में बाढ़ एवं बे मौसम बरसात से फसल क्षतिपूर्ति इनपुट राशि के लिए किए गए आवेदन को रिजेक्ट करने का मामला गरमाने लगा है।प्रखंड में जमा हुए दर्जनों किसानों ने आंदोलन तेज करने एवं हाईकोर्ट में मामला दर्ज करने पर विचार किया। फसल क्षतिपूर्ति इनपुट राशि के लिए किए गए 1536 आनलाइन आवेदन रिजेक्ट किए जाने पर नाराज़ किसानों ने भारतीय किसान मजदूर यूनियन कैमूर की बैनर तले सोमवार को प्रखंड मुख्यालय में बैठक किया।

बैठक में शामिल दर्जनों किसानों ने माता पिता एवं दादा दादी के नाम से जमाबंदी रैयत के वंशजों के द्वारा किए गए आवेदन को रिजेक्ट किए जाने पर आक्त्रोश व्यक्त किया। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर एक सप्ताह में फसल क्षतिपूर्ति इनपुट राशि के लिए किए गए 1536 रिजेक्ट आवेदन को सही करने के लिए सुधार पोर्टल खोले जाने की मांग की।किसानों ने कहा सभी वास्तविक रैयत है जिनकी धान एवं अन्य फसलें बाढ़ एवं बे मौसम बरसात में बर्बाद हो गई थी ऐसे में किसानों को फसल क्षतिपूर्ति इनपुट राशि से वंचित नहीं किया जा सकता है । किसानों ने कहा सुधार पोर्टल खोलकर रिजेक्ट आवेदन को सुधार करने का एक मौका किसानों को मिलना चाहिए। सुधार पोर्टल खोले जाने पर रिजेक्ट आवेदन वाले किसान अपने आवेदन सुधार कर क्षतिपूर्ति राशि प्राप्त कर सकते हैं। बैठक में शामिल अभिमन्यु सिंह जिलाध्यक्ष भारतीय किसान मजदूर यूनियन कैमूर ने कहा फसल क्षतिपूर्ति राशि के लिए किसानों के द्वारा किए गए आवेदन को बिना सुधार का मौका दिए बिना आवेदन रिजेक्ट किया जाना न्यायोचित नहीं है।

उन्होंने ने जिलाधिकारी कैमूर जिला कृषि पदाधिकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रखंड कृषि पदाधिकारी से मांग की बिना देर किए सुधार पोर्टल खोले जाने की मांग की। उन्होंने ने चेतावनी दी की अगर सुधार पोर्टल बिना खोले 1536 आवेदन करने वाले किसानों को फसल क्षतिपूर्ति इनपुट राशि से वंचित किया गया तो कैमूर जिले में किसान बड़ा आंदोलन करने को तैयार है। अभिमन्यु सिंह ने कहा 1536 किसानों को फसल क्षतिपूर्ति इनपुट राशि का भुगतान नहीं किया गया तो न्याय के लिए किसान हाईकोर्ट जाएंगे।बैठक को संबोधित करते हुए किसान नेता अर्जुन सिंह कुशवाहा ने कहा बिना संघर्ष किए आपकी कोई सुनने वाला नहीं है। उन्होंने ने कहा बाढ़ एवं बे मौसम बरसात से प्रखंड में बड़ी मात्रा में धान की फसल बर्बाद हुई थी।

अर्जुन सिंह कुशवाहा ने कहा प्रखंड के किसानों को केवल दो दिन ही आवेदन करने का मौका मिला। किसान हड़बड़ी में ग़लत आवेदन कर दिया। उन्होंने ने सुधार पोर्टल खोलकर रिजेक्ट आवेदन को सुधार करने का मौका किसानों को देने की मांग की। अर्जुन सिंह कुशवाहा ने फसल क्षतिपूर्ति राशि देने में अनियमितता की जांच की मांग की। बैठक में कई किसानों ने विचार व्यक्त किए। बैठक के बाद किसानों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी चांद एवं प्रखंड कृषि पदाधिकारी चांद को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में किसानों के आवेदन सुधार करने के लिए सुधार पोर्टल खोले जाने एवं क्षतिपूर्ति इनपुट राशि वितरण में अनियमितता की जांच की मांग की गई है।

बैठक में श्याम विकारी सिंह श्रीकांत सिंह ठाकुर प्रसाद गोंड इंद्रबली सिंह मुन्ना सिंह रामेश्वर प्रसाद सुजीत कुमार सिंह आदि सैकड़ों किसान शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष भारतीय किसान मजदूर यूनियन कैमूर एवं संचालन अर्जुन सिंह कुशवाहा ने किया।

# भगवानपुर: जन समस्याओं को लेकर सीपीएम का एक दिवसीय धरना प्रदर्शन



**लोकतंत्र की आवाज**

**विनोद कुमार राम**
**भभुआ (कैमूर)।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) अंचल कमेटी भगवानपुर द्वारा सोमवार को प्रखंड मुख्यालय पर विभिन्न जनहित मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कामरेड बृजेश कुमार सिंह ने की। धरने के दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र एवं राज्य सरकार की नीतियों के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की।

**प्रदर्शनकारियों की मुख्य मांगें निम्नलिखित रहीं:** सभी भूमिहीनों को 10 डिसमिल जमीन उपलब्ध कराना। लाल कार्ड धारकों को आवंटित जमीन पर दखल दिलाना। बिना वैकल्पिक व्यवस्था के 'घर उजाड़ो अभियान' पर रोक लगाना। स्मार्ट मीटर योजना को बंद करना और खराब नल-जल योजनाओं को चालू करना। बाघ अभयारण्य के नाम पर आदिवासियों के विस्थापन को रोकना।

**नेताओं के संबोधन:** जिला मंत्री कामरेड रंगलाल पासवान ने कहा कि देश में महिलाओं के प्रति अपराध बढ़ रहे हैं, जिस पर सरकार अंकुश लगाने में विफल है। जिला सचिव मंडल सदस्य कामरेड भीम सिंह ने आरोप लगाया कि सरकार बुनियादी सुविधाओं और शिक्षा (स्कूलों) पर ध्यान देने के बजाय अन्य कार्यों में व्यस्त है। उन्होंने आगामी 24 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली जनरैली को सफल बनाने का आह्वान किया। वहीं, कामरेड कपिल देव राम ने देश में सख्त यूजीसी कानून लागू करने की मांग की।

**ज्ञापन सौंपा:** अंत में पांच सदस्यीय शिष्टमंडल ने प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) से मुलाकात कर 13 सूत्री मांग पत्र सौंपा। इस मौके पर मोहम्मद हनीफ, देवंती देवी, जरीना बीवी, पूनम देवी, राम राज सिंह और कलामुद्दीन समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### ओडिशा की धरती पर गूंजा बिहार का स्वर, कविता विजय से तीन युवाओं ने रचा इतिहास



लोकतंत्र की आवाज
कैमूर। ओडिशा में आयोजित इंटर स्टेट यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम 2026 में बिहार के तीन प्रतिभाशाली युवाओं ने अपनी ओजस्वी और राष्ट्रभाव से ओत–प्रोत कविता प्रस्तुति से ऐसा समां बांधा कि पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विकाश पांडेय, आनंद कुमार और अथर्व राजपूत ने प्रथम स्थान प्राप्त कर बिहार का परचम लहरा दिया। प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभागियों ने भाग लिया था, लेकिन बिहार के इन युवाओं ने अपनी सशक्त अभिव्यक्ति, प्रभावशाली मंच संचालन, स्पष्ट उच्चारण और सांस्कृतिक चेतना से निर्णायक मंडल को विशेष रूप से प्रभावित किया। विजेताओं को भव्य समारोह में आकर्षक स्मृति–चिह्न (मोमेंटो) और प्रशस्ति–पत्र देकर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि विकाश पांडेय और आनंद कुमार कैमूर जिले के निवासी हैं, जबकि अथर्व राजपूत औरंगाबाद बिहार से संबंध रखते हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद इन युवाओं ने अपनी मेहनत और प्रतिभा के बल पर यह गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। सम्मान ग्रहण करते हुए विजेताओं ने अपनी सफलता का श्रेय माता–पिता, गुरुजनों और जिलेवासियों को दिया। उनकी इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे बिहार में गर्व और उत्साह का माहौल है।

### ददन पांडे के श्राद्धक्रम में पहुंचे दिग्गज, श्रद्धांजलि अर्पित



लोकतंत्र की आवाज
भभुआ कैमूर। चैनपुर थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर गांव में दद्दन पांडे पिता स्वर्गीय प्रहलाद पांडे का श्राद्ध कार्यक्रम आयोजित हुआ। सिविल कोर्ट अधिवक्ता मंटू पांडे अपने पिता ददन पांडे के श्राद्ध क्रम में ब्राह्मणों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। कैमूर के जाने–माने पहलवान पहलाद पांडे के पुत्र दद्दन पांडे इलाज के क्रम में 12 फरवरी को निर्धन हो गया। मंटू पांडे वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर मुखाग्नि दिया था। उनके श्रद्धा क्रम में विजय कुमार पांडे, बृजभूषण पांडे,विजय कुमार पांडे, बृजभूषण पांडे, विपिन पांडे, विपुल पांडे, आदित्य पांडे, सहित सामाजिक कार्यकर्ताओं, अधिवक्ताओं एवं पत्रकारों ने श्रद्धा पूर्वक तैल चित्र पर पुष्प अर्पित किया।

### शिव भक्त संत शिरोमणि श्री नरहरी सोनार महाराज जी का भव्य महोत्सव समारोह आयोजित



लोकतंत्र की आवाज
विनोद कुमार राम
भभुआ कैमूर। जिला स्वर्णकार संघ कैमूर के तत्वाधान में शिवभक्त संतशिरोमणि श्री नरहरी सोनार महाराजा जी का भव्य महोत्सव समारोह गुलजार वाटिका में सम्पन्न हुआ। कैमूर स्वर्णकार संघ के जिला अध्यक्ष प्रदीप सेठ ने सभी आगंतुकों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विहार विधान परिषद सदस्य जीवन कुमार, बिहार सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मोहम्मद जमा खान,सांसद सुधाकर सिंह, विशिष्ट अतिथि स्थानीय विधायक भरत बिंद,पूर्व विधायक रिंकी रानी पांडे ने स्वर्णकार समाज में एकता सामंजस्य स्थापित करने हेतु संगठित रहने की बात कही गई।उक्त मौके पर उपाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद, मदन सेठ,कोषाध्यक्ष अनिल कुमार सेठ महामंत्री भरत सेठ, अनिल सेठ, संरक्षक मंत्री उमेश सेठ, संगठन मंत्री दीपक सेठ, सूचना मंत्री पिंटू सेठ, उप सूचना मंत्री जितेंद्र सेठ, सचिव राजू सेठ, सोनू सेठ, मनोज सेठ, रामलाल सेठ, मुन्ना सेठ,अमित सेठ,अजय सेठ सहित स्वर्णकार संघ के हजारों की संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्त्रम समापन के बाद भारतीय सांस्कृतिक परंपरागत मंच पर होली मिलन समारोह आयोजित किया गया और एक दूसरे से गले मिलकर शिकवा शिकायत दूर करने एवं संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया गया।

# चांद में सड़क दुघर्टना में ढाई साल की बच्ची की हुई मौत

**लोकतंत्र की आवाज**

**चांद।** थाना अन्तर्गत सुरहा गांव में सड़क दुघर्टना में ढाई साल की बच्ची की मौत हो गई।भरारी कला खुर्द गांव के महेंद्र सिंह अपनी पत्नी के साथ बाइक से अपनी ढाई साल की बच्ची को बैठाकर हाटा बाजार जा रहे थे।उसी समय उत्तर प्रदेश से ट्ाली पर ईंट लेकर आ रही टैक्टर के चपेट में आने से मौत हो गई।

बताया जा रहा है की महेंद्र सिंह अपनी ढाई साल की बच्ची को आगे बैठाए हुए थे। सोमवार को दोपहर 12 बजे के आसपास महेंद्र सिंह बच्ची को लेकर पत्नी के साथ जाते समय टैक्टर से पास लेते समय बच्ची ट्ाली में लगे चक्के के नीचे आ गई। ट्ाली के चक्के से दब जाने के बाद लड़की की घटना स्थल पर मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण इकठ्ठा हो गए। इसी बीच टैक्टर चालक वहां से भाग खड़ा हुआ। और कुछ दूर खड़ा होकर अपना दोष नहीं है का दुहाई देने लगा।चालक ने बताया की मेरी कोई ग़लती नही है मौके पर पहुंची पुलिस ने टैक्टर चालक को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया।

पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर मामले को संभाल लिया। पुलिस ने बच्ची के चाचा के फर्द बयान पर मामला दर्ज कर आगे की कारवाई कर रही है।इस संबंध थाना प्रभारी भागीरथ कुमार ने कहा दुर्घटना के समय मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह का बवाल नहीं होने दिया। उन्होंने ने कहा टैक्टर चालक पुलिस कस्टडी में है।बच्ची की मौत की खबर गांव में पंहुचते ही कोहराम मच गया। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

# सात दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट फाइनल में अधौरा मैन ऑफ द मैच

**लोकतंत्र की आवाज**



**विनोद कुमार राम**
**भभुआ कैमूर।** महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर नव युवक संघ कमिटी अधौरा के द्वारा सात दिवसीय फुटबॉल टूनामेंट का आज सातवें अंतिम दिन का भव्य आयोजन के साथ ही संपन्न किया गया। न्यू स्टेडियम अधौरा में फाइनल का का मैच खेला गया।मुख्य अतिथि रविन्द्र कुमार प्रखंड विकास पदाधिकारी अधौरा , विशिष्ठ अतिथि श्री नागेन्द्र कुमार र क थाना अधौरा, डॉ तुलसी प्रसाद सिंह जिला खेल मिडिया प्रभारी, डॉ राजकुमार सिंह जिला परिषद् अधौरा, के गरिमामय उपस्थिति में 15 फरवरी से हो रहे सात दिवसीय फुटबॉल टूनामेंट का फीता काटकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर इस टूनामेंट का शुभारंभ किया गया।

इसके पहले सभी मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों को आयोजनकर्ता द्वारा माल्यार्पण कर पुष्पगुच्छ, मोमेंटो देकर स्वागत किया गया। न्यू स्टेडियम अधौरा महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर नवयुवक संघ कमिटी अधौरा आयोजन कर्ता लव यादव भावी जिला परिषद भाग 17, अधौरा, अध्यक्ष श्रवण यादव, सचिव फैसल आलम के देखरेख में सात दिवसीय फुटबॉल टूनामेंट का आयोजन के साथ संपन्न न्यू स्टेडियम अधौरा में किया गया। फाइनल मैच फुटबॉल खेल क्लब चैनपुरा बनाम फुटबॉल क्लब अधौरा के बीच शानदार रोमांचक मैच खेला गया।पहला हॉफ टाइम में अधौरा टीम के स्टार खिलाड़ी लव कुमार एक गोल पप्पू, एक गोल से अधौरा की टीम शून्य से आगे। इस प्रकार फस्ट हॉफ टाइम के समाप्ति व दूसरा हॉफ में अधौरा के पप्पू कुमार एक गोल, शिवदास यादव के एक गोल से अधौरा टीम चार शून्य से आगे मैच जारी है मुख्य रेफरी शिवधार यादव, सहायक शौकत अली गद्दी फुटबॉल के वरीय खिलाड़ी सह जिला संयोजक अरशद अयूब, सुबास यादव अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मंच का संचालन मोहम्मद अजहरुद्दीन, इम्तियाज अहमद शौकत ने संयुक्त रूप से किया।

इस टूनामेंट में बाल ब्याज सलमान अली, सब्बीर खां, अजित कुमार पूरे खेल के दौरान आकर्षक का केंद्र बिंदु थे इस मौके पर गौरी शंकर मुखिया, धनंजय कुमार, मुखिया पिंटू यादव, फैसल आलम पप्पू कुमार, उत्तम ठाकुर, अटल कुमार , फुटबॉल के वरीय खिलाड़ी सहित सैकड़ो फुटबॉल खेल प्रेमी दर्शक मौजूद थे।इस प्रकार खेल समाप्ति के बाद अधौरा फुटबॉल टीम चार शून्य से विजेता मैन आप दी मैच अधौरा टीम के खिलाड़ी मोहम्मद आबिद , मैन ऑफ दी सीरीज अधौरा फुटबॉल खेल क्लब के कैप्टन पप्पू यादव को दिया गया सभी उप विजेता, विजेता टीम को मेंडल, कप अंग वस्त्र अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।

# अतिक्रमण पर चला नगर पंचायत का बुलडोजर, जुर्माने के साथ कुछ सामान को भी किया गया जप्त

**लोकतंत्र की आवाज**



**मोहनिया ।** नगर पंचायत ने कैमूर जिले की हृदयस्थली कहे जाने वाली चांदनी चौक को एक बार फिर अतिक्रमण मुक्त कराया। मोहनिया एसडीएम और एसडीपीओ की मौजूदगी में चांदनी चौक के आसपास से अतिक्रमण को हटाया गया।

आपको बता दें कि आए दिन मोहनिया के चांदनी चौक पर ठेले और ऑटो वालो की वजह से सड़क पर जाम लग जाते है, लोग ठेले पर सब्जी, फल और खाने पीने के सामान बेचने के चक्कर में सड़क पर कब्जा कर लेते हैं, वहीं ई—रिक्शा और ऑटो वाले भी सड़क पर गाड़ी खड़ी कर सवारी को उतारने और चढ़ाने लगते हैं, जिससे प्रतिदिन मोहनिया के चांदनी चौक पर भीषण जाम लग जाती है, स्टूवरगंज में भी सब्जी बेचने वाले अवैध कब्जा किए हुए हैं। अतिक्त्रमण की वजह से कभी—कभी एम्बुलेंस और स्कूली वाहन भी जाम में फंस जाते हैं।

इस संबंध में मोहनिया एसडीएम रत्ना प्रियदर्शिनी ने सोमवार की दोपहर बताया कि वरीय पदाधिकारी के आदेश पर चांदनी चौक के आसपास, रामगढ़ रोड, भभुआ रोड और दुर्गावती रोड पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया है। अवैध रूप से लगाया गए रोड पर ठेले और छोटी दुकानों को जब्त किया गया है। अतिक्रमण के खिलाफ एक टीम का गठन किया जाएगा जो सुबह शाम निरीक्षण करते रहेंगे, स्थल का निरीक्षण किया जा रहा है ताकी

**■ अतिक्रमण निरीक्षण के लिए बनेगी विशेष टीम, प्रतिदिन सुबह और शाम होगी निरीक्षण**

पार्किंग का एरिया बनाई जाए, बाजार एरिया में जो अनाधिकृत रूप से बाइक्स लगाए जाते हैं खासकर अंडरपास में जिसकी वजह से जाम लगता है उसको रोका जा सके। लगभग पच्चीस सौ रुपए के आसपास ठेले, ऑटो और दुकान वालों से जुर्माना भी वसूल किया गया हैं।अतिक्त्रमण के खिलाफ अभियान लगातार चलता रहेगा। मोहनिया एसडीपीओ प्रदीप कुमार, थानाध्यक्ष आलोक कुमार और कार्यपलक पदाधिकारी सुधांशु कुमार के साथ—साथ नगर पंचायत के कर्मचारी और भारी संख्या में पुलिस बल भी मौजूद रहे।

# दुर्गावती में देसी कट्टा 2 जिंदा कारतूस और 86 लीटर देसी व विदेशी शराब बरामद, एक गिरफ्तार

**लोकतंत्र की आवाज**



**दुर्गावती ।** थाना क्षेत्र के कल्याणपुर नहर शिव मंदिर के समीप दुर्गावती पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सोमवार को एक देसी कट्टा दो जिंदा कारतूस में 86 लीटर देसी व विदेशी शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस दौरान पुलिस ने आरोपी के पास से एक अपाचे मोटरसाइकिल दो एंड्राइड मोबाइल व 720 रुपया नगद कैश भी बरामद किया है। इसकी जानकारी मोहनियां डीएसपी प्रदीप कुमार ने दुर्गावती थाने में प्रेसवार्ता कर दी हैं।

जानकारी के मुताबिक कार्रवाई के दौरान पकड़े गए आरोपी के साथ दो आरोपी भागने में सफल भी हो गए। गिरफ्तार आरोपित की पहचान रोहित कुमार यादव पिता सुरेंद्र यादव ग्राम मोहनिया जिला कैमूर के रूप में की गई है।

दरअसल पुलिस को गुप्त सूचना मिला कि एक व्यक्ति अपाची बाइक से हथियार एवं शराब लिया हुआ है। सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु कैमूर एसपी हरिमोहन शुक्ला के निर्देश पर दुर्गावती थानाध्यक्ष गिरीश कुमार, ए एल टी एफ प्रभारी रौशन कुमार एवं एसआई संतोष कुमार पासवान के साथ सशस्त्र बल के साथ एक टीम का गठन किया गया।

पुलिस की टीम ने कल्याणपुर शिव मंदिर के पास वाहन चेकिंग एवं छापामारी की तो एक व्यक्ति को अपाची बाइक जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर इफ45छ—6508 साथ

**■ मोहनियां डीएसपी ने प्रेसवार्ता कर दी जानकारी**

विधिवत जांच कर मोटर साईकिल से कुल—86.76 लीटर देशी व विदेशी शराब बरामद किया गया। वहीं आरोपी के द्वारा छिपाकर रखा हुआ एक देशी कट्टा एवं 02 जिन्दा कारतूस बरामद किया गया।

प्रेसवार्ता के दौरान मोहनियां डीएसपी प्रदीप कुमार ने यह भी जानकारी दी कि उक्त व्यक्ति के साथ दो अन्य भागे हुए व्यक्ति देवकली निवासी भोलू कुमार यादव एवं मोहनियां निवासी अजीत कुमार दोनो घटना में शामिल थे जो भागने में सफल रहे। फिलहाल पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जा रही है। वहीं दो भागे हुए अन्य आरोपियों के विरुद्ध छापेमारी जारी है।

# रामगढ़ विधायक सतीश कुमार सिंह यादव ने विस में उठाई सांख्यिकी स्वयंसेवकों की आवाज़, नौकरी वापसी की मांग

**लोकतंत्र की आवाज**



**कैमूर।** बिहार विधानसभा के सत्र के दौरान रामगढ़ से बहुजन समाज पार्टी के विधायक सतीश कुमार सिंह यादव ने राज्य के हजारों बेरोजगार सांख्यिकी स्वयंसेवकों का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। सदन में अपनी बात रखते हुए उन्होंने सरकार से इन स्वयंसेवकों की सेवाओं को पुनः बहाल करने की पुरजोर मांग की।

**प्रमुख बिंदु: चयन का आधार:** विधायक ने बताया कि वर्ष 2012—13 में पात्रता परीक्षा के आधार पर सांख्यिकी स्वयंसेवकों का एक विधिवत पैनल तैयार किया गया था।

**पूर्व में किए गए कार्य:** इन स्वयंसेवकों से सरकार द्वारा सांख्यिकी गणना और सर्वेक्षण जैसे महत्वपूर्ण कार्य लिए गए थे।

**बेरोजगारी का मुद्दा:** श्री यादव ने सदन को अवगत कराया कि 2014 से इन स्वयंसेवकों को बिना किसी ठोस कारण के कार्यमुक्त कर दिया गया है, जिससे हजारों युवा आज बेरोजगारी की मार झेल रहे हैं।

**सरकार से मांग:** विधायक सतीश कुमार सिंह यादव ने अध्यक्ष के माध्यम से सरकार से अपील की कि इन युवाओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए, सांख्यिकी स्वयंसेवकों को जल्द से जल्द पुनः बहाल किया जाए ताकि वे अपनी सेवाएं फिर से दे सकें।

# डा. मंटू सिंह बने बिहार आईएमए वाइस चेयरमैन, बधाइयों का तांता लगा

**लोकतंत्र की आवाज**



**विनोद कुमार राम**
**भभुआ कैमूर।** जिले के प्रसिद्ध चिकित्सक डा. दिनेश्वर कुमार सिंह मंटू को इण्डियन मेडिकल एशोसियेशन की बिहार शाखा का वाइस चेयरमैन निर्वाचित किए जाने से जिले के चिकित्सक, सामाजिक, सांस्कृतिक लोग एवं आमजन में अत्यंत खुशी है।आईएमए के कैमूर जिलाध्यक्ष के रुप में वे सदैव गरीब एवं असहाय मरीजों की सेवा तथा सहायता में तत्पर रहने के लिए चर्चित हैं।

आईएमए बिहार शाखा के पदाधिकारीगण का निर्वाचन मोतिहारी में आयोजित संगठन के वार्षिक कॉन्फ्रेंस में हुआ जिसका उद्घाटन राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ नायक, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सहजानंद प्रसाद, एवं कैप्टन डॉ विजय शंकर सिंह एवं मोतिहारी के सांसद, पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री राधा मोहन सिंह की उपस्थिति मे हुआ। मोतिहारी के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ आशुतोष शरण अध्यक्ष और पटना के डा. दिनेश कुमार सचिव बने। रेडक्रॉस कैमूर के चेयरमैन डा. रामेश्वर प्रसाद सिंह ने डा. मंटू सिंह को बधाई देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में आईएमए द्वारा विशेषकर जिले के वनवासी बहुल पहाड़ी क्षेत्र में निरंतर जारी स्वास्थ्य जांच एवं मुफ्त दवा वितरण कैंपों की सभी सराहना करते हैं। डा. मंटू रेडक्रॉस कैमूर जिला शाखा के आजीवन सदस्य भी हैं।

कोविड महामारी के समय तथा टीबी रोगियों के लिए चलाए गए निक्षय मित्र योजना में उन्होंने सराहनीय योगदान किया है। रेडक्रॉस सचिव प्रसून कुमार मिश्र, जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष रवीन्द्र नाथ चौबे, भाजपा जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश पाण्डेय,

**■ मोतिहारी के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ आशुतोष शरण अध्यक्ष और पटना के डा. दिनेश कुमार सचिव बने**

कांग्रेस जिलाध्यक्ष राधेश्याम कुशवाहा, परिवहन संघ के जय नारायण सिंह, जिला पार्षद श्री शत्रुजय सिंह उर्फ़ छोटन सिंह, जिला पार्षद श्री मति गीता पासी, आईएमए संयोजक डा. अनिल कुमार सिंह, ◌ें सचिव डॉ संतोष सिंह वरिष्ठ चिकित्सक डा. जय शंकर मिश्र, डा. अविनाश सिंह, डा. लोकनाथ तिवारी, डा. किरण सिंह, डा. अशोक कुमार सिंह, डा. विनोद शंकर सिंह, डा. त्रिभुवन नारायण, डा. सुनील दत्त त्रिपाठी, डा. संतोष कुमार सिंह, डा. अरविंद द्विवेदी, डा. मीना पाठक, डा. प्रतिभा पाण्डेय, डॉ संजय सिंह, आयुष एसोसिएशन के डॉ एम पी सिंह, डा. वंदना सिंह, केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के राजेश कुमार केशरी, रवि शंकर अग्रवाल, सासाराम आईएमए सचिव डॉ अमित कुमार, पूर्व बिहार अध्यक्ष डॉ डी एस सिंह, अध्यक्ष इलेक्ट डॉ ललित मोहन सिंह, सासाराम के सामाजिक कार्यकर्त्ता एवं समरडीहा पंचायत के अध्यक्ष श्री अवध बिहारी राय सहित अन्य गणमान्य लोगों ने डा. मंटू सिंह की इस उपलब्धि को गौरव का विषय बताया।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि डा. मंटू के नेतृत्व में आईएमए बिहार उत्तरोत्तर जनसेवा के लिए समर्पित होगा। डॉ मंटू ने इस उपलब्धि के लिए राष्ट्रीय संयोजक डॉ केतन देसाई, राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ नायक, डॉ सहजानद, एवं कैप्टन डॉ विजय शंकर के प्रति आभार व्यक्त किया।

## संक्षिप्त खबरें ।

### वार्ड संख्या 18 में एक समूह द्वारा एक स्थान पर गोलीबारी



लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरो चीफ गिरिडीह
झारखंड (2026 .02.23)। गरपालिका आम निर्वाचन 2026 के तहत शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न होने के पश्चात वार्ड संख्या 18 के एक स्थान पर हुई गोलीबारी की घटना में दो लोग घायल हो गए। घटना में एक व्यक्ति के सिर में चोट लगी है, जिन्हें तत्काल पीएमसीएच धनबाद रेफर किया गया। चिकित्सकों के अनुसार उनकी स्थिति फिलहाल स्थिर है। वहीं दूसरे व्यक्ति के पैर में चोट लगी है प्राथमिक उपचार के बाद उनकी स्थिति सामान्य बताई जा रही है और वे भी खतरे से बाहर हैं। जिला प्रशासन द्वारा लगातार दोनों व्यक्तियों के स्वास्थ्य पर निगरानी रखी जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस दल मौके पर पहुंचा तथा स्थिति को नियंत्रण में लिया। क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है और मामले की जांच जारी है। जिला प्रशासन द्वारा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। जिला प्रशासन मामले की जांच में जुट गया है तथा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और घायलों का समुचित इलाज कराया जा रहा है। साथ ही, घटना को लेकर किसी भी प्रकार की भ्रामक या अपुष्ट खबर फैलाने वालों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल आधिकारिक स्रोतों से प्राप्त जानकारी पर ही विश्वास करने की अपील जिला प्रशासन ने की है।

### बिराटपुर पहुंचे पूर्व मंत्री नीरज बबलू, मां चंडी मंदिर की मरम्मत का दिया आश्वासन



लोकतंत्र की आवाज
सहरसा संवादाता। प्रखंड क्षेत्र के बिराटपुर पंचायत में स्थित प्रसिद्ध मां चंडी मंदिर के दरबार में रविवार को बिहार सरकार के पूर्व मंत्री नीरज कुमार बबलू और पूर्व विधान पार्षद नूतन सिंह पहुंचे। दोनों ने मंदिर में पूजा–अर्चना की और परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान पूर्व मंत्री ने मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने कहा, ₹पर्यटन विभाग के अधिकारियों से बात हो चुकी है। मैं बिहार सरकार के पर्यटन मंत्री से मिलकर मंदिर के विकास का प्रस्ताव रखूंगा, ताकि शीघ्र मरम्मत कार्य शुरू हो सके।₹ नीरज बबलू ने भावुक होकर कहा, ₹मां चंडी से हमारा गहरा लगाव है। मंदिर के सौंदर्यीकरण और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।₹ कार्यक्रम में पूर्व मुखिया व उप चेयरमैन प्रतिनिधि संजीव कुमार सिंह, रंजन सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष वीर अभिमन्यु सिंह, मिठ्ठू रजक, अमरेंद्र सिंह उर्फ बच्चा दास, श्रवण कुमार सिंह, सुमित कुमार गुप्ता, जदयू युवा नेता कारु सिंह, अनिल कुमार सिंह, मीकू कुमार सिंह समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने मंदिर विकास के लिए जनप्रतिनिधियों से निरंतर सहयोग की अपेक्षा जताई।

### बिजनौर बीमारी से परेशान व्यक्ति ने पेड़ से लगाई फांसी



लोकतंत्र की आवाज
रिपोर्ट गुरप्रीत सिंह
नगीना। डॉ मनोज शर्मा ग्रामीण सनसनी लंबे समय से बीमारी से जूझ रहे एक 42 वर्षीय व्यक्ति ने मानसिक तनाव में आकर जंगल में पेड़ से लटक कर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। थाना क्षेत्र के ग्राम रामपुर गावड़ी दास उर्फ क पटपरा निवासी बृजेश कुमार (42 ना वर्ष) पुत्र रोहिताश पिछले काफी समय में से अस्वस्थ चल रहे थे। परिजनों के ते अनुसार बीमारी के कारण वह लगातार । मानसिक रूप से परेशान रहने लगे थे। नी शनिवार देर शाम वह घर से निकले ने और पास के जंगल में जाकर आम के हां पेड़ पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। रवि वार सुबह खेतों की ओर जा रहे ग्रामीणों ने जब पेड़ पर शव लटका देखा तो तुरंत गांव में सूचना दी। खबर मिलते ही परिजन रोते–बिलखते मौके पर पहुंचे। देखते ही देखते सैकड़ों ग्रामीण घटनास्थल पर एकत्र हो गए और वातावरण गमगीन हो उठा। ग्रामीणों की सूचना पर उत्तर प्रदेश पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पेड़ से नीचे उतरवाकर कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक अपने पीछे दो छोटे पुत्र–साहिल (10 वर्ष) और अर्दीत है।

### माधौगढ़ में बसपा का विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन 24 फरवरी को, तैयारी जोरों पर,



लोक तंत्र की आवाज
उरई। बहुजन समाज के सम्मान, अधिकार और सामाजिक न्याय को सशक्त बनाने के उद्देश्य से बहुजन समाज पार्टी द्वारा एक विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन आगामी 24 फरवरी 2026 को किया जा रहा है। यह सम्मेलन दोपहर 11 बजे से अमृता पैलेस, माधौगढ़ में आयोजित होगा। सम्मेलन में पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थक बड़ी संख्या में भाग लेंगे। आयोजकों ने सभी कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं तथा अपने परिवार, मित्रों एवं क्षेत्रवासियों को भी साथ लाएं। इस अवसर पर संगठन को मजबूत करने, सामाजिक परिवर्तन और आर्थिक विकास के संकल्प को आगे बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा। साथ ही वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती को पुनः उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने के लक्ष्य को लेकर रणनीति पर चर्चा होगी। बसपा के वरिष्ठ नेता पं. संजीव थापक ने बताया कि यह सम्मेलन पार्टी की एकजुटता और बहुजन समाज की आवाज़ को मजबूत करने का माध्यम बनेगा। उन्होंने कहा कि ₹सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय₹ के सिद्धांत को साकार करने के लिए सभी कार्यकर्ताओं की स्त्रिरय भागीदारी आवश्यक है। कार्यक्रम की तैयारियां उरई सहित आसपास के क्षेत्रों में तेज़ी से चल रही हैं। स्थानीय कार्यकर्ताओं में सम्मेलन को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है

### रुद्र महायज्ञ में लोगों की उमड़ी भीड़



लोकतन्त्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती। पीरपैंती प्रखंड के शाखा कृषि मैदान में आयोजित सप्ताह भागवत कथा सह रुद्र महायज्ञ का विद्वान ब्राह्मणों के द्वारा वैदिक मंत्रों के साथ हवन पूजन के साथ यज्ञ का प्रारंभ हो गया।इस अवसर पर मुख्य जजमान राज आनंद सपत्नीक, उपेंद्र यादव, पप्पू मंडल रहे ।सप्ताह भागवत कथा वाचक परमहंस स्वामी आगमानंद जी महाराज ने महाराज के द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का प्रारंभ किया गया। आगमानंद जी महाराज ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा श्रवण अमृत तुल्य है। भागवत कथा श्रवण करने वाले की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।इस अवसर पर हजारों की संख्या में भक्त लोग उपस्थित थे। आगमानंद जी महाराज ने राम जन्म की संगीत मय प्रस्तुति देकर भक्तों को झूमने पर बाध्य कर दिया।इस अवसर पर यज्ञ समिति के अध्यक्ष पप्पू कुमार साह, गुंजन कुमार, सूरज कुमार, रंजीत पासवान, सहित अन्य कार्यकर्ता मेला व्यवस्था संचालन में लगे हुए हैं। यज्ञ आचार्य पंडित अनिरुद्ध शास्त्री जी ने कहा कि महा रूद्र का अर्थ है भगवान भोले को प्रसन्न करना है ।एक लोटा जल, सभी मनोकामना सफल के उदघोष के साथ इस रुद्र महायज्ञ का प्रारंभ हो गया।

## बिजनौर में जीएसटी चोरी के मामले में तीन गिरफ्तार, फर्जी खातों से लेनदेन का खुलासा

लोकतंत्र की आवाज



**रिपोर्ट रोहित कुमार**
**अफजलगढ़।** जीएसटी चोरी के एक मामले में थाना पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो मोबाइल फोन व नकदी बरामद की है। मामले में कई अन्य लोगों की संलिप्तता भी प्रकाश में आई है। थाना अफजलगढ़ में 23 दिसंबर 2025 को सहायक आयुक्त राज्य कर खंड—1 धामपुर आशुतोष कुमार सिंह की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था। तहरीर में आरोप लगाया गया कि सनम एंटरप्राइजेस फर्म के स्वामी तोसैब पुत्र मोहम्मद सुलेमान निवासी आजादनगर, बनभूलपुरा लाइन नंबर—14, वार्ड नंबर—18 हल्द्वानी (उत्तराखंड) द्वारा व्यापार में जीएसटी चोरी की गई है।

पुलिस ने मामले में मु.अ.सं. 364/25 के तहत धारा 318 (4) बीएनएस में मुकदमा दर्ज किया था। विवेचना के दौरान उक्त धारा हटाते हुए 420, 467, 468, 471 व 120बी भादवि की बढ़ोतरी की गई। जांच के दौरान फरमान पुत्र अब्दुल रहमान निवासी लाइन नंबर—12 बनभूलपुरा हल्द्वानी (उत्तराखंड), अमीर अहमद पुत्र शब्बीर निवासी बिजारा खाता उत्तरी, पोस्ट मसवासी थाना स्वार जनपद रामपुर तथा यासमीन पत्नी सलीक अहमद निवासी गोजाझाली बनभूलपुरा हल्द्वानी (उत्तराखंड) के नाम प्रकाश में आए। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में सामने आया कि जसपुर निवासी जीशान व वसीम ने विभिन्न लोगों के आधार और पैन कार्ड के जरिए बैंक खाते खुलवाकर उनमें जीएसटी लेनदेन करने की योजना बनाई थी। इसके बदले प्रति व्यक्ति 50 हजार रुपये देने का लालच दिया गया।

यासमीन ने अपने बहनोई अमीर अहमद से दस्तावेज उपलब्ध कराने को कहा और प्रति व्यक्ति 20 हजार रुपये देने की बात कही। अमीर ने फरमान को जानकारी दी, जिसके बाद फरमान ने तौसेब के दस्तावेज जुटाकर यासमीन को दे दिए। पुलिस ने फरमान के कब्जे से वीवो कंपनी का मोबाइल फोन व 500 रुपये, अमीर अहमद के पास से सैमसंग कंपनी का मोबाइल फोन व 70 रुपये तथा यासमीन के पास से 120 रुपये नकद बरामद किए हैं। इस अवसर पर गिरफ्तार करने वाली टीम में क्राइम ब्रांच प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सरोज के आलावा सब इंस्पेक्टर शिवम तायल, कांस्टेबल सागर कुमार व महिला कांस्टेबल हरजीत कौर शामिल रहे।

## बिजनौर डीएम ने रोजगार सेवक की वित्तीय अनियमितता पर तत्काल सेवा समाप्त करने के दिये निर्देश

लोकतंत्र की आवाज



**रिपोर्ट पायल कुमारी**
**नगीना।** जिलाधिकारी बिजनौर जसजीत कौर ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रमोद निवासी ग्राम नूरपुर अरब के शिकायती पत्र, जिसमें ग्राम सेवक द्वारा मनरेगा योजना के अंतर्गत भारी अनियमितता के आरोप से संबंधित प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए उसकी जांच उपायुक्त (श्रम रोजगार) द्वारा कराई गई। जांच में पाया गया कि शहबाज, ग्राम रोजगार सेवक ग्राम पंचायत नूरपुर अरब द्वारा अपने परिवारजनों के डुप्लीकेट जॉब कार्ड जारी करके बिना काम किए फर्जी मस्टररोल भरकर, अपने परिवारजनों को दूसरी बिरादरी के जॉब कार्डो में कूटरचना से जोड़कर सरकारी धनराशि का दुविनियोग/व्यपहरण किया गया तथा नियमित संविदा कर्मी आंगनबाड़ी सहायिका श्रीमती यशोदा को फर्जी मस्टररोल भरकर धनराशि का भुगतान कराया गया है।

उन्होंने उक्त क्रम में खण्ड विकास अधिकारी ने अय्यूब के विरूद्ध फर्जी जॉब कार्ड बनाने, एक बिरादरी के व्यक्तियों का नाम दूसरी बिरादरी के जॉब कार्ड में जोड़ने, काल्पनिक व्यक्ति का जॉब कार्ड बनाने एवं मस्टररोल भरने तथा कुल रूपये 467436/— की धनराशि का दुर्विनियोग/व्यपहरण करने के लिए सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज अधिकारी/कार्यक्रम अधिकारी, विकास खण्ड कोतवाली, ग्राम रोजगार सेवक, ग्राम पंचायत नूरपुर अरब शहबाज पुत्र कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने सहायक विकास अधिकारी (पंचायत), विकास खण्ड कोतवाली को निर्देशित किया जाता है कि वह अपचारी ग्राम रोजगार सेवक की संविदा समाप्त करने के लिए नियमानुसार ग्राम पंचायत द्वारा कार्यवाही कराएं। जिला पंचायतराज अधिकारी यह सुनिश्चित करेगें कि नियमानुसार ग्राम पंचायत की बैठक यथाशीघ्र कराई जाए तथा अपचारी ग्राम रोजगार सेवक की संविदा समाप्त की जाएं। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी, बिजनौर को आदेश किया जाता है कि वह अपचारी आंगनबाड़ी सहायिका श्रीमती यशोदा के विरूद्ध कठोर अनुशासनिक कार्यवाही व धनराशि की वसूली करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि उक्त प्रकरण अत्यन्त गम्भीर वित्तीय अनियमितता एवं पद के दुरूपयोग से संबंधित हैं, इसलिए इस पर संबंधित अधिकारी तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें।

## कनरिया थाना में लंबित मामलों की समीक्षा, एसडीपीओ व सर्किल इंस्पेक्टर ने दिए निर्देश



लोकतंत्र की आवाज

**सहरसा संवादाता।** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मुकेश कुमार ठाकुर एवं सर्किल इंस्पेक्टर मु. सुजाउद्दीन ने संयुक्त रूप से कनरिया थाना में लंबित मामलों को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान थाना में दर्ज विभिन्न कांडों की प्रगति, अनुसंधान की स्थिति तथा वारंट— कुर्की की कार्रवाई की विस्तार से जानकारी ली गई। एसडीपीओ ने लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन, फरार अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी तथा गंभीर मामलों में अनुसंधान तेज करने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि पुलिस पदाधिकारी कांडों के निष्पादन में लापरवाही न बरतें और समयबद्ध तरीके से कार्रवाई सुनिश्चित करें। सर्किल इंस्पेक्टर ने भी केस डायरी अद्यतन रखने, नियमित गश्ती बढ़ाने तथा विधि—व्यवस्था बनाए रखने पर जोर दिया। बैठक में थाना अध्यक्ष सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

## बिजनौर नूरपुर मार्ग पर भीषण सड़क हादसा, ऑटो और इको वैन की टक्कर में 70 वर्षीय बुजुर्ग की मौत

लोकतंत्र की आवाज




**रिपोर्ट आकांक्षा रानी**
**नूरपुर।** मुरादाबाद स्टेट हाईवे पर एक ऑटो और इको वैन की टक्कर में एक 70 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई। इस हादसे में चार महिलाओं सहित आठ से अधिक लोग घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को सीएचसी नूरपुर पहुंचाया। गंभीर रूप से घायल हुए तीन लोगों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। हादसे के बाद वैन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो सड़क किनारे पलट गया।

यह पूरी दुर्घटना गोहावर चौराहे से आगे एक पेट्रोल पंप के पास सोमवार सुबह करीब 9 बजे हुई। अमरोहा जनपद के गांव कुमखिया से सवारियां लेकर जा रहे ऑटो को सामने से आ रही इको वैन ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो सड़क किनारे पलट गया। दर्दनाक हादसे में हल्दौर थाने के गांव मुकरपुर सत्ती निवासी 70 वर्षीय रामसिंह की मौके पर ही मौत हो गई। घायलों में ऑटो चालक समरपाल (देहरी खुर्रम, अमरोहा) के साथ निशि (20 वर्ष, डहकबाड़ा, अमरोहा), रीना (पत्नी बाबूराम, कोतुपुरा, अमरोहा), अंजलि (पुत्री बाबूराम, मुकरपुर सत्ती), समरपाल (पुत्र छोटे, मुकरपुर सत्ती), सोमपाल (मुकरपुरी), खासपुरा ऊमरी, धर्मवीर और— गंभीर घायलों को जिला अस्पताल में कराया गया भर्ती जगतराम शामिल हैं। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया ।सभी घायलों को सीएचसी नूरपुर पहुंचाया गया। वहां से शकुंतला, धर्मवीर और जगतराम की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हादसे के बाद वैन चालक मौके से बैन सहित फरार हो गया। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## धबौली हाईस्कूल खेल मैदान में बाबा अर्जुन दास टी-20 क्रिकट का धमाकेदार आगाज



लोकतंत्र की आवाज

**सहरसा संवादाता।** धबौली हाई स्कूल खेल मैदान में रविवार को आयोजित बाबा अर्जुन दास टी—20 क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन मुकाबला बिहारीगंज और मंगवार के बीच रोमांचक अंदाज में खेला गया। मंगवार की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बिहारीगंज को 9 रनों से हराकर सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली। मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष रूद्रानंद सिंह ने फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा, "खेल में अनुशासन और समर्पण ही सफलता की असली कुंजी है।

सभी खिलाड़ी खेल भावना के साथ बेहतर प्रदर्शन करें। जीत—हार से ऊपर उठकर खेल का सम्मान ही सच्चे खिलाड़ी की पहचान है।" टॉस जीतकर बिहारीगंज ने गेंदबाजी चुनी।पहले बल्लेबाजी करते हुए मंगवार ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 201 रन बनाए। जवाब में बिहारीगंज 20 ओवर में 8 विकेट पर 192 रन ही बना सकी। उद्घाटन मैच के एम्पायर सोना सुधीर और मोनू कुमार रहे, उद्घोषक दिलखुश, जबकि स्कोरर आदित्य व मुन्ना। मौके पर विधायक प्रतिनिधि विजय कुमार सिंह, पूर्व सरपंच रंजीत सिंह, शंभू शरण भदोरिया, प्रेम कुमार, राजीव कुमार, प्रियांशु, विपुल, रघुरंजन, आदर्श, विशाल आदि लोग उपस्थित रहे।

## हिस्ट्रीशीटर आशुतोष पाण्डेय से पीड़ित व्यक्ति आया शंकराचार्य जी के शरण में

लोक तंत्र की आवाज



**वाराणसी।** परमधर्माधिश ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगदगुरू शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज को अपनी छोटी बच्ची के झूठे यौन शोषण फसाने हेतु हिस्ट्रीशीटर आशुतोष पाण्डेय ने जिस व्यक्ति को आर्थिक सहयोग का प्रलोभन दिया था वह व्यक्ति शंकराचार्य जी के शरण में आकर बताई पूरी सच्चाई।

शाहजहांपुर निवासी पत्रकार रमाशंकर दीक्षित ने आज सायं केदारघाट स्थित श्रीविद्या मठ में आकर पत्रकारों के समक्ष यह बताया कि हिस्ट्रीशीटर आशुतोष पाण्डेय ने अपने सहयोगी के माध्यम से फोन पर वार्ता करते हुए कहा कि तुम शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद पर आरोप लगा दो कि वो बद्रीनाथ में हमारी छोटी बच्ची के साथ यौन शोषण किए थे।और हम तुम्हारा आर्थिक सहयोग करेंगे।यह

**■ आशुतोष पाण्डेय ने शंकराचार्य जी को छोटी बच्ची के यौन शोषण के आरोप में फसाने हेतु दिया था प्रलोभन**

जानकारी शंकराचार्य जी और पत्रकारों के समक्ष देते हुए रमाशंकर दीक्षित ने बताया कि हमारे पिताजी भी दंडी सन्यासी थे इसलिए हमारी आत्मा एक दंडी सन्यासी को नही हुई।इसलिए हमने आशुतोष पाण्डेय को बोल दिया कि भगवान ने हमें जितना दिया उतने में हम संतुष्ट हैं हम शंकराचार्य जी को झूठे आरोप में फसाने का पाप नही कर सकते।

इसपर आशुतोष पाण्डेय हमको धमकी देने लगा कि अगर तुम हमारा साथ नही दोगे तो हमारे पास तमाम रास्ता है। रामशंकर दीक्षित ने इस बात को सादे पन्ने पर लिखकर और अपना हस्ताक्षर करके शंकराचार्य जी को सौंप दिया।

## होली मिलन समारोह, पदाधिकारियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया उद्घाटन

लोकतंत्र की आवाज



**सहरसा संवादाता ।** प्रखंड क्षेत्र के नगर पंचायत स्थित होटल शारदा इन में रविवार को पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व पत्रकारों ने होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया। सोनवर्षा में हर वर्ष आयोजित होने वाले इस समारोह में आसपास के सैकड़ों लोग शामिल होते हैं।

समारोह का विधिवत उद्घाटन नगर अध्यक्ष मनीष कुमार, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि संजीव कुमार सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि शेखर पासवान, ईस्ट एंड वेस्ट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के चेयरमैन डॉ. रजनीश रंजन, पूर्व उपप्रमुख कुमार मौलेश सिंह, प्ले एंड लर्न के निदेशक अनुज कुमार सोनू, युवा जदयू के प्रखंड अध्यक्ष धीरज कुमार पंकज, मुखिया प्रतिनिधि नितिश सिंह, एचएम मिठ्ठु रजक सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इस दौरान रीना पंडित व वर्षा कुमारी द्वारा प्रस्तुत भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम ने समां बांध दिया। मौजूद लोगों ने एक—दूसरे को रंग—गुलाल लगाकर होली की धूम मनाई। वरिष्ठ समाजसेवी अजय सिंह ने कहा, "होली एकमात्र ऐसा पर्व है जहां सभी गिले—शिकवे भूलकर एकजुट होते हैं। लेकिन अब कुछ लोग दुश्मनी निकालने लगे हैं, जो इस महान पर्व की महत्ता को कम करता है। इसे सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाना चाहिए।"

## पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर उरई कोतवाली पुलिस ने 11 जुआड़ियों को गिरफ्तार किया

लोकतंत्र की आवाज



**उरई ।** पुलिस अधीक्षक जालौन के कुशल नेतृत्व में कोतबाली उरई पुलिस टीम द्वारा 11 अभियुक्तगणों को जुआ खेलते हुये गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से मालफड़/जामातलाशी तीन लाख, पांच हजार रूपये (3,05,000/— रूपये) आदि बरामद कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

जनपद में अवैध शराब, जुआं, सट्टा की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली उरई पुलिस टीम को संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों व वांछित अपराधियों की चेकिंग के दौरान दिनांक 21.02.2026 को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि वेद प्रकाश पुत्र राजेन्द्र कुमार दीक्षित निवासी कैथा वाली गली मोहल्ला राजेन्द्र नगर कोतवाली आई अपने में कुछ लोगों के साथ जुआ खेल रहे हैं इस सूचना पर कोतवाली उरई टीम द्वारा दबिश देते हुये 11 नफर अभियुक्तगण को ताश के पत्तों से जुआ खेलते हुये मौके से हिरासत में लिया गया। जिनके पास से मालफड़ के रुप मे 2,55,000/— रु० तथा जामातलाशी में 50,000/— रुपये नगद व 52 अदद ताश पत्ता व 03 अदद गड्डी आदि बरामद किया गया। बरामदगी व गिरफ्तारी के सम्बन्ध में कोतवाली आई में मु0 अ0स0 93/26 धारा 4 सार्वजनकि जुआ अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।


लोकतंत्र की आवाज स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन-805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर-9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद-विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।